राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़



10 भारत सामाजिक सुरक्षा समझौते पर अमेरिका...

बाइडन और चिनफिंग राष्ट्रपति के तौर पर बृहस्पतिवार को पांचवी... 12

वर्ष : 10 | अंक : 74 | पटना, शुक्रवार, 29 जुलाई 2022 | श्रावण मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

पोल

राष्ट्रपति पर अभद्र टिप्पणी के लिए क्या अधीर रंजन जा सकते हैं जेल ?

हां	60%
नहीं	30%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	52,190
चांदी	54.,400
संसेक्स	57,368
निफ्टी	18,583

17 वर्ष के युवा भी मतदाता के लिए कर सकते हैं आवेदन, साल में तीन बार मिलेगा मौका

नई दिल्ली, प्रात : किरण।

चुनाव आयोग ने कहा है कि सत्रह वर्ष के अधिक उम्र के युवा अब अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं और अब इसके लिए उन्हें किसी वर्ष की एक जनवरी को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पूर्व अपेक्षित मानदंड की प्रतीक्षा करने की जरूरत नहीं है।आयोग की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद पाण्डेय के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को इस तरह के प्रौद्योगिकी-सक्षम समाधान तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देश में कहा गया है कि युवाओं को न केवल एक जनवरी को बल्कि एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर के संदर्भ में भी अपने अग्रिम आवेदन दाखिल करने की सुविधा मिल सकेगी।

चुनाव आयोग

- इस बिल में एक प्रावधान है जिसके तहत नया आवेदक पहचान के उद्देश्य से निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी को आधार संख्या दे सकता है।
- बिल में कहा गया है कि कोई भी आवेदन इस आधार पर खारिज नहीं होगा और न ही वोटर लिस्ट से इसलिए किसी का नाम कटेगा कि उसने आधार नहीं दिया है।

साल में तीन बार आवेदन की सुविधा

पहले युवाओं को 18 साल की उम्र पूरी होने के बाद वोटर लिस्ट से नाम जुड़वाने का आवेदन करने के लिए 1 जनवरी का इंतजार करना पड़ता था। वहीं, अब 17 साल से अधिक होते ही वे साल में तीन बार 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को अप्लाई कर सकेंगे। नए निदेर्शों के मुताबिक वोटर लिस्ट हर तिमाही में अपडेट होगी। वहीं, पात्र युवाओं का नाम अगली साल की तिमाही में वोटर लिस्ट में जोड़ दिया जाएगा।

वोटर कार्ड भी आधार से होगा लिंक

चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को आधार से लिंक करने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए 1 अगस्त 2022 से 31 दिसंबर 2022 तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान में वोटर लिस्ट में शामिल हर नाम का आधार नंबर लेकर उसे आधार से लिंक किया जाएगा। वोटर लिस्ट को आधार से लिंक करने का फायदा यह है कि सूची में कोई डुप्लीकेट नाम नहीं रहेगा। वहीं जिन वोटर्स के पास आधार नंबर नहीं है उन्हें शपथ पत्र देना होगा।

एक रोटी के लिए की दोस्त की हत्या

नई दिल्ली दिल्ली के करोल बाग से इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने रोटी न देने पर अपने ही दोस्त की हत्या कर दी। मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के मुन्ना के रूप में हुई है, वो दिल्ली में रिक्शा चलाकर अपने परिवार का गुजारा करता था। चश्मदीद गवाह लखन ने पुलिस को बताया कि 26 जुलाई की रात करीब 10 बजे मुन्ना अपने दोस्त फिरोज खान के साथ ढाबे पर खाना खाने आया था।

राष्ट्रपति का अपमान संसद में घमासान

सोनिया-स्मृति के बीच नोकझोंक, केन्द्रीय मंत्री से सोनिया बोलीं- 'डोंट टॉक टु मी'

नई दिल्ली, प्रात : किरण

भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गुरुवार को कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी पर हमला करते हुए उन पर राष्ट्र पति द्रौपदी मुर्मू के अपमान का आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस से इस मामले में माफी की मांग की। भाजपा सांसदों ने इस मामले में संसद परिसर में प्रदर्शन भी किया। उन्होंने कांग्रेस को आदिवासी, गरीब और महिला विरोधी पार्टी बताया और आरोप लगाया कि द्रौपदी मुर्मू को जब राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया तभी से कांग्रेस उनका उपहास कर रही है और इस क्रम में उसने उन्हें कभी कठपुतली तो कभी अशुभ और अमंगल का प्रतीक कहा। स्मृति ईरानी ने कहा कि सोनिया गांधी जी द्वारा नियुक्त नेता सदन अधीर रंजन चौधरी ने द्रौपदी मुर्मू जी को राष्ट्र की पत्न ी के रुप में संबोधित किया। ये जानते हुए भी कि ये संबोधन भारत के हर मूल्य, हर संस्कार के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि ये संबोधन उस सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा के खिलाफ है, तब भी कांग्रेस के इस पुरुष नेता ने ये घृणित कार्य किया।

ऐसे हुई तकरार

सोनिया गांधी जब संसद परिसर में थीं तो भाजपा की महिला सांसदों ने उन्हें रोककर बात करनी शुरू की। सांसद रमा देवी ने सोनिया से कहा- आपके सांसद अधीर रंजन राष्ट्रपति के बारे में कैसे बयान दे रहे हैं। इस पर सोनिया ने कहा- अधीर रंजन ने माफी मांग ली है, लेकिन इस मामले में मेरा नाम क्यों लिया गया? वहां मौजूद स्मृति ईरानी ने कहा- मैडम मैं आपकी मदद कर सकती हूं, मैंने आपका नाम लिया था। इस पर सोनिया ने कहा- 'डोंट टॉक टु मी'। बस इसके बाद दोनों के बीच तू-तू, मैं-मैं शुरू हो गई। बहस बढ़ती देख सोनिया वहां से चली गईं। उनके जाने के बाद भाजपा की महिला सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी।

इसलिए नाराज हुईं सोनिया

कांग्रेस के लोकसभा सांसद अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को संसद परिसर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'राष्ट्रपत्नी' कहा था। इस पर भाजपा की महिला सांसदों ने गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा किया। सदन में स्मृति ने अधीर रंजन के बयान के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया और सोनिया गांधी से माफी मांगने को कहा। स्मृति यहीं नहीं रुकीं। संसद की कार्यवाही स्थगित होने के बाद उन्होंने मीडिया से कहा- अधीर रंजन अपने बयान पर इसलिए माफी नहीं मांग रहे हैं, क्योंकि उनके बयान पर सोनिया की रजामंदी है।

नाम लेने से शुरू हुई बहस

सोनिया, रमा देवी से: मेरा नाम क्यों लिया गया?

स्मृति: मैंने लिया था नाम, बताएं? सोनिया: डोंट टॉक टु मी

कांग्रेस अध्यक्ष ने स्मृति का धमकाया : निर्मला

- कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी का 'राष्ट्रपत्न ी' कहने का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अधीर रंजन के अलावा सत्ता पक्ष के सांसद कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के व्यवहार को लेकर भी आक्रोश में हैं। सोनिया गांधी ने कड़े लहजे में भाजपा सांसद स्मृति ईरानी को डोंट टॉक टू मी कहा था। अब इस पर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी ने हमारी पार्टी की एक महिला सांसद को डराया और धमकाया।

बुरे फंसे अधीर रंजन

राष्ट्रपत्नी वाले बयान पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन बुरी तरह फंसते नजर आ रहे हैं। संसद में भारी हंगामे के बाद अब महिला आयोग ने इस मुद्दे पर उन्हें नोटिस थमाया है। महिला आयोग ने कहा कि कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने और अपनी टिप्पणी के लिए लिखित स्पष्टीकरण देने के लिए एक नोटिस भेजा है। सुनवाई 3 अगस्त को सुबह 11:30 बजे निर्धारित की गई है।

राष्ट्रपति से मांगेंगे माफी: अधीर

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से माफी मांगने के लिए तैयार हो गए हैं। साथ ही उन्होंने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से इस पूरे प्रकरण में कांग्रेस पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को नहीं घसीटने की अपील की है। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रपति का अपमान करने के बारे में सोच भी नहीं सकता हूं। यह सिर्फ एक गलती थी। अगर राष्ट्रपति को बुरा लगा तो मैं व्यक्तिगत रूप से उनसे मिलूंगा और माफी मांगूंगा। वे चाहें तो मुझे फांसी दे सकते हैं। मैं सजा भुगतने के लिए तैयार हूं, लेकिन सोनिया गांधी को इसमें क्यों घसीटा जा रहा है?

डीजल अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से

बिहार सरकार ने सूखे की स्थिति देखते हुए डीजल अनुदान देने का लिया फैसला

पटना, प्रात : किरण

प्रदेश में सूखे की स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने पटवन के लिए डीजल पर प्रति लीटर 60 रुपया अनुदान देने का फैसला किया है। किसान इसके लिए शुक्रवार यानी आज से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उक्त जानकारी कृषि मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि फिलहाल एक एकड़ की सिंचाई के लिए किसी किसान को अधिकतम छह सौ रुपया डीजल अनुदान मद में दिया जाएगा। अधिकतम आठ एकड़ तक की सिंचाई के लिए डीजल अनुदान का लाभ मिल सकता है। यह अनुदान धान का बिचड़ा एवं जूट फसल की अधिकतम दो सिंचाई के लिए 1200 रुपये प्रति एकड़ दिया जाएगा। खड़ी फसल में धान, मक्का एवं अन्य खरीफ फसलों में दलहनी, तेलहनी, मौसमी सब्जी, औषधीय एवं सुगन्धित पौधे की अधिकतम तीन सिंचाई के लिए 1800 रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान दिया जाएगा। किसी भी किसान को आठ एकड़ तक की सिंचाई के लिए अनुदान देने का फैसला किया गया है। मंत्री ने बताया कि दूसरे की जमीन पर खेती करने वालों (गैर-रैयतों) को भी डीजल अनुदान दिया जाएगा। संबंधित वार्ड सदस्य एवं कृषि समन्वयक उनकी पहचान करेंगे। सत्यापित करते समय यह ध्यान रखा जाएगा कि वास्तविक जोतदार को ही अनुदान का लाभ मिले। इस योजना का लाभ आनलाइन पंजीकृत किसानों को ही दिया जायेगा। अधिकृत पेट्रोल पंप से डीजल की खरीद होगी। पावती पर किसानों का 13 अंकों का पंजीकरण संख्या अंकित रहेगा। डीजल की खरीद सिंचाई के लिए होगी, इसकी जांच कृषि समन्वयक करेंगे। योजना का लाभ 29 जुलाई से 30 अक्टूबर 2022 तक मिलेगा। सिंह ने कहा कि इसके साथ अल्पवधि के वैकल्पिक फसलों की बीजों की व्यवस्था के लिए राज्य सरकार द्वारा 30 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। जिसके अन्तर्गत अल्पावधि धान, कुछ दलहनी एवं सब्जी के बीज का वितरण कर अनाच्छादित रकबा को आच्छादित करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एक जून से 28 जून जून तक राज्य में औसत से 41 प्रतिशत तथा एक जुलाई से 28 जुलाई तक औसत से 66 प्रतिशत सामान्य से कम वर्षा हुई है।

बिहार में वज्रपात से 11 लोगों की मौत पर सीएम नीतीश ने जताई संवेदना

पीड़ित परिजनों को 4-4 लाख अनुग्रह राशि देने का दिया निर्देश

पटना, प्रात : किरण

कल देर शाम से आज तक वज्रपात से कैमूर में 03, गया में 03, नवादा में 02, रोहतास में 01, बक्सर में 01 एवं बांका में 01 व्यक्ति की मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मर्माहत हैं और उन्होंने प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने सभी मृतक के परिजनों को तत्काल चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। साथ ही मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

भारी बारिश व वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी

पटना, प्रातः किरण। प्रदेश के कई जिलों में मानसून की स्थिति कमजोर है। वहीं, कई जिलों में मानूसन की सक्रियता से झमाझम बारिश हो रही है। बारिश से किसानो के चेहरे पर मुस्कारन लौटी है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, 31 जुलाई तक पटना समेत प्रदेश भर में सावन झूम-झूम के बरसेगा। इधर, आपदा विभाग ने अलर्ट जारी किया है। पटना समेत 3 जिलों में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जतायी गयी है। पटना, अरवल और भोजपुर के कई इलाकों में तेज बारिश और वज्रपात को लेकर आपदा प्रबंधन विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

संक्षिप्त खबर

अड़गड़ानंद के आश्रम में चली गोली एक साधु की मौत, दूसरा घायल

मिर्जापुर। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में स्वामी अड़गड़ानंद के आश्रम में गोली चलने से एक साधु की मौत हो गई वहीं, दूसरे साधु घायल हो गए। घायल साधु को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। पुलिस इस घटना को सुसाइड मान रही है। वहीं, आश्रम से 315 बोर के दो तमंचे भी बरामद हुए हैं। जानकारी के अनुसार, चुनार थाना क्षेत्र में स्वामी अड़गड़ानंद का शक्तेसगढ़ में आश्रम है। इस आश्रम में सैकड़ों की संख्या में सेवादार व साधु-संत रहते हैं। गुरुवार सुबह अचानक आश्रम में गोली चलने की आवाज आई तो सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। क्षेत्राधिकारी नित्यानंद राय के नेतृत्व में चुनार कोतवाली पुलिस आश्रम पहुंची और घटना को लेकर जांच शुरू की। घटना के संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी का कहना है कि घटना किन वजहों से घटी, इसकी जांच की जा रही है। वहीं कहा जा रहा है कि आश्रम में शिष्यों के बीच आपस में वर्चस्व को लेकर घटना हो सकती है।

तीन और सांसद राज्यसभा से निलंबित

नई दिल्ली राज्य सभा की कार्यवाही में बाधा डालने और शोरगुल करने की वजह से गुरुवार को आम आदमी पार्टी के सदस्य सुशील कुमार गुप्ता सहित तीन और सांसदों को उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने सदन से निलंबित कर दिया है। ये सांसद इस सप्ताह की शेष अवधि के लिए निलंबित रहेंगे। सुशील कुमार गुप्ता के अलावा इन्हीं के पार्टी के संदीप पाठक और निर्दलीय सांसद अजीत कुमार भुयान पर कार्रवाई की गई है। संसद के चल रहे मानसून सत्र के दौरान अब तक 23 राज्यसभा सांसद और 4 लोकसभा सांसद समेत कुल 27 सांसदों को निलंबित किया जा चुका है। 20 निलंबित राज्यसभा सांसद संसद में गांधी प्रतिमा के पास 50 घंटे के विरोध पर हैं, वे सदन में गतिरोध को लेकर केंद्र को निशाना बना रहे हैं।

आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम, 12 गिरफ्तार

गुवाहाटी असम पुलिस ने बांग्लादेश के आतंकी संगठन अंसारुल इस्लाम से जुड़े 12 जिहादियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि एक दिन पहले ही असम पुलिस ने एक स्लीपर सेल का भंडाफोड़ किया था। वह बांग्लादेशी आतंकी को अपने घर में पनाह दे रहा था। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने कई जगहों पर आतंकी ठिकानों का भंडाफोड़ किया है। ऑपरेशन अब भी जारी है। अंसारुल इस्लाम आतंकी संगठन की जड़ें कई देशों में फैली हुई हैं।

भाजपा की नजर प्रदेश की 200 सीटों पर, तैयारी शुरू

पटना, प्रात : किरण

- 30-31 को होने वाली राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक को लेकर तैयारी जोरों पर
- जरुरत पड़ी तो 243 सीटों पर भी पार्टी कार्यक्रम निर्धारित करेगी : द्विवेदी

भारतीय जनता पार्टी की 30-31 जुलाई को सभी मोर्चों की होने वाली राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक को लेकर तैयारी जोरों पर है। कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने के लिए बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह 31 जुलाई को पटना पहुंचेंगे। पटना पहुंचने पर दोनों नेता पार्टी के सांगठनिक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। इस बैठक को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं। इस बीच बिहार पहुंचने वाले राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों का बिहार के विभिन्न विधानसभा में दौरा शुरू हो चुका है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बैठक में शामिल होने के लिए बिहार पहुंचने वाले पार्टी के सभी नेताओं को दो दिनों तक गांवों में प्रवास करना है। इन दो दिनों में बीजेपी के नेता गांव गांव जाकर सरकार और संगठन के कामकाज की पड़ताल करेंगे। 28 और 29 जुलाई को पार्टी के विभिन्न मोर्चों के नेता बिहार के 200 विधानसभा में प्रवास कर बैठक करेंगे और लोगों से संवाद स्थापित करेंगे। राष्ट्रीय कार्यसमिति में शामिल होने के लिए पटना पहुंचे बिहार बीजेपी के सह प्रभारी हरिश द्विवेदी ने गुरूवार को कहा है कि फिलहाल 200 विधानसभा को चिन्हित किया गया है लेकिन आनेवाले समय में अगर जरुरत पड़ी तो बाकि बचे 43 सीटों में भी पार्टी कार्यक्रम निर्धारित करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की रणनीत के तहत 200 विधानसभा का चयन किया गया लेकिन अगर आवश्यकता पड़ी तो बाकी विधानसभा क्षेत्रों का भी चयन करेंगे। वहीं उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शामिल नहीं होने के सवाल पर कहा है कि कोरोना का संक्रमण किसी को भी हो सकता है।

एक रोटी के लिए की दोस्त की हत्या

नई दिल्ली, प्रातः किरण। दिल्ली के करोल बाग से इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने रोटी न देने पर अपने ही दोस्त की हत्या कर दी। मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के मुन्ना के रूप में हुई है, वो दिल्ली में रिक्शा चलाकर अपने परिवार का गुजारा करता था। चश्मदीद गवाह लखन ने पुलिस को बताया कि 26 जुलाई की रात करीब 10 बजे मुन्ना अपने दोस्त फिरोज खान के साथ ढाबे पर खाना खाने आया था। दोनों साथ बैठकर खाना खा रहे थे, तभी फिरोज ने मुन्ना से रोटी और सब्जी मांगी। इस पर मुन्ना ने रोटी-सब्जी दे दी। कुछ देर बाद फिरोज ने मुन्ना से दोबारा एक रोटी मांगी, इस पर मुन्ना ने मना कर दिया।

पीओके से गुजरने वाली परियोजनाओं से कोई अन्य देश न जुड़े, यह भारत की सम्प्रभुता की बात है : प्रवक्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में इस तरह की किसी भी गतिविधि पर हम पहले से ही आपत्ति करते रहे हैं।

भारत ने बृहस्पतिवार को एक बार फिर स्पष्ट किया कि सम्पूर्ण जम्मू कश्मीर और लद्दाख उसका (भारत) अभिन्न हिस्सा है और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरने वाली परियोजनाओं से कोई अन्य देश न जुड़े क्योंकि यह उसकी संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता से जुड़ा विषय है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इस विषय पर पूछे जाने पर साप्ताहिक प्रेस वार्ता में यह बात कही। प्रवक्ता ने कहा कि विदेश मंत्रालय ने इस विषय पर पिछले दिनों बयान जारी किया है जिसमें कहा गया है कि उसने तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) से जुड़ी परियोजनाओं में अन्य देशों की प्रस्तावित भागीदारी को प्रोत्साहित किए जाने की खबरें देखी हैं तथा सीपीईसी के तहत इस प्रकार की गतिविधियां "स्वाभाविक रूप से अवैध, अनुचित और अस्वीकार्य" हैं। बागची ने कहा कि इस संबंध में किसी भी पक्ष का इस प्रकार का कोई भी कदम भारत की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में इस तरह की किसी भी गतिविधि पर हम पहले से ही आपत्ति करते रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि हमारा कहना है कि कोई भी तीसरा देश इससे नहीं जुड़े क्योंकि हम पहले से ही चेतावनी दे रहे हैं कि यह हमारी सम्प्रभुता का विषय है। बागची ने कहा कि हम जो कहना चाहते हैं, वह पूरी तरह से स्पष्ट है। यह पूछे जाने पर कि किसी देश के जुड़ने पर क्या कार्रवाई की जायेगी, उन्होंने कहा कि इस बारे में वे कोई अटकलबाजी नहीं करना चाहते हैं।

भूमिका पंचायती राज विभाग ने जनप्रतिनिधियों को सौंपी बड़ी जिम्मेवारी....

बाल विवाह पर मुखिया जी भी रखेंगे नजर

बाल विवाह एवं दहेज प्रथा को खत्म करना अनिवार्य : सम्राट चौधरी

पटना, प्रात : किरण

राज्य सरकार ने मुखिया और जनप्रतिनिधियों को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। बाल विवाह एवं दहेज उन्मूलन में मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की भागीदारी एवं भूमिका तय होगी। इसे रोकने वाले मुखिया एवं अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव मिहिर कुमार सिंह ने गुरुवार को जिलाधिकारियों, जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों और जिला पंचायत पदाधिकारियों को पत्र भी लिखा है। इस संबंध में पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बाल विवाह एवं दहेज प्रथा गंभीर सामाजिक बुराई है, जिसे दूर किये बिना सशक्त समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा 22 एवं धारा 47 (20) के अंतर्गत क्रमशः ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति को महिला एवं बाल कार्यक्रमों में सहभागिता करने का दायित्व सौंपा गया है। इसे सुनिश्चित कराने का निर्देश जिलों को दिया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि बाल विवाह एवं दहेज जैसी कुप्रथा के खिलाफ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाज सुधार अभियान चला रहे हैं। पंचायती राज विभाग का अभियान उसी का हिस्सा है। चौधरी ने कहा कि ग्राम सभा एवं वार्ड सभा की बैठक के एजेंडा में बाल विवाह पर रोक एवं दहेज उन्मूलन का बिन्दु अनिवार्य रूप से शामिल रहेगा। बैठकों में बाल विवाह एवं दहेज से होने वाले हानियों और दुष्प्रभावों की चर्चा की जाएगी ताकि आमजन इन विषय पर संवेदनशील रहें। पंचायत समिति एवं जिला परिषद की सामान्य बैठकों में भी इन विषयों पर चर्चा होगी। अभियान को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई जाएगी। ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद की सामाजिक न्याय समिति भी बाल विवाह प्रतिषेध एवं दहेज उन्मूलन के बिन्दु पर अपनी बैठकों में चर्चा करेगी। अभियान की सफलता के लिए ग्राम पंचायतों को अपनी अनुशंसाएं देगी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की सूचना मिलते ही वार्ड सदस्य एवं मुखिया संबंधित परिवार के अभिभावकों को बाल विवाह न करने की सलाह देंगे। अभिभावक राजी नहीं हुए तो स्थानीय थाना एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी को तुरंत सूचना देंगे। विवाह रोकने में उनका सहयोग करेंगे। जिलाधिकारी भी इस मामले में दखल करेंगे।

संक्षिप्त खबरें

पुरानी विवाद को लेकर हुई दो पक्षो के बीच मारपीट में पांच घायल, एक रेफर

पालीगंज। बुधवार की देर शाम थाना क्षेत्र के खपुरा गांव में पुरानी विवाद को लेकर दो पक्षो के बीच जमकर मारपीट हो गयी। जिसके दौरान पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम पालीगंज थाना क्षेत्र के खपुरा गांव में धनेश्वर महतो व दीपनारायण महतो के बीच जमकर मारपीट हो गयी। जिसके दौरान एक पक्ष के 14 वर्षीय वाशु कुमार, 16 वर्षीय मन्शु कुमारी, 17 वर्षीय अंशु कुमारी व इंदु देवी गम्भीर रूप से घायल हो गया। जबकि दूसरे पक्ष के दीपनारायण महतो गम्भीर रूप से घायल हो गया। सभी घायलों को इलाज के लिए पालीगंज अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां से घायल इंदु देवी की गम्भीर स्थिति को देख डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद पटना पीएमसीएच भेज दिया। जबकि अन्य सभी घायलों का इलाज पालीगंज अनुमंडल अस्पताल में किया गया। इस मामले में पालीगंज इंस्पेक्टर विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की सूचना मिली है जांच किया जा रहा है।

जल संसाधन मंत्री करेंगे इंद्रपुरी बराज व दुर्गावती जलाशय योजना का निरीक्षण

इस योजना से कैमूर और रोहतास जिले के किसानों को मिलती है सिंचाई सुविधा

जी पी सोनी, कैमुर

बिहार सरकार के जल संसाधन तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री संजय कुमार झा शुक्रवार से दक्षिण बिहार के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान शुक्रवार को वे दक्षिण बिहार के कई जिलों में फैली सोन नहर प्रणाली में जल उपलब्ध कराने के लिए निर्मित इंद्रपुरी बराज का स्थल निरीक्षण करेंगे।

साथ ही, पटना मुख्य नहर के किमी 57.6 के पास बलिदाद लॉक के अलावा सोन नहर प्रणाली के कई स्थानों पर जाकर पानी की उपलब्धता का जायजा लेंगे। इसके उपरांत वे इंद्रपुरी बराज के निरीक्षण भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सोन नहर प्रणाली में जल की उपलब्धता तथा दक्षिण बिहार में सिंचाई सुविधाओं की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा करेंगे। मंत्री संजय कुमार झा अगले दिन शनिवार को दुर्गावती जलाशय योजना का स्थल निरीक्षण करने जाएंगे। उल्लेखनीय है कि सोन नदी मध्य प्रदेश से शुरू होकर, उत्तर प्रदेश, झारखंड और बिहार से गुजरते हुए पटना के पास गंगा नदी में मिलती है। रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड के इंद्रपुरी में सोन नदी पर निर्मित इंद्रपुरी बराज (जिसे सोन बराज भी कहा जाता है) की गिनती दुनिया के कुछ लंबे बराजों में होती है। इसकी लंबाई 1,407 मीटर (4,616 फीट) है। इस महत्वपूर्ण बराज के जरिये ही दक्षिण बिहार की महत्वपूर्ण सोन नहर प्रणाली में जल छोड़ा जाता है।

इंद्रपुरी बराज से रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, गया, अरवल, पटना, बक्सर, भोजपुर आदि जिलों के किसानों को लाभ होता है। जल संसाधन मंत्री अपने दक्षिण बिहार दौरे के दूसरे दिन दुर्गावती जलाशय योजना का स्थल निरीक्षण करेंगे और इसमें

कार्यक्रम

- सोन नहर प्रणाली में जल की उपलब्धता और दक्षिण बिहार में सिंचाई की स्थिति की समीक्षा हेतु दौरे पर निकले हैं मंत्री संजय झा

जल की उपलब्धता तथा विभाग की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। दुर्गावती जलाशय योजना से कैमूर और रोहतास जिले के किसानों को सिंचाई सुविधा मिलती है। बताते चलें कि कैमूर के किसान पहले से ही बरसाना होने की वजह से सूखे एवं अकाल की चिंता से बेहाल हुए जा रहे हैं ऐसे में जल संसाधन मंत्री का यह दौरा उनकी समस्याओं को कितना दूर कर पाता है यह देखने वाली बात होगी उनके इस दक्षिण बिहार के दौरे से कैमूर के किसानों को थोड़ी उम्मीद जगी है कि पानी की विकराल समस्या मंत्री जी के आगमन से शायद अब दूर हो जाएगी।

डीएम ने विभिन्न सरकारी योजनाओं का किया निरीक्षण

कुदरा (कैमूर), प्रात : किरण संवाददाता

प्रखंड अंतर्गत दिनांक- 28 जुलाई 2022 को जिला पदाधिकारी नवदीप शुक्ला द्वारा, चिलबिली पंचायत में सरकार द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा निम्न बिंदुओं पर अवलोकन कर दिशानिर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय नाथोपुर का निरीक्षण किया गया,बच्चे पढ़ाई कर रहे थे।

जिला पदाधिकारी द्वारा बच्चों के बीच बैठकर शैक्षणिक गुणवत्ता को भी परखा गया,और सुधार के संबंध में शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा ग्राम नाथोपूर वार्ड संख्या 3 में गली नाली योजना का कार्य देखा गया । योजना का क्रियान्वयन संतोषजनक पाया गया। नल जल योजना अंतर्गत नाथोपुर ग्राम में वार्ड 3 का निरीक्षण किया गया। कुछ घरों में जलापूर्ति नहीं हो रही थी , जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी को तत्काल जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। जन वितरण प्रणाली केंद्र के निरीक्षण के क्रम में लोगो द्वारा बताया गया कि नियमित वितरण होता है। जिला पदाधिकारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कुदरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा माडल आंगनवाड़ी केंद्र नाथोपुर का निरीक्षण किया गया,बच्चे ड्रेस में थे। जिला पदाधिकारी द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम नाथोपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अमृत सरोवर निर्माण से संबंधित योजना का निरीक्षण किया गया और संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

जाम से निपटने के लिए तैयार होगा रोड प्लान : एसडीओ धनंजय

भागलपुर । अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार ने जीरो माइल थाना के आस पास स्थल पर पहुंच लिया जायजा इस दौरान अतिक्रमण करने वाले स्थानीय दुकानदार व फुटकर दुकानदार हिदायत की साथ ही उन्होंने स्थानीय प्रशासन को अतिक्रमण हटाने की कवायद शुरू करने के निर्देश भी दिये हैं। ज्ञात हो कि जीरोमाइल थाना के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर जब्त किए वाहनों के रखरखाव के बजह से चौराहा पर होने पर सड़क मार्ग के किनारे जप्त गाड़ीयों को रखने के कारण आने जाने वाले गाड़ी को परिचालन करने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना परता है, उक्त सड़क मार्ग सकरा होने के कारण कभी भी किसी समय बड़ी घटना घटित हो सकती है। जिसकी जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी को मिलते ही जीरोमाइल थाना पर पहुंच कर स्थिति पर जायजा लिया जहां पर उनके द्वारा बताया गया की जीरोमाइल चौराहा पर लगातार जाम की समस्या बनी रहती है। जिसकी जानकारी आए दिन मिलती रहती है, वर्तमान स्थिति को देखकर प्लान बनाकर जाम से निजात दिलाने की कवायद शुरू करने की बात कही है।

मां नंदी फाउंडेशन ने दिव्यांगों के लिए कार्यक्रम किया आयोजित

भागलपुर, प्रात : किरण संवाददाता

- तीन दिव्यांगों को संस्था के द्वारा दिया गया व्हील चेयर, बीपीएससी की तैयारी करने वाली महिलाओं को बांटी किताबें

मां नंदी फाउंडेशन के द्वारा दिव्यांगों के लिए स्थानीय सैंडिस कंपाउंड स्थित जयप्रकाश उद्यान परिसर में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगों को 3 व्हील चेयर भेंट की गई, साथ ही बीपीएससी की तैयारी में जुटी महिलाओं को पुस्तकें भी दी गई,जिससे वह पढ़ाई कर सकें।

ज्ञात हो कि मां नंदी फाउंडेशन एक एनजीओ है, जो नीति आयोग और इनकम टैक्स पर काम करती है। संस्था राज्य ही नहीं बल्कि राष्ट्र लेवल पर भी काम करती है, कार्यक्रम में कई लोगों को मुफ्त में औषधिय पौधे भी भेंट की गई है। साथ ही साथ संस्थान के द्वारा एक पत्रिका निर्गत की गई है, जिसमें लोगों के मौलिक अधिकार के बारे में बताया गया है। उक्त पुस्तिका के बारे में कई जानकारी लोगों के साथ साझा की। कार्यक्रम को संचालित करते हुए संस्थान की प्रियंका ने बताया कि दिव्यांगों व निसहाय लोगों को सामाजिक जीवन में ढालने की एक पहल की है।

बिहार मे शिक्षा का मालिक भगवान: कुमार बाबु

गया। भाजपा के वरीय नेता सह पूर्व विधान पार्षद कृष्ण कुमार सिंह उर्फ कुमार वाबू ने बिहार की शिक्षा पर बोलते हुए कहा कि बिहार की शिक्षा का मालिक भगवान ही है। बिहार में शिक्षक सामान्य ज्ञान के रुप अभी बिहार के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव एवं उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी बताकर छात्रों को क्या ज्ञान दे रहे हैं। एक पोर्टल न्यूज के अनुसार शिक्षक के स्थान पर दूसरे रिश्तेरिश्तेदार जो अनपढ़ हैं वे लोग छात्रों को ज्ञान बाँट रहे हैं अभी अभी किशनगंज में रविवार की जगह शुक्रवार की छुट्टी की जा रही है।आखिर शिक्षा विभाग में किसका आदेश चलता है, न मंत्री को पता है और नहीं बिहार सरकार के अधिकारी को रही बात शिक्षा में सुधार की तो अब जदयू के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सरकार के महत्वपूर्ण सलाहकार है। शिक्षा में सुधार के लिए मानव संसाधन मंत्री रहते हुए ज्ञान बांटते फिरते थे और अब सरकार के सलाहकार होने पर शिक्षा पर कोई बात भी नहीं करते हैं। बिहार में शैक्षणिक व्यवस्था सुधारने के लिए जरुरी कदम उठाने चाहिए।

विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

भागलपुर, प्रात : किरण संवाददाता

- प्रदर्शनकारियों ने वर्तमान जीएम को कहा चोर व भ्रष्ट

बीएसएनएल कार्यालय परिसर में ऑल इंडिया एंड एसोसिएशन जिला भागलपुर शाखा के बैनर तले कर्मचारियों ने अपनी कई मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारी ऑल इंडिया एंड एसोसिएशन के जिला सचिव सुनील प्रसाद सिंह ने कहा संसद में सरकार 5G की बात करती है, लेकिन बीएसएनल कंपनी को 4G की सेवा नदारद है। उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार सिर्फ और सिर्फ कर्मचारियों के साथ-साथ आम लोगों को भी ठगने का काम कर रही है । वहीं उन्होंने वर्तमान एजीएम के विरुद्ध आरोप मढ़ते हुए चोर और भ्रष्ट कहा है। उनका कहना है कि काम हमलोग करते हैं और सारा श्रेय वर्तमान जीएम को मिलता है।भागलपुर के बीएसएनएल कार्यालय में कर्मचारियों के द्वारा एक दिवसीय प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, और इस प्रदर्शन में जीएम के खिलाफ जमकर कर्मचारियों ने नारेबाजी की, कर्मचारियों ने अपने कई मांगों को लेकर हल्ला बोल प्रदर्शन किया है।प्रदर्शनकारियों की मांग है कि वेतन रिवीजन ,पेंशन रिवीजन, 4जी और 5ऋका लाइसेंस, जमा पूंजी 33 हजार करोड़ वापस हो, 14000 टावर को बेचना बंद किया जाए, इसके अलावा सरकार के से पब्लिक और कर्मचारी को बीएसएनल रिवाइवल के नाम पर बरगलाना बंद किया जाए। ऐसे कई मुद्दों को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी रहा है।

मिशन 2024 को लेकर विधायक ने की भाजपा कार्यकर्त्ताओं संग बैठक

हाजीपुर , प्रात : किरण संवाददाता

- अजा एवं जनजाति कल्याण विभाग के सचिव देवेश सेहरा ने किया पातेपुर का दौरा

पातेपुर भाजपा कार्यालय परिसर में स्थानीय विधायक लखेन्द्र पासवान की अध्यक्षता में विधानसभा स्तरीय सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्त्ताओ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थानीय भाजपा विधायक लखेंदर कुमार रौशन के साथ हीं मुख्य अतिथि के रूप में अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बेलजी भाई काजी भाई मसानी उपस्थित थे। बैठक में पटना में 30 जुलाई को आयोजित सभी मोर्चों की कार्यकारणी की बैठक की सफलता पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक लखेंदर कुमार रौशन ने कहा कि पुरे देश भर से सभी मोर्चों के750अध्यक्षों के साथ पार्टी के वरिय पदाधिकारी के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं एवं 2045 तक भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को और अधिक मजबूत करें। श्री रौशन ने बताया कि पार्टी द्वारा सभी मोर्चा के अध्यक्षों को प्रत्येक विधानसभा में जाकर सरकार की लाभकारी योजनाओं के लाभान्वित होने वाले लाभुकों से सीधी मुलाकात कर जानकारी लेने एवं सरकार की योजनाओं के बारे में बताने का निर्देश दिया है। इसके लिए दो दिन तक विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का दौरा करने एवं उसके संबंध में जानकारी देने का निर्देश दिया है।वहीं विधायक श्री रौशन ने लोकसभा चुनाव की तैयारी में भी जुट जाने की कार्यकताओं से अपील की। बैठक के समापन के बाद विधायक लखेंदर कुमार रौशन एवं अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बेलजी भाई काजी भाई मसानी ने पातेपुर बाजार स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया एवं क्षेत्र में कई निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यकताओं से सीधा संवाद किया।इस दौरान भाजपा के दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रह।

भाजपा गया जिला संवास कार्यक्रम कई प्रखंड मे

गया। गया जिला भाजपा मोर्चा के द्वारा सात विधानसभा में प्रवास और संवाद का कार्यक्रम शुरू हो गया है गुरुवार को विभिन्न विधानसभा में विभिन्न मोर्चा के द्वारा कार्यक्रम आयोजित की गई है। किसान मोर्चा के द्वारा टिकारी विधानसभा के प्रमुख लोगों से मुलाकात कर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई हैवही युवा मोर्चा के नेतृत्व में वजीरगंज विधानसभा में अनेकों कार्यक्रम आयोजित की गई है। इमाम गंज और बोधगया विधानसभा में अनुसूचित जाति मोर्चा के नेतृत्व में बाईक रैली सहित लाभार्थियों से मिलकर मोदी को गरीब कल्याण योजनाओं के लिए धन्यवाद दिया। पिछड़ा मोर्चा के नेतृत्व में गुरुआ और अतरी विधानसभा में मोर्चा की बैठक सहित संवाद कार्यक्रम आयोजित की गई है। महिला मोर्चा के नेतृत्व में गया शहरी विधानसभा के अन्तर्गत बैठक, लाभार्थियों से मिलने का कार्यक्रम जारी है।

पीएनबी के सीएसपी से दो लाख रुपये की चोरी, तीन हिरासत में

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

- एक लाख 42 हजार बरामद

बिदुपुर थाने के मझौली स्थित पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र का खिड़की काट कर लगभग दो लाख रुपये चुरा लिए गए। इस मामले में ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा शक के आधार पर गांव के तीन युवकों को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। इन तीनों युवकों में से दो के पास से ग्रामीणों ने एक लाख 42 हजार रुपये बरामद भी किया।

ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक सुधांशु कुमार ने बताया कि रविवार की रात ग्राहक सेवा केंद्र के खिड़की काट कर सीएसपी के चेस्ट में रखे लगभग दो लाख रुपये चोरी कर लिया गया । चोरी के शक की निगाह गांव के सत्यजीत कुमार उर्फ अमन, दीपक कुमार, एव विशाल कुमार पर गयी। तीनों को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ किया ।इस क्रम में सत्यजीत उर्फ अमन के पास से एक लाख रुपये जबकि दीपक के पास से 42 हजार रुपये बरामद किये गए। हमलोगों ने तीनों को बिदुपुर थाने के हवाले सौपा मामले में सीएसपी संचालक सुधांशु कुमार ने हिरासत में लिए सत्यजीत कयमर उर्फ अमन, दीपक कुमार एव विशाल कुमार के विरुद्ध बैंक का खिड़की काट कर चोरी का आरोप लगाते हुए बिदुपुर थाने में लिखित शिकायत की थानाध्यक्ष धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि एफआईआर की करवाई की जा रही है जांचोपरांत आगे की करवाई की जाएगी ।

ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

महनार रोड स्टेशन से हाजीपुर जाने के लिए बुधवार को घर से निकला व्यक्ति का ट्रेन से कटकर मौत की घटना घटने का मामला प्रकाश में आया है ।मिली जानकारी के अनुसार चमरहरा पंचायत अंतर्गत दारापुर गांव निवासी स्व लेखाराम का 49 वर्षीय पुत्र रविन्द्र राम बुधवार की सुबह वाली सवारी गाड़ी से हाजीपुर जाने के लिए महनार रोड स्टेशन पर गाड़ी पकड़ा था रविन्द्र जब बुधवार को घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी खोज में घर से निकले।

इस दौरान उन्हें पता चला कि एक व्यक्ति की खुर्द सहदेई रेल फाटक के पास ट्रेन से गिरकर मौत हुई है तो परिजन सहदेई ओपी पहुंचे और वहां पर मृतक का फोटो देखा तो उन्हें कुछ-कुछ शक हुआ कि यह व्यक्ति रविन्द्र हो सकता है। इसके आधार पर परिजन हाजीपुर सदर अस्पताल पोस्टमार्टम वाले जगह पर जाकर शव को देखकर पहचान किया कि यह शव रविन्द्र का हीं है। बताया गया कि रविन्द्र के पास से महनार रोड से हाजीपुर जंक्शन का टिकट भी मिला है। रविन्द्र की मौत की खबर घर पर मिलते हीं कोहराम मच गया ।रविन्द्र को दो लड़का व दो लड़की है ।पत्नी गीता देवी, दोनों पुत्र व पुत्री सहित परिवार के सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शव घर पहुंचते हीं हर तरफ से रोने की आवाज आने लगी, गांव वालों की भारी भीड़ जमा हो गयी। सबकी आंखे रविन्द्र की मौत से नम थी ।हर तरफ शोक का मातम व्याप्त था ।रविन्द्र के शव का दाह संस्कार महनार गंगा नदी घाट पर किया गया ।रविन्द्र की हुई दर्दनाक मौत पर संजय राम, पूर्व मुखिया उपेंद्र राम, पूर्व सरपंच दिलीप राम, सामाजिक कार्यकर्ता गुड्डू सिंह, कृष्ण कुमार राय, संतलाल राय, संजय कुमार सुमन, उमेश राम आदि लोंगों ने गहरा दुख प्रकट करते हुए रेल प्रशासन से मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग किया है।

मिड डे मिल में छिपकली निकलने की बात पर हंगामा

हाजीपुर, प्रात :किरण संवाददाता

लालगंज नगर क्षेत्र के पुस्तकालय के बगल में राजकीय मध्य विद्यालय में कई घंटों तक हंगामा चलता रहा। बच्चों ने बताया कि मिड डे मिल में छिपकली निकला है और खाना विद्यालय परिसर में हीं फेंक दिया गया है। वहीं प्राचार्य टैगोर जी ने बताया कि ऐसा कुछ नहीं है।

खाना जांच पड़ताल कर के और सुरक्षित रखा जाता है और खाना को खुद खाकर संतुष्ट होने के बाद हीं लिया जाता है। विद्यालय में दो रसोईया भी है नीलम देवी और माला देवी। दोनों ने भी बताया कि रोज की भांति आज भी खाना देख कर हीं लिया गया गया है। वहीं जैसे हीं छिपकिली खाना में निकलने की बात निकली सभी बच्चे और बच्चों के परिजन स्कूल में हंगामा करने लगे। इसी दौरान कुछ बच्चों के पेट में दर्द की शिकायत हुई तो फौरन रेफरल अस्पताल ले जाया गया। देखा देखी लगभग दो दर्जन बच्चे अस्पताल पहुंच गये। जहां डॉ जयराम और अस्पताल प्रभारी सरिता शंकर ने अपने देख रेख में बच्चों का जांच पड़ताल किया।

लेकिन किसी बच्चे में कोई बीमारी नहीं निकली। सभी बच्चे छिपकिली के नाम पर दहशत में आ गये थे। इस मामले में डॉ सरिता शंकर ने बताया कि सभी बच्चे डर गये थे। इन्हें कोई बीमारी नहीं है। वैसे सभी बच्चों को अच्छी तरह जांच कर लिया गया है और ओआरएस दिया गया है।

भाजपा किसान मोर्चा का दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम आरंभ

अरवल, प्रात :किरण संवाददाता

गुरुवार को अरवल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम का शुरूआत किया गया।अरवल पहुंचे राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी श्री रामपाल यादव,,श्री बी पैपीह गौड को भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री दीपक शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत कियापार्टी नेतृत्व के निर्देश के अनुसार बेगूसराय के चिन्हित किए गए दोनो विधानसभा में प्रवास पर आए राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी के साथ कार्यक्रम प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक अभियान में लग गए हैं। जिले के कागजी मोहल्ला महादलित मोहल्ला में लाभुकों से संवाद किया गया, इस दौरान मोदी सरकार द्वारा चलाए गए गरीब जन कल्याण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों व मजदूरों के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए भाजपा पूरी तरह समर्पित है ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नए उंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया। मोदी सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए।इस मौके पर पूरे टीम ने नोनिया तिलहा में वृद्ध आश्रम का भ्रमण किया। बैदराबाद सम्राट अशोक होटल में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया।

वही बैदराबाद मैं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जगदीश यादव शेषनाग ठाकुर भारद्वाज गिरीशशि भूषण भट्ट, गुड्डू चंद्रवंशी,गौरव शर्मा भास्कर शमार्रा,घवेंद्र कुमार हरेंद्र नारायण सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

भाजपा युवा मोर्चा के मंडल बैठक का किया गया आयोजन

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के संयुक्त मोर्चों के बैठक के क्रम में जिलें में भाजयुमो राष्ट्रीय पदाधिकारियों का हुआ आगमन दो दिनों के प्रवास के प्रथम दिन में युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री साईं प्रसाद एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विवेकानंद उजलाम्बकर नें पहली कड़ी में भाजयुमो द्वारा आयोजित मंडल बैठक में भाग लेकर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा ही कल देश का भविष्य हैं कार्यकर्ता किसी भी संगठन के लिए स्तंभ होता है साथ ही वर्तमान में चल रही केंद्र सरकार की योजनाओं को घर घर तक पहुँचाना ही हमारा परम कर्तव्य हैं ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा जिला अध्यक्ष मनीष केशरी ने किया एवं मंच का संचालन युवा जिला महामंत्री रवि शेखर ने की कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री निरंजन कुमार बबलू, जिला प्रभारी मुकेश सिंह, रवि चौधरी, शुभम राज मिठू, रौशन शर्मा, रविशंकर चौहान, अमिताभ गौरव, राहुल पांडेय, अमित, रंजीत, सुधीर, रूपेश, वीर भद्र, रौशन, शैलेंद्र, गौरव, अंकित, राजा, विनोद पाठक, मुकेश, दीपू, कन्हैया, आदि कई युवा शामिल रहे इसी क्रम में पिंजौर में केंद्र सरकार के लाभार्थियों से जनसंवाद कर, सोशल मीडिया के दूत आईटी सेल के साथ बैठक हुई एवं जन प्रतिनिधि से बात कर जन समस्या को जल्द से जल्द निबटारा करने की अपील की।

परिवार नियोजन व एमटीपी एक्ट पर आंगनबाड़ी दीदियों की बैठक

हाजीपुर , प्रात : किरण संवाददाता

- आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन की से लालगंज में सुरक्षित गर्भ समापन,

लालगंज प्रखंड के बीआरसी भवन में गुरुवार को सांझा प्रयास नेटवर्क एवं औलिया अध्यात्मिक अनुसंधान केन्द्र की ओर से सुरक्षित गर्भ समापन कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी दीदी को जानकारियाँ दी गईं। आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन के रिसर्च एंड ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर राम कृष्णा ने विशेष श्रेणी की महिलाओं के गर्भ समापन की अवधि 20 से 24 सप्ताह तक बढ़ाये गए संशोधित कानून के बारे में बताया।

बताया गया कि 1971 से पूर्व किसी भी प्रकार का गर्भ समापन अवैध माना जाता था। गर्भ समापन के लिए बड़ी कठिनाइयां होती थी। अनेक तरह के घरेलू उपायों से गर्भ समापन करने की प्रक्रिया में महिलाओं की मृत्यु हो जाती थी। जिसे रोकने के लिए 1971 में एमटीपी एक्ट बना। इसके बाद से सुरक्षित गर्भ समापन की प्रक्रिया शुरू हुई। राम कृष्णा ने बताया कि 1971 के प्रावधानों के अनुसार, गर्भ समापन कई शर्तों के साथ वैध माना गया है और एमटीपी एक्ट 2021 में संशोधन किया गया है। जिससे विशेष श्रेणी की महिलाओं के लिए 24 सप्ताह तक के गर्भ को शर्तों के साथ समापन कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पर्याप्त भ्रूण विकृति के मामलों में गर्भावस्था के दौरान किसी भी समय गर्भ समापन को मान्य किया गया है। महिला या उसके साथी के द्वारा प्रयोग किए गए गर्भनिरोधक तरीके की विफलता की स्थिति में तथा अविवाहित महिलाओं को भी गर्भ समापन सेवाएं दी जा सकेंगी। 20 सप्ताह तक एमटीपी के लिए एक आरएमपी और 20 से 24 सप्ताह के लिए दो आरएमपी की राय चाहिए।

राम कृष्णा ने बताया कि 1971 के प्रावधानों के अनुसार, गर्भ समापन कई शर्तों के साथ वैध माना गया, लेकिन इससे भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा था। इसलिए एमटीपी एक्ट में संशोधन किया गया। जिससे 20 सप्ताह के बदले अब 24 सप्ताह तक के गर्भ को कानूनी शर्तों के अनुसार समापन कराया जा सकता है। गोपनीयता को कड़ाई से बनाए रखा जाना आवश्यक है। सीता कुमारी ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टर, गांव के ओझा आदि से गर्भ समापन कराना अवैध और गैरकानूनी है। इसे लेकर समाज में जागरूकता लानी होगी।

संक्षिप्त खबरें

पांच सूत्री मांग को लेकर जन संघर्ष मोर्चा का तिरंगा सत्याग्रह कल

पटना। जन संघर्ष मोर्चा का पांच सूत्री मांगो को लेकर तिरंगा शनिवार को एक दिवसीय तिरंगा सत्याग्रह करेगा। कार्यक्रम का आयोजन गायघाट गांधी सेतु के नीचे अशोक राजपथ पर किया जाएगा । इसकी जानकारी संयुक्त रुप से जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह पूर्व पार्षद प्रदीप मेहता, सीपीआई के देवरतन प्रसाद, राजद के प्रो इकबाल अहमद, पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, सलमा अख्तर, उमेश पंडित, मो जावेद, कांग्रेस के फिरोज हसन, विनोद अवस्थी, इबरार रजा, शरीफ रंगरेज माले जितेंद्र सिंह, राजेश कुमार शोषित समाज दल पटना जिला के अध्यक्ष अखिलेश कुमार समाजिक कार्यकर्ता राजेश रजक , प्रिंस पाठक ,पंकज रजक, कुंवर बल्लभ यादव समाजिक अंकेक्षक संजीव श्रीवास्तव इत्यादि ने संयुक्त रुप से जानकारी दी । श्री मेहता ने यह भी जानकारी दी कि तिरंगा सत्याग्रह में विद्युत उपभोक्ता महासंघ के संरक्षक राम भजन सिंह यादव एवं विधायक, पूर्व विधायक को भी आमंत्रित किया गया है। मोर्चा की प्रमुख मांगे : प्रीपेड विद्युत मीटर उपभोक्ता के घरो में जबरदस्ती लगाना बंद करें। अन्य राज्यों की तरह बिहार सरकार भी 300 यूनिट विद्युत उपभोक्ता को निशुल्क दे या 25% विद्युत दर में कमी करें।

प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर भाजपा एमएलसी ने कसा तंज

पटना। भाजपा एमएलसी नवलकिशोर यादव ने अपनी ही सरकार की शिक्षा व्यवस्था पर निशाना साधा है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था पर सवाल पूछने की जरूरत नहीं है। बिहार में शिक्षा इतनी बेहतर है कि यहां बिना पढ़े ही बच्चे पास हो जा रहे हैं। तीन साल का कोर्स नौ साल में पूरा होता है। वहीं, भाजपा एमएलसी नवलकिशोर ने 30 और 31 जुलाई को पटना में भाजपा के सात मोर्चों का हो रहे सम्मेलन को लेकर कहा कि इसकी तैयारी चल रही है। इस सम्मेलन को उद्घाटन करने के लिए 30 जुलाई को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आएंगे। यहां भाजपा के आगमी राजनीतिक कार्यक्रमों की रणनीति बनाई जाएगी। बताया जा रहा है कि भाजपा बिहार की 200 विधानसभा सीट पर रणनीति बनाने के लिए एक साथ सात मोर्चों की बैठक कर रही है। एक सवाल के जवाब में नवलकिशोर ने कहा कि भाजपा विश्व की बड़ी पार्टी है। बिहार में जनता भाजपा के साथ है। भाजपा के नेता प्रदश की जनता के कदमताल करते हुए चल रही है।

चेन स्नैचर को लोगों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

पटना सिटी। बाइपास थाना क्षेत्र के चैनपुरा में एक वृद्ध महिला से गले से सोने का चेन झपट कर अपराधी भाग गया। इस संबंध में बाइपास थाना की पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि वृद्ध महिला बाजार से खरीदारी कर घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान बेगमपुर चैनपुरा के पीपल तल के पास में अपराधी महिला के गले से चेन झपट कर भागने लगा। महिला द्वारा शोर मचाए जाने पर जनता ने दौड़ कर उसे पकड़ लियबोर पिटाई की। पुलिस को सूचना देने पर पुलिस ने अपराधी को गिरफ्तार कर थाना ले गई। पकड़ा गया अपराधी जोधपुर निवासी राजीव कुमार राजू है। उसके पास से झपटा गया चेन भी बरामद हुआ है। महिला उषा किरण बाजार से खरीदारी कर घर लौट रही थी।

चौसा थर्मल प्लांट में अगले वर्ष से 1300 मेगावाट उत्पादन हो जाएगा शुरू: बिजेन्द्र

जदयू कार्यालय में आयोजित कार्यकर्त्ताओं के दरबार में उर्जा एवं परिवहन मंत्री शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध होगी कानूनी कार्रवाई
- डीजल से चलने वाले वाहनों की संख्या में लगातार हो रही कमी: शिला मंडल

पटना प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को कार्यकर्त्ताओं के दरबार कार्यक्रम में उर्जा तथा योजना एवं विकास मंत्री विजेन्द्र प्रसाद यादव एवं परिवहन मंत्री शीला मंडल सम्मिलित हुए। इन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुन उनका समाधान किया। कार्यकर्त्ताओं के दरबार में मंत्री कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उर्जा तथा योजना एवं विकास मंत्री विजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया की बक्सर के चैसा में 1300 मेगावाट उत्पादन क्षमता के थर्मल प्लांट में अगले वर्ष से उत्पादन शुरू हो जाएगा। इससे बिहार बिजली के मामले में आत्मनिर्भर होने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ जाएगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा की यह बात सही है कि कोरोना का फैलाव एक बार पुनः प्रारंभ हो गया है परंतु बूस्टर डोज लेने के बाद यह सीरियस नहीं है। वैसे भी इस बार बहुत कम संक्रमित लोग हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं, अधिकांश होम आईसोलेशन में घर पर ही ठीक हो जा रहे हैं। भाजपा द्वारा लगातार किए जा रहे शक्ति प्रदर्शन के संदर्भ में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा की सभी पार्टियाँ अपना कार्यक्रम चलाती ही हैं। अपने संगठन को बढ़ाने के लिए काम करती ही हैं, इसमें किसी प्रकार का मैसेज खोजना बेकार की बात है। राजद सुप्रीमो के नजदीकी पूर्व विधान पार्षद भोला यादव के यहां सीबीआई की छापेमारी और गिरफ्तारी के संदर्भ में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा की जिन पर आरोप है और साक्ष्य है, उनके यहां छापेमारी हो रही है आगे कोर्ट देखेगा। उसी प्रकार एनआईए की हो रही छापेमारी के संदर्भ में उन्होंने कहा की जो गड़बड़ी करेंगे या जहां कहीं भी गलत होगा या जो लोग भी कानून को अपने हाथ में लेंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी ही। परिवहन मंत्री शिला मंडल ने बताया की काठमांडू तक पुनः बस सेवा चालू की गई है। अंतरराज्यीय बस सेवा बहुत सारे जगह के लिए चल रही है। हम लोग कई अन्य रूटों पर भी बहुत जल्द ही अंतरराज्यीय बस सेवा प्रारंभ करने जा रहे हैं। बुद्ध सर्किट में पर्यटकों की सुविधा के लिए और आधिक बस देने के सवाल पर उन्होंने कहा की माननीय मुख्यमंत्री पर्यटकों की सुविधा के लिए हर क्षेत्र में स्वयं रूचि लेकर कार्य कर रहे हैं और जहाँ भी आवश्यकता होगी बसें जरुर दी जायेंगी।

फाइलेरिया मरीजों की देखभाल हेतु स्थापित होंगे एमएमडीपी क्लिनिक: मंगल पांडेय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- चरणबद्ध तरीके से सभी प्रखंडों में शुरू होंगे एमएमडीपी क्लिनिक

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि फाइलेरिया मरीजों की देखभाल के लिए राज्य में जिला स्तरीय रुग्णता प्रबंधन एवं विकलांगता रोकथाम क्लिनिक स्थापित किए जाएंगे। इसको लेकर विभाग द्वारा प्रारंभिक दौर में राज्य के प्रत्येक जिलों में फाइलेरिया से अति प्रभावित प्रखंडों की पहचान की जायेगी। पहचान किए गए अधिकतम फाइलेरिया प्रभावित क्षेत्र में ही जिला स्तरीय एमएमडीपी क्लिनिक स्थापित किया जाएगा। इसके लिए सर्वे का काम जारी है।

भविष्य में विभाग द्वारा चरणबद्ध तरीके से सभी प्रखंडों में ऐसे ही एमएमडीपी क्लिनिक स्थापित किए जाएंगे। श्री पांडेय ने कहा कि हाथीपांव एवं हाईड्रोसिल दोनों फाइलेरिया के लक्षण होते हैं। विभाग एक तरफ हाथीपांव मरीजों के लिए एमएमडीपी क्लिनिक स्थापित करने की कवायद कर रहा है, वहीं अगले 6 माह में कैंप लगाकर मिशन मोड में कम से कम 70 फीसदी हाईड्रोसिल मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसको लेकर राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जनों को पत्र लिखकर निर्देशित भी किया गया है।

फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य में सात जुलाई से सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम 6 जिलों में चलाया जा रहा है। फाइलेरिया के प्रति जनमानस को जागरूक करने के लिए बिहार के चर्चित अभिनेता मनोज वाजपेयी के साथ जागरूकता वीडियो भी बनाया गया है। विभाग विडियो के माध्यम से एमडीए कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को निःशुल्क दवा सेवन करने के लिए प्रेरित कर रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि फाइलेरिया को जड़ से खत्म करने के लिए विभाग प्रखंड स्तर पर नाईट ब्लड सर्वे आयोजित करने की रणनीति पर भी कार्य कर रह है।

नाईट ब्लड सर्वे के माध्यम से व्यक्ति के शरीर में माइक्रो फाइलेरिया की उपस्थिति का पता लगाया जाता है। प्रभावित रोगियों के ब्लड में मौजूद माइक्रो फाइलेरिया रात में ही क्रियाशील होते हैं। इसलिए इसे रात में ही किया जाता है। इस पहल के माध्यम से यह जानने में सहूलियत होगी कि किस जिले में फाइलेरिया का प्रसार अधिक है। इससे फाइलेरिया उन्मूलन की प्रभावी रणनीति बनायी जा सकेगी एवं राज्य को फाइलेरिया से मुक्त किया जा सकेगा।

सोनिया गांधी से माफी मांगे भाजपा : राजेश राठौड़

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

संसद में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने जिस प्रकार से कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा और सांसद सोनिया गांधी से अमर्यादित व्यवहार किया वो असंसदीय के साथ-साथ अमानवीय भी है। संसद के वरिष्ठतम सदस्यों में से एक सोनिया गांधी के साथ सास बहू सीरियल के अभिनय से नई नई नेता बनी स्मृति ईरानी का व्यवहार सभी कांग्रेसजनों को छुब्ध करता है। यह बयान बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने आज संसद में सांसद रमा देवी से बात करते वक्त सोनिया गांधी से स्मृति ईरानी के अभद्र व्यवहार करने पर कही। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा कि अवैध बार संचालन और बीफ का व्यापार करने वाली स्मृति ईरानी अपनी हद में रहें और उन्हें याद रखना चाहिए कि संसद देश की सर्वोच्च पंचायत है यहां सास बहू के सीरियल का अभिनय नहीं करना है बल्कि संवैधानिक व्यवस्था से मर्यादित तरीके से व्यवहार करना होगा। उन्होंने मांग किया कि भाजपा के सांसद और कैबिनेट सहयोगी द्वारा किये गए नीच हरकत पर सोनिया गांधी से माफी मांगे और मर्यादित व्यवहार करें अन्यथा स्मृति ईरानी की हालत खिसियानी बिल्ली खंभा नोचें वाला होकर रह जायेगा। मीडिया कमेटी के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि दरअसल केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अपनी बेटी के बार संचालन तथा बीफ के बिजनेस के पोल खोल जाने के बाद बुरी तरह से मानसिक रूप से हताश हो चुकी है।

राजकीय आयुर्वेद कॉलेज में 311 बच्चों को दी गई स्वर्ण प्राशन की औषधि

अगली खुराक 24 अगस्त को

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजकीय आयुर्वेद कॉलेज अस्पताल पटना मे गुरुवार को पुष्य नक्षत्र के दिन कोरोना प्रोटोकोल के साथ 311 बच्चो को स्वर्ण प्राशन की औषधि दी गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो संपूर्णानन्द तिवारी, अधीक्षक प्रो. विजयशंकर दूबे, राजकीय आयुर्वेद एवं यूनानी औषध निर्माणशाला के प्रबंधक डॉ. जग्गनाथ ओझा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बालरोग विभाग के डॉ. प्रज्ञा पुष्पांजलि, डा. शिल्पी गुप्ता, डा आशुतोष भारद्वाज के साथ साथ कालेज के स्नातकोत्तर अद्धयेता इन्टर्न एवं तृतीय बीएएमएस के छात्र उपस्थित थे। अभिभावक से पूछताछ एवं शिशुओ के स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात देखा गया कि इस औषधि के सेवन से बच्चो के वजन,लंबाई मे आशातीत वृद्धि हुई तथा उसे कोई गंभीर बिमारी भी नही हुई,इस प्रकार यह रोगप्रतिरोधक क्षमता बढाने मे सहायक है। कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए इसका सेवन बच्चो के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है। इस औषधि मे स्वर्ण भस्म के साथ ब्राह्मी घृत एवं मधु मिलाकर 6 घंटे मर्दन के पश्चात इसे पिलाया जाता है। अभी तक इस औषधि को पिलाने के पश्चात कोई गंभीर उपद्रव नही देखा गया। इसकी अगली खुराक दिनांक 24 अगस्त को दी जायेगी जिसका निबंधन 17अगस्त से की जायेगी। 2 पुराने बच्चो के अतिरिक्त 50 नये बच्चो का निबंधन किया जायेगा। निबंधन पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर होगा। बिना निबंधन के यह औषधि नही दी जायेगी।

मंदी से निपटने के लिए बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देना जरूरी: रणबीर नंदन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जनता दल यूनाइटेड के प्रवक्ता और पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने मंदी की दस्तक पर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि देश में मंदी की दस्तक पड़ चुकी है। रुपया न्यूनतम स्तर पर है। उन्होंने केंद्र सरकार से खाद्यान्न पर जीएसटी लगाया जाना मंदी की आहट के बीच गरीब परिवारों के लिए मुश्किलें खड़ी करने वाले है। खासकर बिहार जैसे राज्य में, जहां 33.7 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे निवास करती है। प्रो. नंदन ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट को देखें तो तमाम प्रयासों के बाद नीतीश कुमार की सरकार ने 65.3 फीसदी आबादी को गरीबी रेखा से ऊपर बरकरार रखने में सफलता हासिल की है। उद्योग-धंधों के निर्माण के लिए माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार प्रयासरत हैं। इसके लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए बिहार सरकार लगातार वर्ष 2005 के बाद से विशेष राज्य के दर्जे की मांग करती रही है। वर्ष 2000 में बिहार से झारखंड को अलग किए जाने के बाद प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के साधन विकसित करने पर जोर नहीं दिया गया। प्रदेश को पहले ही पिछड़ेपन की गर्त में धकेल दिया गया था। ऐसे में नीतीश कुमार की सरकार ने पिछले 16 सालों में समेकित विकास पर जोर दिया है, लेकिन संपूर्ण विकास के लिए बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाना जरूरी है।

अधीर रंजन चौधरी के बयान पर गरमाई सियासत

पटना। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर किये गये टिप्पणी को लेकर बिहार में भी सियासत तेज हो गई है। बिहार कांग्रेस के विधान पार्षद प्रेमचंद्र मिश्रा ने कहा है कि संवैधानिक पद पर बैठे हुए या सर्वोच्च पद पर बैठे हुए व्यक्ति को लेकर इस तरह की टिप्पणी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि अधीर रंजन चौधरी ने क्या कहा क्या नहीं कहा हम इस बात को नहीं सुने हैं लेकिन हम इतना जरूर कह सकते हैं कि सर्वोच्च पद पर कोई भी व्यक्ति अगर बैठा हो तो उसको लेकर किसी भी नेता को या राजनीतिक दल को इस तरह की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। जदयू प्रवक्ता अरविंद निषाद ने कहा कि अधीर रंजन चौधरी के साथ पूरी कांग्रेस पार्टी को इस शर्मनाक बयान के लिए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए. जिस प्रकार से राष्ट्रपति पद को लेकर अभद्र व्यवहार किया है यह अनुचित है। राष्ट्रपति देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद है और देश के सांसद और विधायकों ने उन्हें चुनकर भेजा है। राष्ट्रपति देश के प्रतीक होते हैं।

दो भाइयों को बचा लिया, मगर खुद डूब गई

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

- कंगन घाट पर एसडीआरएफ नहीं खोज सकी शव, अपराह्न में मिला

चौक थाना क्षेत्र के कंगन घाट पर स्नान के दौरान बालिका की मौत डूबने हो गई। घटना के संबंध में 14 साल की चुलबुल के मौसा ने बताया कि कौआखोह के रहने वाले पेंटर अनिल प्रसाद की करीब 14 साल की बेटी सुहानी उर्फ चुलबुली अपने दो भाइयों के साथ कंगन घाट पर स्नान के लिए गई थी। तीनों सुबह सात बजे के करीब गंगा के पानी में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान चुलबुली के दो भाई मोहित और करण उर्फ हड्डी पानी में डूबने लगा। चुलबुली अपने डूब रहे दोनों भाइयों को बचाने की भरसक कोशिश की और इसमें वह सफल भी रही। दोनों भाइयों को खींच कर उसने घाट के किनारे की ओर धकेला, मगर खुद को वह नहीं बचा सकी। पानी के प्रवाह में वह डूब गई। इस तरह चुलबुली ने अपने दो भाई मोहित और करण को तो बचा लिया, मगर खुद डूब गई। घटना की सूचना चौक थाना की पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष गौरी शंकर गुप्ता ने एसडीओ से बात करते हुए एसडीआरएफ को बुलाया। एसडीआरएफ की टीम दो बोट से शव को खोजने का भरसक प्रयास किया, मगर सफलता नहीं मिली। इधर चुलबुली की मां रानी देवी का घाट पर बच्चों के साथ रोकर बुरा हाल था। बाद में अपराह्न में करीब चार बजे के आसपास चुलबुली का शव कीचड़ में फंसा मिला और तैर रहा था। परिजनों की नजर पड़ते ही शव को बाहर निकाला गया और चौक थाना की पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा है। अनिल प्रसाद के आठ बेटा-बेटी है और वह खुद पेंटर का काम करते हैं।

कार्यकर्ताओं व आम लोगों ने आरसीपी सिंह का किया भव्य स्वागत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचन्द्र प्रसाद सिंह के स्वागत में गुरुवार को सरमेरा मोकामा पथ पर कार्यकताओं को जनसैलाब उमड़ा। उनके स्वागत में टाल क्षेत्र के पिछड़ा व अतिपिछड़ा समाज के लोग जगह जगह कतारबद्ध खड़े होकर अपने नेता का दर्शन पाने को बेताब थे। उनके आगमन पर कार्यकर्ता उनका अभिवादन कर रहे थे और उनका फूल माला से स्वागत करते दिखे। इस दौरान अतिपिछड़ा व पिछड़ा समाज के लोग बिहार का सीएम कैसा हो आरसीपी सिंह जैसा हो का नारा लगा रहे थे। श्री सिंह गुरुवार को जदयू के प्रदेश महासचिव अरुण सहनी की मां के निधन पर श्रद्धांजलि देने मोकामा क्षेत्र के घोसवरी थाना के बलवापर चकदह पहुंचे थे। वहां उन्होंने अरुण सहनी की मां के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अरुण सहनी की मां एक कर्तव्य परायण महिला थी उनके निधन से वे व्यक्तिगत रूप से मर्माहत हैं। श्री सिंह ने उनके पुत्र अरुण सहनी व वहां के अन्य लोगों से मुलाकात कर उन्हें दुख की घड़ी में सांत्वना दी। श्री सिंह ने कहा कि अरुण सहनी अतिपिछड़ा समाज के वरीष्ठ नेता है और ये समाज के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार अतिपिछड़ा समाज के विकास के लिए कृत संकल्पित है और इनके विकास के लिए कई काम किए है। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर अतिपिछड़ा समाज के साथ हकमारी बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अतिपिछड़ा समाज के विकास से ही बिहार पूर्ण विकसित होगा। इससे पूर्व श्री सिंह का उनके पैत्रिक आवास मुस्तफापुर से निकलने पर रहुई, बिंद व सरमेरा व सरमेरा के रास्ते के अलावा इतासंग, भादवा, गोपालाबाद, सोन सिकरा, बिंद, बढ़िया व कथराही सहित कई जगहों पर उनके समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान एक कार्यकर्ता ने जदयू के नेता पर व्यंग करते हुए कहा कि जो लोग आरसीपी सिंह को 5000 की भीड़ जुटाने की बात करते थे व अपने आंख से देख लें कि सरमेरा मोकामा पथ पर कार्यकताओं व समर्थकों का जनसैलाब उमड़ा है और गरीबों के इस नेता का स्वागत हम करते हैं और करते रहेंगे। इस दौरान उनके साथ शिक्षाविद डॉ कन्हैया सिंह, पूर्व प्रदेश महासचिव अनिल कुमार, डॉ. विपिन यादव, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व वरीय नेता संतोष महतो, संजय मालाकार, प्रवीण चन्द्रवंशी, जदयू के वरीय नेता प्रीतम सिंह, पूर्व प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्याम पटेल, सन्नी पटेल, उपेन्द्र विभूति, डॉ. ललिता, संजु कुमारी, जितेन्द्र नीरज, अमर कुमार सिन्हा, भगीरथ कुशवाहा, विशन कुमार बिट्टू, रोहन प्रजापति समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के ओर से उप मुख्य अभियंता/पुल/लाइन/हाजीपुर के द्वारा निम्नलिखित कार्य के मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रुप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी.पी.डब्लु.डी., एम.ई.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑनलाइन ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

निविदा सूचना सं.: BRL-DNR-22-06

क्रमांक–1: कार्य का नाम लोकेशन के साथ: BEHS-DHWN के पुल सं. 48, 57, 65, 83, 92, 77 'ए' एवं TIA-KHRUN के पुल सं. 49 एवं 71 पर सेफ्टी मैन रीफ्युज और BEHS-DHNW सेक्शन में पुल सं. 43, 48, 57, 65, 83, 92, 77'A', RGD-TIA सेक्शन में पुल सं. 47 और 49, TIA-KHRUN में पुल सं. 14, 49, 52 और 71, FUT-IPR सेक्शन में पुल सं. 04 और 17 और PNBE-GAYA में पुल सं. 21DN में इंस्पेक्शन प्लेटफॉर्म और सीढ़ी का प्रावधान और BEHS-DHWN सेक्शन में पुल सं. 43, FUT-IPR सेक्शन में पुल सं. 04 और 17 के स्टील ब्रिज गर्डर का मेटलाइजिंग। **अनुमानित निविदा राशि:** रु. 1,71,28,941.92 **अग्रिम धन राशि:** रु. 2,35,700.00

क्रमांक–2: कार्य का नाम लोकेशन के साथ: उप–मुख्य अभियंता/पुल/लाइन/हाजीपुर के अधीन दानापुर मंडल के PPTA-PHLG खंड के किमी–8/32–10/24 पर पुल सं.–6 (लैंड स्पैन) के सभी स्पैन के पियर और एबटमेंट के आसपास इंस्पेक्शन प्लेटफॉर्म का प्रावधान। **अनुमानित निविदा राशि:** रु. 1,47,08,609.10 **अग्रिम धन राशि:** रु. 2,23,600.00

निविदा कागजात जमा करने एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय: निविदा ऑनलाइन www.ireps.gov.in पर दिनांक 23.07.2022 प्रस्तुत की जाएगी। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 17.08.2022 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी।

वेबसाइट का नाम एवं निविदा संबंधी सूचना: 1. निविदा सूचना पात्रता मानदंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, सूचना की पूर्ण जानकारी के लिए कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हो शुद्धी पत्र वेबसाइट पर अपलोड होगा। 2. विवाद के स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता/पुल/लाइन
पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/007103/डीबीटीएल/ईबीआरएल/टी/22-23/60

निर्देश पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने की मद्यनिषेध एवं उत्पाद मामलों की समीक्षा

तीन माह से अधिक लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हो निपटारा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने गुरूवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में मद्यनिषेध एवं उत्पाद मामलों की समीक्षा की। उन्होंने जिला के विभिन्न न्यायालयों में उत्पाद अधिहरण वादों से संबंधित अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। साथ ही शराबबंदी अभियान के तहत नीलाम किये गये वाहनों, राज्यसात से संबंधित प्रतिवेदन, जब्त शराब की विवरणी तथा विनष्टीकरण से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा की। समीक्षा में यह पाया गया कि जिला के विभिन्न न्यायालयों में 3,653 प्रस्तावित उत्पाद अधिहरण वादों के विरूद्ध 3,093 वादों को निष्पादित किया गया है जो प्रस्तावित अधिहरण वादों का 85 प्रतिशत है।

जुलाई माह में 65 अधिहरण वादों को निष्पादित किया गया है। लंबित अधिहरण वादों में से 41 अधिहरण वाद 90 दिन से अधिक समय से लंबित हैं जिसे डीएम डॉ. सिंह ने प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निदेश दिया। डीएम डॉ. सिंह ने शेष अधिहरण वादों को भी समय-सीमा के अंदर निष्पादित करने का आदेश दिया। डीएम डॉ सिंह ने बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के तहत जप्त वाहन, प्रस्ताव, राज्यसात, विमुक्त, वाहन की नीलामी से संबंधित प्रगति की विभागवार एवं अनुमंडलवार समीक्षा की।

01 अप्रैल, 2016 से 26 जुलाई, 2022 तक कुल राज्यसात वाहनों की संख्या 2,597 है। नीलाम किये गये वाहनों की संख्या 1,634 है, जिससे कुल 7 करोड़ 9 लाख 37 हजार 983 रुपए से अधिक की राशि प्राप्त हुई है। जुलाई माह में 143 वाहनों को राज्यसात किया गया है तथा 384 वाहनों को नीलाम किया गया है जो अच्छी उपलब्धि है।

डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि मद्य निषेध के क्रियान्वयन में जब्त किए गए वाहनों की नीलामी अब ऑनलाइन तरीके से भारत सरकार के उपक्रम एमएसटीसी के माध्यम से हो रही है। विभाग द्वारा इसके लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का निर्धारण किया गया है। उन्होंने निर्धारित एसओपी के अनुसार शेष वाहनों को भी एक महीने के अंदर नीलाम करने का निदेश दिया। डीएम डॉ. सिंह ने जप्त वाहनों की संख्या तथा वाहन अधिहरण के प्राप्त प्रस्तावों में अंतर पर संबंधित अनुमंडलाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को समीक्षा कर प्रतिवेदन देने का निदेश दिया।

डीएम डॉ. सिंह ने शराबबंदी अभियान के तहत जब्त किए गए वाहनों एवं राज्यसात से संबंधित प्रतिवेदन की अनुमंडलवार विस्तृत समीक्षा की। डीएम डॉ सिंह ने बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 यथा संशोधित अधिनियम, 2022 तथा बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद नियमावली, 2021 यथा संशोधित नियमावली, 2022 के प्रावधानों को लागू करते हेतु निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार सभी पदाधिकारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि किसी भी हालत में वाहन जप्ती के 30 दिनों के भीतर राज्यसात की कार्रवाई प्रारंभ हो जानी चाहिए। वाहन जप्ती के 90 दिनों के अंदर राज्यसात आदेश पारित हो जाना चाहिए। डीएम डॉ. सिंह ने जिला परिवहन पदाधिकारी को स्वामित्व परिवर्तन के मामलों को सक्रियता से निष्पादित करने का निर्देश दिया। 01 अप्रैल, 2016 से 26 जुलाई, 2022 तक पटना जिले में 1,69,844 छापामारी की गई। दर्ज अभियोगों की संख्या 59,262 है। 80,537 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कुल 15,89,750.766 लीटर शराब जप्त किया गया है। डीएम डॉ .सिंह ने सभी 4 विशेष उत्पाद न्यायालयों में ट्रायल केसेज की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि हासिल करने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा।

पटना साहिब में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनेंगे नड्डा

- राष्ट्रीय अध्यक्ष के भव्य स्वागत को कार्यकर्ता उत्साहित : नंदकिशोर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के वरीय नेता सह विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहली बार पटना साहिब के कार्यकताओं के साथ 31 जुलाई को पीएम नरेंद्र मोदी की ह्यमन की बातह्न सुनेंगे। उन्होंने कहा कि श्री नड्डा के पटना साहिब आगमन को लेकर कार्यकताओं ने स्वागत की भव्य तैयारी की है। जगह-जगह तोरण द्वार बनाये जा रहे हैं। इस संबंध में खाजेकलां सामुदायिक भवन में कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष 30 और 31 जुलाई को पटना में होंगे। इस दौरान 31 जुलाई को देश-विदेश में लोकप्रियता का कीर्तिमान स्थापित करने वाले प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न सुनेंगे। यह पटना साहिब के कार्यकताओं के लिए गर्व की बात है। श्री यादव ने कहा कि पटना भाजपा के अध्यक्ष श्री नड्डा की जन्मभूमि है। उनका छात्र जीवन यहीं गुजरा है। इसलिए यहां की धरती से उनका विशेष लगाव है। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करते ही उनके भव्य स्वागत की शुरूआत छोटी पहाड़ी से होगी। श्री नड्डा का 9.10 बजे चौकशिकारपुर आगमन होगा। इसके बाद वे भगत सिंह चौक, कचौड़ी गली मोड़ होते हुए तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेकेंगे। वहां से पूर्वाह्न 10 बजे कंगन घाट स्थित पर्यटन भवन जाएंगे और वहां पीएम के ह्यमन की बातह्न सुनेंगे। उनके स्वागत की खासा तैयारियां की गई हैं। इससे एक दिन पूर्व 30 जुलाई को पटना में रोड शो के दौरान आकाशवाणी के निकट फ्रेजर रोड में पटना साहिब के भाजपा कार्यकर्ता उनका स्वागत व अभिनंदन करेंगे।

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के द्वारा बुधमा रेलवे स्टेशन के नये गुड्स शेड में आवश्

संक्षिप्त खबरें

14 कार्टून शराब के साथ एक मोटरसाइकिल बरामद, कारोबारी फरार

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया बुजुर्ग उत्तर वार्ड नंबर 8 निवासी सुनील कुमार महतो के घर पर पुलिस ने छापेमारी कर 14 कार्टून में 440 बोतल, जिसकी कुल मात्रा 130.560 लिटर शराब व एक मोटरसाइकिल बाइक पुलिस ने बरामद किया है। वहीं कारोबारी मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। जहां से 14 कार्टून शराब व एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। कारोबारी मौके से फरार हो गया। इससे पूर्व भी कारोबारी के घर से घर में बने 851 लीटर शराब बरामद किया गया था। जिसमें कारोबारी सुनील कुमार महतो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल से छूट कर आने के बाद पुनः शराब बरामद किया गया है।

पियक्कड़ को पुलिस ने भेजा जेल

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के मालीनगर गांव के ठहरा टोला निवासी एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक मालीनगर ठहरा गांव निवासी रामदत पासवान के पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष चंदकिशोर टुडू ने इसकी पुष्टि करते हुए गिरफ्तार युवक के विरुद्ध आगे की कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजने की बात कही है।

पीर बाघा रहमतुल्लाह के मजार पर हुई चादरपोशी व कव्वाली

पटना सिटी। सुलतानगंज थाना परिसर में स्थित पीर बाघा रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर चादरपोशी की गई। चादर सुल्तानगंज के आसपास के मोहल्ले से बैंड बाजा के साथ गुजरते हुए वापस स्थान पर पहुंचा। इसमें श्रद्धालुओं की खासा भीड़ रही। चादरपरोशी कमेटी के अध्यक्ष सनाउर रहमान के द्वारा किया गया। इसके पूर्व कुरानखानी हुई। रात में महफिल ए शमा कव्वाली का आयोजन किया गया। कमेटी के सफी अहमद, सदस्य हसन इमाम, हसन फैजी हाशमी, शहबुद्दीन, कैसर ईमाम आदि मौजूद थे।

पार्टी में संगठन की महत्ता काफी महत्वपूर्ण है : सुखविंदर

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन नगर पंचायत के झखरा में किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पंकज झा के आवास पर किसान मोर्चा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर शेरेओन मंडल संगठन की रूपरेखा देखने पहुंचे। इस अवसर पर कार्यकताओं द्वारा अंग वस्त्र एवं बुके देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में किसान मोर्चा के संगठन की महत्ता काफी महत्वपूर्ण हो गयी है, यदि आप अपनी वास्तविक शक्ति से अवगत होते हुए कार्य करेंगे तो मंडल से लेकर प्रदेश एवं देश की राजनीति : को एक नई दिशा दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि जैसा कि मुझे बतलाया गया है, यह क्षेत्र काफी ऊजार्वान रहा है। राजनीति एवं किसानी दोनों के लिए। जहां आपलोगों ने जनसंघ काल में भी इस क्षेत्र से दीप जलाया, तो वहीं वर्तमान में देश को गृहराज्यमंत्री के रूप में नित्यानंद जैसा नेता दिया। जबकि कृषि के क्षेत्र में यहां की भूमि एक साथ कई फसलों का उत्पादन करती आयी है। इस क्षेत्र के मिर्च का स्वाद मेरे प्रदेश के लोग भी बड़े चाव से चखते रहे हैं। ज्ञातव्य हो कि पटना में आगामी 30 एवं 31 जुलाई को होने वाले सभी सात मोर्चों की राष्ट्रीय कार्यसमिति में आने वाले प्रतिभागी बिहार के 200 विधानसभा में संगठन की रूपरेखा देखने पहुंच रहे हैं। जिसके तहत सरायरंजन विधानसभा में रुपौली बुजुर्ग में बूथ कमिटी के साथ, झखड़ा में किसान चौपाल एवं जितवारपुर कुम्हिरा में सदस्यता अभियान के साथ-साथ मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कालेज को देखा। मौके पर डॉ तरुण चौधरी विधान परिषद सदस्य, वरिष्ठ कार्यकर्ता चंद्रकांत चौधरी, जयकृष्ण झा, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा प्रो अमरेन्द्र कुमार एवं शशिधर झा, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा समस्तीपुर संजय सिंह, मंडल अध्यक्ष अमरेश झा, देवेन्द्र चौरसिया, विजय कुमार झा, नंद किशोर झा, विनोद विहारी वाजपेयी, साकेत सिंह, वलबंत सिंह राठौड़, सुनील चौधरी आदि उपस्थित रहे।

गैस एजेंसी कर्मी की गोली मारकर हत्या, घटना का कारण पुराना रंजिश विवाद जा रहा है बताया

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के रामपुर घाट के निकट गुरुवार की दोपहर सशस्त्र अपराधियों ने एक गैस वितरक कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान मोरवा मोहनपुर निवासी नरेश राय के पुत्र अरविंद कुमार राय (25) के रूप में की गई है। घटना के बाबत ग्रामीणों ने बताया कि उक्त युवक भारत शिवानी गैस एजेंसी मोरवा में कार्यरत था। गैस वितरण के लिए क्षेत्र में आया था। एसी मैजिक से गैस वितरण कर वापस लौट रहा था।

कर्मचारी के पास गैस का 25 से 30 हजार रूपए के करीब था। लौटने के दौरान रामपुर घाट के निकट सुनसान जगह पर एक बाइक पर सवार तीन की संख्या में आए अपराधियों ने गैस कर्मी सीने में तीन गोली मार दी। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर हो गई। लेकिन अपराधी रुपए लूटपाट में असफल रहे। जब तक ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचते तब तक अपराधी भाग निकले। जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर लाश के साथ आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। कहना है कि जब तक अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं होगा तब तक लाश को नहीं उठने दिया जाएगा। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। उसके बाद मुसरीघरारी पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पंकज कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर कर घटना की छानबीन में जुट गए हैं। हालांकि घटना की जानकारी मिलते ही समस्तीपुर सदर डीएसपी घटना का जायजा लेने पहुंच गए हैं। डीएसपी आक्रोशित परिजन को समझाने-बुझाने में जुटे हुए थे।

- कर्मचारी के पास गैस का 25 से 30 हजार रूपए के करीब था। लौटने के दौरान रामपुर घाट के निकट सुनसान जगह पर एक बाइक पर सवार तीन की संख्या में आए अपराधियों ने गैस कर्मी सीने में तीन गोली मार दी।

इस घटना को लेकर कई तरह की चचार्एं भी हो रही है। घटना के बाद मृतक की पत्नी, दादा जयकांत राय सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया था।

रात में प्रेम-मिलाप करने पहुंचे प्रेमी को ग्रामीणों ने पकड़ा, प्रेमिका से करा दी शादी

रोसड़ा, प्रात : किरण संवाददाता

हसनपुर थाना क्षेत्र के शकरपुरा गांव में स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी प्रेमिका के साथ प्रेम-मिलाप करने पहुंचे प्रेमी को पकड़ कर उसकी प्रेमिका के साथ जबरन उसकी शादी करवा दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रेमी युवक बेगूसराय जिले के गढ़पुरा थाना के शेखा टोल निवासी तेतर सहनी का पुत्र पप्पू कुमार बताया गया है। वहीं, बताया गया कि लड़की के पिता किसी दूसरे प्रदेश में रहकर काम करते हैं और लड़की शकरपुरा में अपने चाचा-चाची के देखरेख में रहा करती थी। बताया गया कि पप्पू और उस लड़की की मुलाकात गढ़पुरा शिव मंदिर परिसर में हुई थी। इस दौरान दोनों के बीच खूब बातें हुई। प्रेम में जीने और मरने की कसमें खाने के बाद पप्पू का इश्क परवान चढ़ा और वह प्रेम-मिलाप करने अपनी प्रेमिका के घर और रात में पहुंच गया। जिसकी भनक स्थानीय ग्रामीणों को लग गई और ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। पकड़ने के बाद ग्रामीणों के द्वारा जमकर प्रेमी युवक की पिटाई की गई। पिटाई के बाद ग्रामीणों ने प्रेमी-प्रेमिका की मंदिर में शादी करा दी। प्रेमी युवक के घरवालों जबरन शादी करवाने का आरोप लगाया है। वहीं, लड़की पक्ष के अनुसार 2 माह पूर्व से दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। वहीं दोनों को देखने के लिए भारी भीड़ जुटी हुई थी।

विद्युत महोत्सव कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर के कपूर्री सभागार में गुरुवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत उज्जवल भारत-उज्जवल भविष्य, पावर @2047 बिजली महोत्सव कार्यक्रम का विधिवत दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समस्तीपुर विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, रोसड़ा विधायक वीरेंद्र कुमार, एमएलसी डॉ तरुण कुमार, डीडीसी अखिलेश कुमार सिन्हा और विद्युत अधीक्षण अभियंता सनत कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से किया। बिजली महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समस्तीपुर विधायक शाहीन ने कहा कि पहले की अपेक्षा अब बिजली में काफी सुधार देखने को मिल रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि आंधी-पानी के दौरान बिजली गायब हो जाती है, जिस पर विभाग को कार्य करने की जरूरत है। कार्यक्रम को रोसड़ा विधायक वीरेंद्र कुमार और एमएलसी डॉ तरुण कुमार ने भी संबोधित किया। डीएम योगेंद्र सिंह ने बिजली आपूर्ति की बेहतर व्यवस्था के लिए विद्युत विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मियों की सराहना की। वहीं बिजली बिभाग के अधीक्षण अभियंता सनत कुमार पाठक ने इस मौके पर कहा कि उनकी लगातार कोशिश है कि आम उपभोक्ताओं के साथ किसानों को प्राकृतिक आपदा के समय भी बिजली की आपूर्ति बहाल रहे। इसके लिए विभागीय के सभी अभियंता और कर्मी तकनीकी रूप से लगे हुए हैं। मौके पर जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

भाजपा युवा मोर्चा का विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर विधानसभा अंतर्गत भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष पंकज लाल के आवास पर भाजपा युवा मोर्चा का विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सह जम्मू-कश्मीर प्रदेश प्रभारी अनमोल शोभित और प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा हिमांशु यादव उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रवि रंजन पांडे एवं मंच संचालन जिला मंत्री मनीष पाठक कर रहे थे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन और सम्मान पंकज लाल किए। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुशवाहा, जिला महामंत्री कार्यक्रम प्रभारी प्रभात ठाकुर, जिला परिषद सदस्य रीना राय, सतीश चंद्र झा, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र झा, शिवजीत झा, मनोज झा, जिला युवा मोर्चा के सोनू चौधरी, अमित चौधरी, अभिषेक, रजनीश, देवकांत, गौतम, अभिषेक, सोनू, मुकेश मिश्रा, और सभी मंडलों के युवा मोर्चा के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी भाग लिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने, युवाओं की शक्ति को समाज में सकारात्मकता की सोच से सेवा और समर्पण की भावना से कार्य करने के लिएअतिथियों द्वारा निर्देशित किया गया।

बिजली सुचारू रूप से नहीं मिलने पर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश

मोरवा, समस्तीपुर। मोरवा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों सहित कमतौल गांव में बिजली की व्यवस्था ठीक नहीं रहने, एवं बिजली सुचारू रूप से नहीं प्राप्त होने के कारण क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि सुचारू रूप से बिजली प्राप्त नहीं होने से क्षेत्र के लोगों सहित किसानों में भी आक्रोश व्याप्त है क्योंकि समय पर बिजली नहीं मिलने से किसान को खेती करने में होती है परेशानी, क्योंकि अभी धान रोपनी का समय है। वहीं क्षेत्र के लोगों ने विभागीय अधिकारी से बिजली की व्यवस्था ठीक कर सुचारू रूप से बिजली प्रदान करने की मांग की है।

नगर थाना क्षेत्र में अपराधियों का दुस्साहिक वारदात बदस्तूर जारी, शिक्षक को गोली मारकर किया घायल

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर के नगर थाना क्षेत्र में अपराधियों का दुस्साहिक वारदात बदस्तूर जारी है। जहां नगर थाना पुलिस की कार्यशैली को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि मानो पुलिस ने अपराधियों के सामने सरेंडर कर दिया हो और शहर में अपराधी राज को कबूल कर लिया हो। गुरुवार को शहर के पंजाबी कॉलोनी में बेखौफ अपराधियों के द्वारा घर में घुसकर एक शिक्षक को गोली मार दी गई। गोली लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हुए शिक्षक को आनन-फानन में इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं बताया गया कि हमेशा की तरह सूचना उपरांत पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घायल शिक्षक की पहचान मिथिलेश कुमार के रूप में की गई है। मिथिलेश एक प्राइवेट स्कूल में कार्यरत बताए जा रहे हैं। गंभीर रूप से घायल शिक्षक के अनुसार स्कूल से लौटने वक्त घर के गेट के पास ही दो लड़कों ने उन्हें रोका और उनसे सातवीं और आठवीं क्लास के बच्चों को पढ़ाने के बारे में बात करने लगे। इसी दौरान उसमें से एक लड़का जो तौलिया-गमछा ओढ़े हुए था, ने पिस्तौल निकालकर शिक्षक के सिर में सटा दिया। यह देखकर शिक्षक गेट बंद करने का प्रयास करते हुए आड़ा-तिरछा भागने लगे। इसी क्रम में अपराधियों ने उन पर गोली फायर कर दी। आड़ा-तिरछा भागने के कारण गोली शिक्षक दाहिने बाहों में जा लगी। जिससे शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर पहुंच ही शिक्षक की पत्नी ने अपराधियों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन अपराधी वहां से भाग खड़े हुए। जिले में 4 घंटों के भीतर दो-दो बड़ी घटनाओं के बाद लोगों में भय का माहौल व्याप्त है।

कॉपी मूल्यांकन का भुगतान नहीं होने से शिक्षकों में आक्रोश

समस्तीपुर, प्रातः किरण संवाददाता। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2021 के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन शिक्षकों के पारिश्रमिक भुगतान नहीं किए जाने को लेकर गुरुवार को बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई समस्तीपुर ने खेद प्रकट करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्राचार कर अभिलंब पारिश्रमिक भुगतान करने की मांग की है. जिला सचिव रामदयाल चौधरी ने बताया कि जिले के शिक्षकों ने बिहार माध्यमिक परीक्षा 2021 के उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन बड़ी ही तन्मयता एवं ईमानदारी के साथ पूरा किया। लेकिन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन का पारिश्रमिक भुगतान अभी तक नहीं हुआ। जबकि परीक्षा फल भी प्रकाशित हो चुका है साथ आगामी परीक्षा का पंजीयन कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन केंद्र तिरहुत एकेडमी अकेडमी बाया भाग पर प्रतिनियुक्त एक भी शिक्षकों का भुगतान ना होना खेत का विषय है. श्री चौधरी व नगर सचिव अमर कुमार अकेला ने जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय से जिले के सभी मूल्यांकन केंद्र में प्रतिनियुक्त शिक्षकों के पारिश्रमिक का जल्द से जल्द भुगतान करने की मांग की है. उन्होंने आगे कहा कि शिक्षकों का धैर्य अब समाप्त हो रहा है। शिक्षकों के आक्रोश का संज्ञान लेने के बाद संगठन बोर्ड परीक्षा का बहिष्कार का निर्णय ले सकता है। मौके पर निवर्तमान अनुमंडल सचिव नीतीश कुमार, सुखेंद्र ठाकुर, अजय अजनबी, नीरज कुमार आदि ने रोष व्यक्त किया।

असामाजिक तत्वों ने सरेआम एक युवक को जमकर पीटा, सड़क पर घसीटने का वीडियो वायरल

समस्तीपुर, प्रातः किरण संवाददाता। दलसिंहसराय थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा एक युवक को सड़क पर जमकर पीटा गया। इसके बाद उसे सड़क पर घसीटते हुए ले जा रहा है। इस दौरान यह सारा घटनाक्रम वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर से देखा जा सकता है कि असामाजिक तत्वों के द्वारा कैसे युवक को पीटा गया फिर उसे क्रूरता पूर्वक घसीटा गया। घटना दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के कदम घाट से गोला पट्टी तक की बताई गई है जहां युवक को घसीटा गया है। इस दौरान वहां मौजूद लोगों के द्वारा विरोध करने के बाद सभी बदमाश पीड़ित युवक को अधमरा अवस्था में छोड़कर भाग गए। इस दौरान वहां मौजूद स्थानीय लोग व परिजनों ने घायल युवक को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज जारी है। युवक की पहचान दलसिंहसराय के संस्कृत विद्यालय रोड वार्ड संख्या-2 निवासी पप्पू साह के पुत्र रंजन कुमार के रूप में की गई है।

जांच टीम ने विभिन्न योजनाओं की जांच की

कल्याणपुर, समस्तीपुर। डीएम के निर्देश पर गुरुवार को चयनित पंचायतों का पदाधिकारियों की टीम ने जांच किया। जिसमें हजपुरवा बेलसंडी कल्याणपुर और मथुरापुर पंचायत शामिल है। समस्तीपुर से आए एसडीसी अमृता उत्तम ने मथुरापुर के वार्ड 5 10 11 में नल जल योजना को बंद पाया। जिस पर उन्होंने कड़ी फटकार लगाते हुए पदाधिकारियों को अविलंब ही नल जल योजना को चालू करने का निर्देश दिया। साथ ही पंचायत सचिव को मुखिया से मिलकर विकास के कार्यों को स्वच्छ रुप से चलाने का निर्देश दिया।

एसपी ने किया सिंघिया थाने का औचक निरीक्षण, दिए कई महत्त्वपूर्ण निर्देश

सिंघिया, प्रात : किरण संवाददाता

पुलिस अधीक्षक हृदयकांत गुरुवार को सिंघिया थाना पहुंचे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में पहुंचे पुलिस अधीक्षक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। गार्ड से सलामी लेने उपरांत पुलिस अधीक्षक ने थाना सिरिस्ता कक्ष को देखने के उपरांत थाना दैनिकी तथा दर्ज कांड का बारीकी से अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान अनुसंधानकताओं से कांड को लेकर अघतन रिपोर्ट की समीक्षा की तथा कांड को लंबित रखने वाले पदाधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कांड का ससमय निष्पादन हेतु आदेश दिया। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने तथा शराब बिक्री पर पूर्णरूपेण लगाम लगाने हेतु थानाध्यक्ष कृष्णकांत मंडल को कई दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक हृदय कांत द्वारा थाना में आए फरियादियों से मिल उनकी फरियाद सुनी तथा दिए आवेदन पर कार्यवाही हेतु थानाध्यक्ष को आदेश दिया। औचक निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर का भ्रमण किया तथा थाने में व्याप्त व्यवस्थाओं को देखा। पुलिस अधीक्षक के औचक निरीक्षण के दौरान रोसड़ा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शहरियार अख्तर, सिंघिया थानाध्यक्ष कृष्णकांत मंडल, पुलिस अवर निरीक्षक कुमार भुवन, सोनू कुमार के अलावे थाने में नियुक्त सभी पुलिस बल मौजूद रहे।

तख्तश्री पटना साहिब में फ्री मिलेगी फिजियो की सेवा

- जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह ने अरदास जर किया उद्घाटन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के नए दर्शनी ड्योढ़ी के पास फ्री में फिजियोथेरेपिस्ट की सेवा बहाल की गई है। गुरुवार को तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंहगौहर-ए-मस्कीन ने अरदास करने के बाद फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इस दौरान तख्तश्री शकमेटी के सचिव हरबंश सिंह खनूजा व सदस्य गुरुबिंदर सिंह के अलावा मनोहर सिंह बग्गा, जगजीत सिंह, हरजीत सिंह आदि मौजूद थे। सचिव हरबंश सिंह व गुरुबिंदर सिंह ने बताया कि इसका नाम श्री गुरु गोविंद सिंह फिजियोथेरेपिस्ट सेंटर रखा गया है। सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को अपराहन चार बजे से शाम सात बजे तक फिजियो की सेवा निःशुल्क मरीजों को मिल सकेगी। फिजियोथैरेपिस्ट कंसलटेंट डॉ रविचंद्र लाल ने बताया कि यहां स्पाइनल कॉर्ड, सर्वाइकल, शोल्डर, सायटिका, नी ज्वाइंट, आर्थराइटिस, पैरालाइसिस, एल्बो आदि से जुड़ा फिजियो की सेवा मरीजों को प्रदान की जाएगी। इसके पूर्व यहां हर किसी पैथोलॉजी जांच नाममात्र के शुल्क पर उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं लोगों को होमियोपैथ की सुविधा भी दी जा रही है।

वोटर लिस्ट में रहे नाम को आधार से जोड़ने को दिया प्रशिक्षण

- अनुपस्थित बीएलओ व पर्यवेक्षकों से किया जाएगा शोकॉज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अफसरों को वोटर लिस्ट में रहे नाम को आधार से जोड़ने, संशोधित व विलोपत करने के साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण 2023 के लिए कार्य कैसे करना है, इसके लिए गुरुवार प्रशिक्षित किया गया। गुलजारबाग स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक के ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया था। एसडीओ मुकेश रंजन ने बताया कि नया फॉर्मेट में कार्य करने और वोटरों से आधार कार्ड लेकर उससे जोड़ने को ले प्रशिक्षण दिया गया। इसकी अध्यक्षता सहायक निवार्ची पदाधिकारी शिखा सिन्हा ने की। एसडीओ ने बताया कि बैठक में शामिल नहीं होने वाले बूथ लेवल अफसरों और पर्यवेक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा जायेगा। बैठक में 344 बूथों के बूथ लेवल अफसर, 14 पर्यवेक्षक के साथ कार्यपालक दंडाधिकारी मंजू कुमारी, निर्वाचन कोषांग के संजय कुमार चौधरी, धर्मेंद्र प्रसाद, अरविंद कुमार आदि उपस्थित थे।

कोरोना के बढ़ते खतरे को देखते हुए बच्चे को लगाया जा रहा कोरोना का टीका

सिंघिया, समस्तीपुर। कोरोना के मामले में अचानक आई वृद्धि से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। एहतियातन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जगह-जगह कैंप लगाकर कोरोना के टीके लगाए जा रहे हैं। सिंघिया प्रखंड के कुंडल एक पंचायत स्थित प्राथमिक उच्च विद्यालय कुंडल के प्रांगण में कोरोना से रोकथाम के लिए कैंप लगाकर स्कूली बच्चों सहित जरूरतमंदों को कोरोना का टीका लगाया गया। 12 वर्ष से ऊपर के सभी बच्चों को कोवैक्सीन का प्रथम डोज दिया जा रहा है, जिससे वह वायरस के प्रकोप से बच सकें। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंघिया द्वारा प्रतिनियुक्त एएनएम लता कुमारी के द्वारा गुरुवार के दिन लगभग 80 से अधिक बच्चों तथा ग्रामीणों को करोना का टीका दिया गया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाध्यापक नागेश्वर प्रसाद सिंह बच्चों के अभिभावक के रूप में बच्चों में बैठे हुए सुई के डर को कम करने के लिए उन्हें समझाते दिखे। मौके पर स्कूल के अध्यापक फूल कुमार सिंह, एएनएम के सहयोगी बंशीधर सिंह मौजूद रहे।

पुराने जमीनी विवाद में युवक की बांस-बल्ले से पिटाई, पुलिस जांच में जुटी

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र में इन दिनों दबंगों और असमाजिक तत्व असहाय लोगों पर अपना जोड़-जुल्म का कहर बरपा रहा है। आए दिन इस तरह का वीडियो फुटेज सामने आ रहा है। ताजा मामले भगवानपुर चकशेखू मोहल्ले का है, जहां पुरानी जमीनी विवाद और केस मुकदमें को लेकर एक पक्ष के द्वारा दूसरे पक्ष के निहत्थे युवक के साथ बांस-बल्ले से मारपीट करने का वीडियो सामने आया है। जिसमें एक युवक अपने ही घर के पास के एक युवक के साथ मारपीट करता हुआ दिखाई दे रहा है। पीड़ित युवक की पत्नी के अनुसार उनकी सास और उनका पूरा परिवार सास के मायके में ही रहते हैं। बताया गया कि उनके सास का कोई भाई नहीं था, इसलिए वह मायके में ही रहकर अपने बचे हुए जमीन जायदाद की देखभाल करती हैं। वहीं चचेरे रिश्तेदारों ने पूर्व में भी उनकी सास और उनके पति व परिवार के अन्य लोगों पर तेजाब से हमला किया था। उन लोगों के द्वारा की गई पिटाई में घायल युवक का इलाज बेगूसराय जिले में चल रहा।

संक्षिप्त खबरें

जलबोझी के लिए आए युवक की डूबने से मौत

चकिया। चकिया थाना क्षेत्र स्थित बाराघाट स्थित बुढ़ी गंडक नदी में जलबोझी करने आए युवक की गुरूवार डूबने से मौत हो गई। मृतक थाना क्षेत्र के विशुनपुर निवासी भुटा दास का 19 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार बताया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त युवक बांसघाट दामू टोला स्थित शिव मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा हेतु जलबोझी करने बाराघाट आया था। जहां गहरे पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई। हालांकि युवक का शव बरामद नहीं किया जा सका था। युवक के शव की तलाश हेतु एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। घटना के संबंध में जानकारी मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। परिवारजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

राजस्व कर्मचारी व सहायक को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

गोपालगंज। जिले के विजयीपुर अंचल के सीओ बीएन राय के निर्देश पर प्रखंड के विक्रमपुर गांव पहुंचे चैमुखा पंचायत के राजस्व कर्मी कैलाश कुमार व सहायक को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। बताया गया कि आम रास्ता पर अतिक्रमण के एक मामले को लेकर सीओ के निर्देश पर राजस्व कर्मी व सहायक गांव में पहुंचे थे। वहीं, सीओ द्वारा स्वयं निरीक्षण के बाद ग्रामीणों ने राजस्व कर्मचारी को मुक्त कर दिया। इसके अलावा सीओ ने ग्रामीणों के समक्ष सुनील राम और रामकृपाल चैधरी से आगामी सोमवार को सरकारी अमीन से पैमाइश कराकर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की बात कही। सीओ ने कहा कि पैमाइश में कोई भी पक्ष एतराज करेगा तो कानून का उल्लंघन करेगा। जो भी पक्ष उल्लंघन करेगा उसके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

गोपालगंज में युवती की हत्या कर शव को दफनाया

गोपालगंज। जिले के विजयीपुर थाने के नवका टोला गांव में एक युवती की हत्या कर शव को नदी किनारे दफना दिए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। युवती का शव पुलिस ने कटेया थाना क्षेत्र के खनुआ नदी के तट से कब्र के अंदर से बरामद किया है। और अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक युवती रामायण राजभर की पुत्री रेनु कुमारी बतायी गयी है। इधर, घटना के बाद से आरोपित पिता और भाई समेत अन्य परिजन फरार हैं। पुलिस को शक है कि ऑनर किलिंग में वारदात को अंजाम दिया गया है।

प्रभारी सचिव ने की जनकल्याणकारी व विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा

पूर्णिया, प्रात : किरण संवादाता

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव सह प्रभारी सचिव पूर्णिया जिला विनय कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी सुहर्ष भगत द्वारा जिले के भौगोलिक स्थिति से सचिव को अवगत कराया गया। सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं तथा मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना की प्रगति एवं उपलब्धि से सचिव को पीपीटी के माध्यम से विभाग वार अवगत कराया गया।

सर्वप्रथम बाढ़ पूर्व तैयारी, आपूर्ति, मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना, मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना, मुख्यमंत्री नली गली पक्कीकरण, हर घर नल का जल, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, युवा कुशल कार्यक्रम, सड़क फुल पुलिया तटबंधों की सुरक्षा आदी की समीक्षा की गई। प्रगति संतोषजनक पाया गया। संभावित बाढ़ की समीक्षा के दौरान पीपीटी के माध्यम से बताया गया कि वर्षा मापक यंत्र, प्रभावित क्षेत्र एवं संकट ग्रस्त व्यक्तियों समूह की पहचान तटबंध की सुरक्षा सूचना व्यवस्था की तैयारी पूर्ण कर ली गई

समीक्षा

- बाढ़ की तैयारी का डीएम के साथ किया पूरा आकलन, स्थिति रही संतोषजनक

है। इस जिले में अंचल वार सरकारी नावों की कुल संख्या 66, निजी नावों की संख्या 46 उपलब्ध है। पॉलीथिन शीटस जिला भंडार में 19037 एवं अंचलों में 30 30 यानी कुल 22 067 उपलब्ध है। बाढ़ शरण स्थल सभी अंचलों द्वारा 300 का चयन किया गया है। बाढ़ की स्थिति में चिन्हित स्थलों पर मेडिकल कैंप का संचालन किया जाएगा। एक टैंकर ,130 जैरी कैन, 457 पैकेट ब्लीचिंग पाउडर, 60000 हैलोजन टैबलेट, ओ आर एस 15 469, 162, अस्थाई चापाकल, 380 अस्थाई शौचालय, जल शुद्धीकरण यंत्र चार तथा दो जल दूत सुलभ है। सामुदायिक रसोई केंद्रों की कुल संख्या 256 है। समुदाय के रसोई संचालन हेतु कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। मानव एवं पशु दावा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अंचल वार मोबाइल टीम का गठन कर लिया गया है। मोबाइल मेडिकल टीम एवं मेडिकल कैंप चलंत 14 तथा अस्थाई 22 का गठन किया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए सचिव द्वारा सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं का निष्पादन निर्धारित मापदंड एवं गुणवत्तापूर्ण समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें। बाढ़ के मद्देनजर तटबंध की सुरक्षा पर विशेष निगरानी तथा बाढ़ में क्षतिग्रस्त सड़क पुल पुलिया का मरम्मती निर्धारित समय सीमा के अंदर हर हालत में करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजनाओं की समीक्षा के दौरान सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को हर हालत में पूरा करना सुनिश्चित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सिविल सर्जन जिला, निर्देशक डीआरडीए अधिकारी सदर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, स्थापना उप समाहर्ता निदेशक डीआरडीए एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारी गण मौजूद थे।

केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से विद्युत के क्षेत्र में आया परिवर्तन: मंत्री

पूर्णिया, प्रात : किरण संवादाता

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'उज्जवल भारत उज्जवल पावर' @2047 महोत्सव का स्थानीय कलाभवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि खाद्य उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह, स्थानीय विधायक विजय खेमका, अध्यक्ष, जिला परिषद, अधीक्षण अभियंता, नोडल पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मंत्री लेशी सिंह ने कहा कि भारत सरकार और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयास से आज विद्युत के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन नजर आता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्युत विभाग की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से करते हुए एक तरफ जहां आम लोगों के घरों में विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है वहीं किसानों एवं उद्यमियों के लिए निर्बाध विद्युत की आपूर्ति वरदान साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि जन हितैषी केंद्र व प्रदेश सरकार अपने विकासात्मक योजनाओं से जन-जन को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के संकल्प "हर घर बिजली" की उपलब्धता की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ

- उज्जवल भारत उज्जवल पावर @2047 महोत्सव आयोजित

कार्य करते हुए जन आकांक्षाओं को मूर्त रूप दिया गया है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की भी भूरी -भूरी प्रशंसा की। इसके पूर्व अधीक्षण अभियंता एवं नोडल पदाधिकारी ने अपने संबोधन में विधुत के क्षेत्र में जिले की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण, ग्राम विद्युतीकरण, विद्युत वितरण प्रणाली एवं सशक्तिकरण, नवीनीकरण अक्षय ऊर्जा, कैपेसिटी एडिशन, वन नेशन वन ग्रिड, उपभोक्ताओं के अधिकार इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय विधायक खेमका एवं अध्यक्ष जिला परिषद के प्रतिनिधि तथा अन्य वक्ताओं ने भी इस संबंध में अपने विचार रखे। नोडल अधिकारी ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य अधिक से अधिक जनभागीदारी एवं बिजली के क्षेत्र में हुए विकास को अधिक से अधिक लोगो तक पहुंचाना है ।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभुकों ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार बिजली उनके जीवन में एक वरदान की तरह कार्य करती है। आज की जीवनशैली से जुड़ी हुई हर छोटी से छोटी बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल करके हम अपने जीवन यापन को कितना सुगम बना सकते हैं। साथ ही साथ हमारे बच्चें की शिक्षा में भी अब कोई बाधा नहीं होती है। उन्होंने कहा कि बिजली से हमारे गांव और घरों में खुशहाली का माहौल है। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा विद्युत के महत्व, इसके उपयोग एवं विद्युत विभाग की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। वहीं स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रगति पायल द्वारा किया गया।

प्रथम सावधिक परीक्षा के तीसरे दिन हुई हिंदी और अंग्रेजी की परीक्षा

चिरैया। प्रखंड के सभी 23 पंचायतों में अवस्थित माध्यमिक विद्यालयों में मंगलवार से शुरू हुई 9वीं एवं 10वीं कक्षा के बच्चों के लिए प्रथम सवाधिक परीक्षा के तीसरे दिन गुरुवार को प्रथम पाली में 10वीं कक्षा के बच्चों की परीक्षा हुई। जिसमें बच्चों ने अंग्रेजी की परीक्षा हुई। वहीं दूसरी पाली में 9वीं कक्षा के बच्चों की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने हिंदी विषय की परीक्षा दी। महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी के प्राचार्य प्यारे सतीश कुमार सिंह, जगन्नाथ हाई स्कूल चिरैया के प्राचार्य दवीर आलम, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय खड़तरी के प्राचार्य राकेश रंजन आदि ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह से शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त माहौल में आयोजित की जा रही है। शुक्रवार को प्रथम पाली में 10वीं कक्षा के लिए गणित एवं दूसरी पाली में 9वीं कक्षा के लिए भी गणित विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

बगहा: 11 सूत्री मांगों को लेकर सरपंच संघ की बैठक सम्पन्न

बगहा, प्रात : किरण संवादाता

प्रखंड बगहा एक के चैतरवा कोर्ट माई स्थान परिसर में गुरुवार को प्रखंड बगहा एक के सरपंच संघ के अध्यक्ष तथा सभी सरपंच प्रतिनिधि की एक बैठक की गई। जिसमें राज्यव्यापी आंदोलन के जरिए बिहार के सभी जिला मुख्यालयों पर 5 अगस्त को धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान बिहार प्रदेश सरपंच संघ उपाध्यक्ष प्रतिनिधि जगन्नाथ यादव ने बताया कि हम सरपंच एवं पंचों के हक की लड़ाई के लिए 5 अगस्त को जिला मुख्यालय बेतिया में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही 11 सूत्रीमांगों को लेकर बैठक में निर्णय लिया गया। जिसमें 1।सरपंच को मजिस्ट्रेट का पावर निर्गत कर ग्राम कचहरियों में पुलिस बल के साथ चैकीदार सहित सुरक्षा दल की नियुक्ति कर हथकड़ी सहित सर्व सुविधा सरकार मुहैया कराए 2। सरपंचों तथा पंचों के लिए सांसद व विधायकों की तरह सुविधाओं से लैस जैसे सुरक्षा की गारंटी स्वास्थ्य, बीमा सहित सभी 11 सूत्री मांगों को पंचायती राज अधिनियम के तहत जोड़कर सभी सुविधा मुहैया कराएं उन्होंने बताया कि 2006 से लेकर वर्तमान समय तक के सभी सरपंच एवं पंचों को वेतनमान व अन्य सुविधाओं को प्रदान किया जाए इस दौरान नड्डा सरपंच प्रतिनिधि मनोज यादव सिंगाड़ी पिपरिया सरपंच प्रतिनिधि लालबाबू यादव बडगांव सरपंच अरुण कुमार श्रीवास्तव मेहुड़ा सरपंच सतीश कुमार श्रीवास्तव, रायबारी महुवा सरपंच मोहम्मद शरीफ पडरखाप भैंसही सरपंच विजय यादव हरदी नदवा दीपक कुमार प्रसाद, सिसवा बसंतपुर सरपंच प्रतिनिधि मजहर आलम चंद्राहा रुपवालिया प्रतिनिधि मुनीब अंसारी आदि दर्जनों जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

डबल इंजन की सरकार पूरी तरह फेल : डॉ सुरेश पासवान

यशवंत कुमार सिंह

औरंगाबाद। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डा सुरेश पासवान ने कहा है कि धरती और सम्पूर्ण जीव जंतुओं के लिए वर्षा ऋतु न सिर्फ जीवनशैली को प्रभावित करती है बल्कि नया जीवन का संचार भी पैदा करती है।

इसलिए बिन वर्षा जीवन की कल्पना करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। खेती किसानी का समय निकलता जा रहा है, किसानों का सब्र टुटता जा रहा है आकाश से मेघगर्जना भी गायब है मानो प्रकृति और मौसम एक साथ इंसानो का परीक्षा ले रहा हो। खेती किसानी से केवल किसान और मजदूर का घर परिवार ही नहीं चलता है बल्कि बाजार सहित सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था गुलजार होता है। वर्षा ऋतु के डेढ़ महीना बीत गया लेकिन इतना भी अभी तक वर्षा नहीं हुआ की चापाकल और पंपिंग सेट का वाटर लेवल उपर आ सके। विडंबना है की 90% चापाकल और शमरशेबल मोटर बंद हो कर बेकार साबित हो रहें हैं। पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है घर बार छोड़कर लोग अन्यत्र जा रहे हैं चूंकि पानी नहीं तो जिंदगानी नहीं वाली कहावत चरितार्थ हो रहा है। डॉ पासवान ने कहा है कि इस विकराल स्थिति में डबल इंजन वाली मोदी नीतीश की सरकार पुरी तरह फेल साबित हो रही है चूंकि इस हालात से निपटने के लिए कोई भी रोड मैप इनके पास नहीं है। सत्रह वर्षों से नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री बने हैं लेकिन एक भी मुक्कमल सिंचाई परियोजना नहीं है जो ऐसे समय में कारगर साबित हो रहा हो । जैसे उत्तर कोयल परियोजना, बंटाने हडियाही जलाशय योजना, सोन उच्चस्तरीय कैनाल, सोन कैनाल, पुनपुन चाहिए। उदवह सिंचाई परियोजना, कन्हर सिंचाई परियोजना, जमने सिंचाई परियोजना, ये सारी परियोजनाएं दक्षिण और मध्य बिहार की है जो वर्षों से आधे अधूरे स्थिति में पड़ी हुई है। वर्षा जल को अपनी सरकार की उपलब्धि बताने वाले सरकार की आज सरकारी पोल पट्टी खुलता दिख रहा है। कृषि रोड मैप बाढ़ में बह गया या सुखाड़ में सुख गया कहीं दिखाई ही नहीं दे रहा है। बिहार सरकार की कृषि रोड मैप के बारे में बड़ी बड़ी घोषणाएं हवा हवाई साबित हो रही है। आत्म चिंतन करने के बजाय अभी भी बयान बाजी से बाज नहीं आ रही है ।

दो शराब कारोबारी सहित छह शराबी गिरफ्तार

मझौलिया। गुरुवार के दिन जिला पुलिस कप्तान उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देश पर मझौलिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न ठिकानों से दो शराब कारोबारी सहित छह पियक्कड़ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह जानकारी थाना अध्यक्ष अशोक कुमार साह ने दी । उन्होंने बताया कि इन लोगो के विरुद्ध थानकाण्ड संख्या 553/22 धारा 37,30(ए) बिहार मद्य निशेष एंव उत्पाद अधिनियम 2016 के नामजाद अभियुक्त नागेंद्र महतो पिता स्व.रामदेव महतो साकिन बहुआरवा वार्ड नंबर11 इनके पास से आधा लीटर देशी चुलाई शराब बरामद हुआ है। खजांति मिया पिता अनवर मिया साकिन पचभिडिया वार्ड नंबर14 थाना रामगढ़वा जिला पूर्वी चंपारण ,थाना कांड संख्या 554/22 दिनांक 27/7/22 धारा 30(ए),37 बिहार मद्य निषेध एव संशोधित अधिनियम 2022 के नामजाद अभियुक्त सहाबुद्दीन मिया पिता स्व.जुमा मिया साकिन जौकटिया वार्ड नंबर6 इनके पास से एक लीटर देशी चुलाई शराब बरामद हुआ है।

कैमूर: बच्चों से किए वादे को प्रधानाध्यपक ने किया पूरा

कैमूर, प्रात : किरण संवाददाता

रामगढ़ प्रखंड के डहरक मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने विद्यालय को स्मार्ट प्रोजेक्टर भेंट किया विदित हो कि राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान 2021 प्राप्त होने के उपरांत प्रधानाध्यपक हरिदास शर्मा ने बच्चों से वादा किया था कि जो पुरस्कार की राशि प्राप्त हुई है इससे विद्यालय को मैं कंप्यूटर एवम आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराऊंगा, इसी के तहत स्मार्ट प्रोजेक्टर उन्होंने विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष, सचिव, मुखिया मनोज राम तथा शिक्षकों की उपस्थिति में चेतना सत्र के दौरान विद्यालय को भेंट किया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय तकनीकी का है और इन ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने में आई.सी. टी. उपकरणों की कमी नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने उपस्थित

मुखिया, समिति एवम शिक्षकों से भी अनुरोध किया कि यथासंभव विद्यालय को संसाधन उपलब्ध कराए ताकि और बेहतर शैक्षिक संसाधन विद्यालय को मिल सके। उन्होंने भारत सरकार द्वारा संचालित विद्यांजलि योजना पर भी प्रकाश डाला। प्रधानाध्यपक द्वारा किए जा रहे कार्यों एवम सहयोग के लिए उन्हें बधाई दी गई। प्रधानाध्यपक हरिदास शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप परिश्रम करें, आपको वह सभी सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करूंगा। मुखिया मनोज राम ने विद्यालय को हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया।

मुमताज अहमद जुगनू बने जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश जनता दल यू० अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सलीम परवेज के द्वारा औरंगाबाद जिला जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के पद पर सैय्यद मुमताज अहमद जूगनू को बनाये जाने पर जिला जदयू के नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्वागत किया है।

मुमताज अहमद जूगनू को अध्यक्ष बनाये जाने के लिए जिला जदयू के नेताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, बिहार प्रदेश जदयू के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सलीम परवेज के प्रति आभार व्यक्त किया है ।पार्टी के जिलाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने जूगनू को जिलाध्यक्ष बनाये जाने जाने पर बधाई दिया है. उन्होंने कहा कि जूगनू को अध्यक्ष बनने पर जिला का अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सशक्त एवं मजबूत होगा. पार्टी के वरीय नेता

तेजेन्द्र कुमार सिंह ने इन्हें अध्यक्ष बनने से अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का संगठन सशक्त एवं गतिशील होगा। पार्टी के जिलाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने जूगनू को जिलाध्यक्ष बनाये जाने जाने पर बधाई दिया है. उन्होंने कहा कि जूगनू को अध्यक्ष बनने पर जिला का अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सशक्त एवं मजबूत होगा. पार्टी के वरीय नेता तेजेन्द्र कुमार सिंह ने इन्हें अध्यक्ष बनने से अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का संगठन सशक्त एवं गतिशील होगा ।जदयू के प्रदेश सचिव रामकृष्ण कुमार उर्फ नन्हकू पाण्डेय, प्रदेश जदयू के सचिव अशोक मेहता, वरीय नेता संजीव कुमार सिंह, औरंगाबाद सदर प्रखंड के अध्यक्ष अजिताभ कुमार उर्फ रिंकू सिंह, शिक्षा प्रकोष्ठ औरंगाबाद के जिलाध्यक्ष जगरन्नाथ सिंह, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष मंजरी सिंह, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा उर्फ छोटे शर्मा, सत्येंद्र सिंह चंद्रवंशी, पूर्व प्रमुख प्रमोद कुमार सिंह, पार्टी के कोषाध्यक्ष जहिर अहसन आजाद, अनवर खां, अतहर हुसैन उर्फ मंटू ने श्री जुगनू को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है और उन्हें बधाई दी है। वही अधिवक्ता ईरशाद अहमद, मुजफ्फर ईमाम कुरैशी, कंचनपुर पंचायत के मुखिया एवं जदयू नेता बसंत मेहता, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष महेश चौधरी एवं जदयू नेता एवं पार्टी के महासचिव धर्मेन्द्र कुमार सिंह, जदयू नेता ब्रजेश सिंह, एवं संतोष कुमार सिंह ने जूगनू को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ औरंगाबाद के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई दिया है साथ ही पार्टी के सभी शीर्ष नेताओं के प्रति आभार जताया है।

पंसस को दी गयी बिहार पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी

गोपालगंज। जिला परिषद कार्यालय स्थित जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में गुरुवार से पंचायत जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें मांझा व उचकागांव प्रखंड के नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डीपीआरसी नोडल राकेश कुमार ने की। इसके बाद मुख्य प्रशिक्षक संदीप कुमार ने प्रथम सत्र में पंचायती राज व्यवस्था का उद्भव व विकास के बारे में बताया। जिसमें 73वें संविधान संशोधन में किए गए प्रवधान और उसके अधीन बिहार पंचायती राज अधिनियम 2006 के प्रावधान की जानकारी दी। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर वार्ड सभा- ग्राम सभा,ग्राम पंचायत की बैठक, स्थायी समिति, निगरानी समिति , पंचायत समिति स्तर पर पंचायत समिति, स्थायी समिति और जिला परिषद स्तर पर जिला परिषद स्थायी समिति के बारे में बताया।

अनावश्यक ट्रेनों में ना करें चैन पुलिंग: रेल डीएसपी

बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता

अनावश्यक ट्रेन का चैन पुलिंग, ट्रेन में भीड़ भाड़ नहीं करना चाहिए, यात्रा करते हुए किसी अनजान व्यक्ति का दिया हुआ भोजन या खाद्य सामग्री ग्रहण नहीं करें। उक्त बातें पंकज कुमार, रेल डीएसपी और चंदन कुमार ,निरीक्षक, आरपीएफ नरकटियागंज ने संयुक्त रूप से बेतिया रेलवे स्टेशन परिसर 75 अमृत महोत्सव के दौरान कोलकाता हावड़ा, मालदा, सियालदह ,आसनसोल से आए 62 सदस्य आरपीएफ के जवानों एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहीं, आगे कुमार ने कहा कि जागरूकता अभियान महिला यात्रियों की सुरक्षा पर और विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर हावड़ा से एस राय, आसनसोल से विकास यादव ,नकुल सिंह टीसी गुर्जर, मालदा से पुष्कर कुमार, यशवंत कुमार ,डीके कुमार मनीष कुमार

- अमृत महोत्सव का हावड़ा से आरपीएफ जवानों का जत्था पहुंचा बेतिया

यादव एवं सियालदह से यूएन सिंह एम सरदार गौतम बिस्वास रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर भ्रमण करते हुए भ्रमण दल बेतिया रेलवे स्टेशन पहुंचा जिसमें आरपीएफ अशोक कुमार यादव के देखरेख में यहां पर जलपान और भोजन की व्यवस्था एवं रेलवे परिसर में भ्रमण किया गया पर वृक्षारोपण भी किया गया। इस मौके पर आरपीएफ के विवेक सिंह, नंद किशोर पांडे ,रजनीश कुमार गिरजेश कुमार एवं एसएस अनंत बैठा आदि मौजूद रहे।

मेयर के रुप में एक मौका दें जनता, बदल दूंगी निगम की तस्वीर: कौशिल्या जायसवाल

पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार नगरपालिका चुनाव की घोषणा हो गयी है। घोषणा मात्र से ही चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशी लगातार मतदाताओं से संपर्क करने के लिए युद्धस्तर पर जनसंपर्क कर रहे हैं। इसी क्रम में पूर्णिया नगर निगम की भावी मेयर प्रत्याशी कौशिल्या जायसवाल भी लगातार इस भीषण गर्मी में भी मतदाताओं से संपर्क करने में लगी हुई हैं।

वे मोहल्ले-मोहल्ले में घूम-घूम कर लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं तथा आश्वासन दे रहे हैं कि उनके मेयर बनते ही समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निदान किया जाएगा। श्रीमती जायसवाल ने बताया कि जब

वे नगर निगम के वार्डों में जनसंपर्क अभियान के क्रम में जाती हैं तो क्षेत्र में नगर निगम के मौलिक सुविधाओं का अभाव स्पष्ट दिखाई पड़ता है। विकास के नाम पर जगह जगह कचरे की समस्या, जल नल योजनाओं का पता नहीं, सड़क एवं नाले की जर्जर स्थिति स्पष्ट दिखाई पड़ती है। उन्होंने कहा कि आज तक नगर निगम, नगरपालिका में जो भी काबिज रहा, उसने सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग

- शहरी वार्डों में युद्धस्तर पर जनसंपर्क अभियान चला रही भावी मेयर प्रत्याशी

ही किया। लेकिन उनके कार्यकाल में सिर्फ विकास होगा और गरीबों को उनका हक दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर की छोटी-छोटी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण कराया जाएगा।

जायसवाल ने कहा कि वह लंबे समय से समाज की सेवा करती आ रही हैं और हर वर्ग व तबके की समस्याओं को अपनी आवाज देती आयी हैं। वह जनता से अपील कर रही हैं कि एक मौका जीत के रूप में उन्हें दिया जाए, ताकि पूर्णिया नगर निगम विकास के नयी उंचाई व आयाम को प्राप्त कर सके।

करेंट लगने से पुत्री की हुई मौत, माता व पिता घायल

पालीगंज , प्रात : किरण संवाददाता

गुरुवार की सुबह थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव में बिजली करेंट से पुत्री की मौत हो गयी। वही माता व पिता गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसकी इलाज पालीगंज अनुमंडल अस्पताल में कराई गई। जानकारी के अनुसार पालीगंज थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव निवासी बिजेंद्र पंडित के 18 वर्षीय पुत्री निक्की कुमारी गुरुवार की सुबह स्नान कर आंगन में खिंचे गए लोहे के तार पर भींगे हुए कपड़े को सूखने के लिए डाल रही थी। उस समय किसी स्थान पर बिजली प्रवाहित तार से स्पर्श होने के कारण उस लोहे के तार में बिजली प्रवाहित हो रहा था। जिसके कारण निक्की उस तार के चपेट में आ गयी। जब मां पूनम देवी उसे अलग हटाने के लिए प्रयास की तो वह भी बिजली करेंट के चपेट में आ गयी। जिसे देख पिता बिजेंद्र पंडित ने शोरगुल करते हुए पत्नी व पुत्री को बचाने के लिए समीप जाकर हटाने के प्रयास किया तो वह भी बिजली करेंट के चपेट में आ गया। वही बिजेंद्र पंडित के द्वारा किये गए शोरगुल की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे व बिजली करेंट बाधित कर सभी को तार से हटाया। इस हादसे में निक्की की मौत घटनास्थल पर हो गया। वही माता पूनम देवी व पिता बिजेंद्र पंडित गम्भीर रूप से घायल हो गया। वही ग्रामीणों ने घायलों को पालीगंज अनुमंडल अस्पताल ला कर ईलाज करवाया। वही घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पालीगंज पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया व कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पालीगंज अनुमंडल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराई।

'बिजनेस एनालिटिक्स' पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

रोहतास ब्यूरो, प्रात : किरण

सासाराम। नारायण अकादमी ऑफ मैनेजरियल एक्सीलेंस, प्रबंधन संकाय, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय जमुहार सासाराम में ₹डाटा साइंस और बिजनेस एनालिटिक्स ₹ पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया जिसमें एमबीए तथा बीएमएस के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम में दो विषय विशेषज्ञों ,सोमेश चित्रांशी, डाटा साइंटिस्ट, एन टी टी डाटा , गुडगाँव तथा अरमान श्रीवास्तव, अर्नेस्ट एंड यंग ग्लोबल लिमिटेड, गुडगाँव ने अपने व्याख्यान से विद्यार्थियों को लाभान्वित किया। वक्ताओं ने अपने सम्बोधन में कहा कि डेटा साइंस एक लगातार बढ़ता

हुआ क्षेत्र है और निकट भविष्य में इसके बहुत तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। डेटा साइंस का उपयोग सोशल मीडिया और आई ओ टी आधारित उपकरणों के विकास में बहुत सहायक है, जो बहुत अधिक डेटा इकठ्ठा करते हैं जिसे बाद में समय तथा मांग के हिसाब से इस्तेमाल में लाया जाता है तथा अधिकतम इनसाइट्स प्राप्त करने के लिए कई स्रोतों से जानकारी का विश्लेषण करने में मदद करते हैं जो एक कंपनी को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ देता है। कार्यक्रम के समन्वयक, डॉ अभिषेक श्रीवास्तव, एसोसिएट प्रोफेसर ने बताया कि नारायण अकादमी ऑफ मैनेजरियल एक्सीलेंस, प्रबंधन संकाय, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, में डाटा साइंस पर एमबीए तथा बीएमएस पाठ्यक्रम में एडमिशन प्रारम्भ है और इस कोर्स में अध्यनरत छात्रों को बढ़िया पैकेज पर इंडस्ट्री में स्थानन की सुविधा भी दी जाती है। उपरोक्त अवसर पर संस्थान डीन, प्रो अलोक कुमार ने छात्रों को सन्देश में प्रोत्साहित किया और साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन डॉ मुकेश कुमार, सहायक प्रोफेसर ने किया। जीएनएसयू के अकादमिक निदेशक, प

सम्पादकीय

टकराव की राजनीति

संसद के मानसून सत्र में शुरूआत से ही जैसी अप्रिय स्थिति देखने को मिल रही है वह सवाल पैदा करती है कि आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे देश के नीति-नियंता 75 साल में कितने परिपक्व, जवाबदेह व जिम्मेदार हो पाए हैं? महंगाई के मुद्दे तथा दैनिक उपभोग की वस्तुओं पर जीएसटी लगाने का विरोध कर रहे नेता न सरकार को सुन रहे हैं और न ही सरकार भी इसे गंभीरता से ले रही है। ऐसा लगता है कि देश के लिये कानून बनाने वाली बिरादरी कानून सम्मत तरीके से सदन की कार्यवाही चलाने में रुचि नहीं दिखा रही है। सत्ता पक्ष द्वारा कोरोना संकट से उबरते देश में आय संकुचन के बावजूद कुलांचे भरती महंगाई पर संवेदनशीलता न दिखाना आम आदमी को परेशान करता है। विपक्ष दैनिक उपभोग की आम वस्तुओं को जीएसटी के दायरे में लाने को आमजन के जले पर नमक छिड़कना बताता है। लगता है कि पक्ष-विपक्ष जनसरोकारों को तरजीह देने के बजाय अपने राजनीतिक निहितार्थों को तरजीह दे रहे हैं।

दरअसल, जब से संसद की कार्यवाही का सीधा प्रसारण शुरू हुआ है तब से गतिरोध व हो-हल्ले की प्रवृत्ति में तेजी आई है। लगता है विपक्ष संसद की कार्रवाई के जरिये अपने मतदाता को संबोधित कर रहा है। यही वजह है कि गतिरोध बढ़ने पर लोकसभा की कार्यवाही में बाधा डालने के लिये पहले चार सांसदों को और फिर मंगलवार को राज्यसभा के 19 विपक्षी सांसदों को एक सप्ताह के लिये निलंबित कर दिया गया। बुधवार को फिर राज्यसभा के उपसभापति ने आप के एक सांसद को निलंबित किया। दरअसल, सदन की कार्यवाही को निर्बाध रूप से चलाने के लिये लोकसभाध्यक्ष व राज्यसभा के सभापति को सांसदों को निलंबित करने का अधिकार होता है। देश के लोकतंत्र के इतिहास में सांसदों का सबसे बड़ा निलंबन वर्ष 1989 में हुआ था जब एक साथ लोकसभा के 63 सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। दरअसल, ये सांसद पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की जांच करने वाले ठक्कर कमीशन की रिपोर्ट सदन में रखने की मांग कर रहे थे।

निस्संदेह, टकराव की यह राजनीति लोकतंत्र के हित में नहीं कही जा सकती। सदन की कार्यवाही को लेकर विशुद्ध राजनीति के बजाय लोकतंत्र व देश के सरोकारों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। लाखों लोग अपने प्रतिनिधियों को चुनकर संसद में भेजते हैं ताकि जनहित में कानून बनें और आम आदमी को राहत मिले। फिर सदन की कार्यवाही में आयकरदाताओं का करोड़ों रुपया खर्च होता है। ऐसे में सत्र के कई महत्वपूर्ण कार्य दिवसों का यूं ही व्यर्थ चले जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। जो दुनिया में सबसे बड़े लोकतंत्र की आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं है। विडंबना ही है कि सत्तापक्ष व विपक्ष की ओर से संसद में जारी गतिरोध को टालने की गंभीर कोशिश नहीं होती।

सत्ता पक्ष की ओर से टकराव टालने के लिये जो गंभीर पहल होनी चाहिए थी, वह भी होती नजर नहीं आती। संसद की गरिमा का तकाजा है कि सत्तापक्ष निरंकुश व्यवहार न करे। वह विपक्षी आवाज को ध्यान से सुने और सांसदों की शंकाओं का समाधान करे। नाराज विपक्ष को मनाने की भी सार्थक पहल होनी चाहिए। एक समय था कि संसद में तमाम धीर-गंभीर,विद्वान व ओजस्वी वक्ता हुआ करते थे। उनकी तार्किक बहस को आम जन ही नहीं, सांसद भी गंभीरता से सुनते थे। वे खूब तैयारी के साथ सदन में आते थे और मुखर होकर तार्किक बहस को निर्णायक स्तर तक ले जाने का प्रयास करते थे। एक बार वर्ष 1994 में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने कश्मीर के मुद्दे पर यूएन में भारत का पक्ष रखने के लिये विपक्षी नेता अटल बिहारी वाजपेयी जैसे मुखर-प्रखर वक्ता को भेजा था। वहीं जब 1971 में भारत ने बांग्लादेश की आजादी में निर्णायक भूमिका निभाई तो अटल जी ने इंदिरा गांधी को दुर्गा की संज्ञा दी थी। काश, आज सदन में गतिरोध खत्म करने के लिये सत्तापक्ष और विपक्ष जिम्मेदार भूमिका का निर्वहन करते। यह लोकतंत्र की गरिमा के लिये वक्त का तकाजा भी है।

मुफ्त की रेवडी कल्चर

पिछले कुछ सालों से देश भर में होने वाले चुनावों के दौरान मतदाताओं का समर्थन हासिल करने के लिए राजनीतिक दलों की ओर से जिस तरह के लुभावने वादे किए जाने लगे हैं, उसे लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। मुख्य शिकायत यह सामने आई है कि चुनाव के दौरान पार्टियां जिस तरह जनता के सामने कुछ चीजें मुफ्त उपलब्ध कराने का वादा करती हैं, उसका असर निष्पक्ष मतदान की प्रक्रिया पर पड़ता है और इस तरह आखिरी तौर पर एक स्वस्थ लोकतंत्र बाधित होता है।

अब सुप्रीम कोर्ट ने इस पर उचित ही सवाल उठाते हुए केंद्र सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा है कि चुनावों के दौरान राजनीतिक पार्टियों की ओर से मुफ्त में चीजें बांटने या ऐसा करने का वादा करने को वह कोई गंभीर मुद्दा मानती है या नहीं! अदालत ने केंद्र को वित्त आयोग से यह भी पता लगाने को कहा कि पहले से कर्ज में डूबे राज्य में मुफ्त की योजनाओं पर अमल रोका जा सकता है या नहीं। दरअसल, चुनावों में सत्ता हासिल करने के लिए अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों की ओर से किए जाने वाले वादे की शक्ल अब बीते कुछ समय से कोई चीज या सुविधा मुफ्त मुहैया कराने के रूप में सामने आने लगी है। अगर एक पार्टी विद्यार्थियों को मुफ्त लैपटाप देने का वादा करती है तो दूसरी बिजली और स्कूटी या गैस सिलेंडर। हालत यह हो गई है कि इस मामले में लगभग सभी पार्टियों के बीच एक होड़ जैसी लग गई है कि मुफ्त के वादे पर कैसे मतदाताओं से अपने पक्ष में लुभा कर मतदान कराया जा सके। कई बार सरकार बनने के बाद ऐसे वादे पूरा होने की राह देखते हैं, तो कई बार इन पर अमल भी किया जाता है। सवाल है कि अगर कोई पार्टी केंद्र या किसी राज्य में सरकार बनने के बाद आम जनता को मुफ्त सुविधा या सामान मुहैया कराती है, तो उसका आधार क्या होता है! लगभग हर छोटी-मोटी सुविधाओं या आर्थिक व्यवहार को कर के दायरे में लाने और उसे सख्ती से वसूलने वाली सरकारें इतने बड़े पैमाने पर कोई चीज कैसे मुफ्त देने लगती हैं? इसका एक अन्य पहलू यह है कि कुछ सुविधाएं या सेवाएं मुफ्त किए जाने से इतर सरकार क्या जनता से अन्य मदों में कर नहीं वसूलती है? फिर विशेष या आपात स्थिति में अगर जीवन-निर्वाह के लिए लोगों को कोई सामान निशुल्क दिया जाता है तो क्या वह सरकार की जिम्मेदारी नहीं होती है? यह जगजाहिर है कि कई बार विकास से संबंधित किसी काम के समय पर पूरा नहीं होने को लेकर सरकारें कोष में धन की कमी और कर्ज के बोझ का रोना रोती हैं। लेकिन वहीं वे मुफ्त में लोगों को कोई सामान बांटने से लेकर बिजली या पानी जैसी योजनाएं चला कर जनपक्षीय होने का दावा करती हैं। चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों की ओर से वादे किए जाने पर पूरी तरह रोक लगाना इसलिए भी मुश्किल है कि लोकतांत्रिक ढांचे में मतदाताओं का समर्थन हासिल करने के लिए उन्हें जनता के सामने खुद को बेहतर पक्ष के रूप में पेश करना होता है।लेकिन सरकार के कोष की स्थिति एक वास्तविक समस्या है। ऐसे में ये सुझाव दिए जाते हैं कि वित्त आयोग आबंटन के समय किसी राज्य सरकार का कर्ज और मुफ्त में सामान मुहैया कराने की कीमत को देख कर अपना निर्णय ले सकता है। जाहिर है, चुनावों में जीत के लिए कोई चीज या सेवा मुफ्त मुहैया कराए जाने का सवाल कठघरे में है और इस पर कोई स्पष्ट रुख सामने आना जरूरी है।

प्रेरक प्रसंग

महानता का आधार

एक बार देवर्षि नारद के मन में यह जानने की इच्छा हुई कि इस पूरे ब्रह्मांड में सबसे महान कौन है? यह जानने के लिए वे वैकुंठ लोक पहुंचे। वहां उन्होंने भगवान विष्णु से पूछा, प्रभु! इस पृथ्वी पर सबसे महान कौन है? प्रभु ने मुस्कराते हुए कहा, नारद! सबसे बड़ी तो पृथ्वी दिखती है, इसलिए हम पृथ्वी को इसकी संज्ञा दे सकते हैं। दूसरी ओर उसे समुद्र ने घेर रखा है, इस कारण समुद्र उससे भी बड़ा सिद्ध हुआ। एक बार उस समुद्र को भी महर्षि अगस्त्य ने पी लिया था। ऐसी स्थिति में तो अगस्त्य ही सबसे बड़े हुए। लेकिन उनका वास कहां है? अगस्त्य तो आकाश के एक सीमित भाग में मात्र बिंदु के समान चमक रहे हैं, इस कारण तो आकाश ही उनसे बड़ा साबित हुआ। लेकिन वामन अवतार के समय मैंने इस आकाश को भी एक ही पग में नाप लिया था। इस तरह तो मैं ही सबसे महान सिद्ध होता हूं। फिर नारद! मैं भी सर्वाधिक महान नहीं हूं। इसकी वजह यह है कि मैं हमेशा आपके हृदय में अंगूठे जितनी जगह में ही रहता हूं। इसलिए सबसे महान तो आप ही सिद्ध हुए। भगवान के इन वाक्यों को सुनकर नारद भाव-विभोर हो गए। वे भगवान के हृदय में भक्तों के स्थान को लेकर गद्गद थे। नारद समझ गए कि इस जगत में कुछ भी निम्न और श्रेष्ठ नहीं। शब्द तो सापेक्ष हैं। महान तो वह है जिसमें यह समस्त सृष्टि है, जो सबका आधार हैं अर्थात् श्रीविष्णु!

सदन की गरिमा से खिलवाड़ न हो

जिस तरह विपक्षी दलों के सांसदों ने सदन को हंगामा के जरिए बाधित करने की कोशिश की और सभापति और उपसभापति के अनुरोध को दरकिनार किया उससे साफ है कि माननीय सदस्यों की प्राथमिकता में सकारात्मक बहस-विमर्श और उच्च सदन की प्रतिष्ठा की चिंता बिल्कुल नहीं है। इन परिस्थितियों के बीच अगर उपसभापति हंगामा काट रहे माननीय सदस्यों के निलंबन का निर्णय लेते हैं तो यह बिल्कुल ही अनुचित नहीं है। गौर करें तो सदन में इस तरह का दृश्य कोई पहली बार देखने को नहीं मिला है। याद होगा कृषि सुधार से जुड़े दो विधेयकों के पारित होने के दरम्यान विपक्षी दलों के कुछ उत्साहित सदस्यों ने इसी तरह उपसभापति के आसन तक पहुंचकर विधेयक की प्रतियां और रुल-बुक को फाड़ने की चेष्टा की। एक सभ्य लोकतांत्रिक देश के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से इस तरह के आचरण की उम्मीद नहीं की जा सकती।

अरविंद जयतिलक
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

गत दिवस राज्यसभा की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में विपक्षी दलों के 19 सदस्यों का निलंबन रेखांकित करता है कि निम्न सदन की तरह अब उच्च सदन भी सियासत का अखाड़ा बन चुका है। जिस तरह विपक्षी दलों के सांसदों ने सदन को हंगामा के जरिए बाधित करने की कोशिश की और सभापति और उपसभापति के अनुरोध को दरकिनार किया उससे साफ है कि माननीय सदस्यों की प्राथमिकता में सकारात्मक बहस-विमर्श और उच्च सदन की प्रतिष्ठा की चिंता बिल्कुल नहीं है। इन परिस्थितियों के बीच अगर उपसभापति हंगामा काट रहे माननीय सदस्यों के निलंबन का निर्णय लेते हैं तो यह बिल्कुल ही अनुचित नहीं है। गौर करें तो सदन में इस तरह का दृश्य कोई पहली बार देखने को नहीं मिला है। याद होगा कृषि सुधार से जुड़े दो विधेयकों के पारित होने के दरम्यान विपक्षी दलों के कुछ उत्साहित सदस्यों ने इसी तरह उपसभापति के आसन तक पहुंचकर विधेयक की प्रतियां और रुल-बुक को फाड़ने की चेष्टा की। एक सभ्य लोकतांत्रिक देश के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से इस तरह के आचरण की उम्मीद नहीं की जा सकती। जबकि 2019 में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा के 250 वें सत्र को संबोधित करते हुए कहा था कि संसद के उच्च सदन में चेक एंड बैलेंस का सिद्धांत अहम है। विरोध और अवरोध के बीच भेद किया जाना आवश्यक है। तब प्रधानमंत्री मोदी ने संसद सदस्यों के समझ कई ऐसी महत्वपूर्ण बातें कही जो संसदीय मयार्दा के लिए बेहद आवश्यक है। य 250वें सत्र के पहले दिन राज्यसभा के सभापति एम वेकैया नायडु ने सदस्यों के व्यवहार को देखते हुए कहते सुने गए थे कि जहां तक लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का संबंध है ह्यसब ठीक नहीं है।ह्न उन्होंने सदस्यों को आत्ममंथन का सुझाव दिया था। तब उम्मीद किया गया था कि मानीय सदस्यगण आत्ममंथन करेंगे और उच्च सदन की गरिमा बनी रहेगी। लेकिन जिस तरह बार-बार उच्च सदन को हंगामा के जरिए बाधित किए जाने का प्रयास हो रहा है, वह संसदीय लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। कहना गलत नहीं होगा कि माननीय सदस्यगण विरोध और अवरोध के फर्क को महसूस करने को तैयार नहीं हैं। शायद उन्हें लग रहा है कि संसद की मयार्दा का हनन करके ही वह अपनी बात जनता तक पहुंचा पाएंगे। अगर उनकी सोच यह है तो ठीक नहीं है। उन्हें समझना होगा कि उनकी सोच से देश रंचमात्र भी सहमत नहीं है। बेशक विपक्ष का उत्तरदायित्व है कि वह जनता व जनहित से जुड़े मुद्दे पर सरकार से सवाल पूछे। सरकार की कड़ी घेराबंदी करे। लेकिन यह तभी संभव होगा जब सदन की कार्यवाही ठीक तरीके से चलेगी। जब सदन ही हंगामा की भेंट चढ़ जाएगा तो फिर विपक्षी दलों की आवाज को कौन सुनेगा? इस तथ्य से कोई भी असहमत नहीं कि संघीय ढांचे और विविधताओं से भरे होने के बावजूद राज्यसभा में राष्ट्रीय दृष्टिकोण ओझल नहीं होना चाहिए। उस पर विमर्श बढ़ान और जनआकांक्षाओं के निष्कर्ष तक ले जाना सत्ता और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। लेकिन जनआकांक्षाओं की पूर्ति तब होगी जब सदन व्यवस्थित रुप से चलेगा। जब विपक्ष के तार्किक सवालों का सत्ता पक्ष द्वारा तार्किकता से जवाब दिया जाएगा। लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। सदन सिर्फ हंगामे की भेंट चढ़ रहा है। एक समय था जब उच्च सदन यानी राज्यसभा जनपक्षधरता वाले राजनीतिज्ञों व कला, साहित्य, विज्ञान व समाजसेवा क्षेत्र से जुड़े लोगों से गौरान्वित हुआ करता था। उनका विमर्श संवैधानिक मयार्दा के दायरे में राष्ट्रहित से जुड़ा होता था। दलगत राजनीति आड़े नहीं आती थी। सदस्य दलगत भावना से उपर उठकर राष्ट्रीय महत्व के मसलों पर एकता का प्रदर्शन करते थे। जनता के मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते थे। लेकिन विगत कुछ वर्षों से सदन सियासी जोरआजमाइश का अखाड़ा बनकर रह गया है। शायद बौद्धिकता, कला, साहित्य और समाजसेवा की पक्षधरता रखने वालों का स्थान बाहुबलियों और पूंजीपतियों ने ले लिया है। यह लोकतंत्र और संसद की सर्वोच्चता दोनों के लिए चिंताजनक है। ध्यान देना होगा कि सैद्धांतिक तौर पर भले ही राज्यसभा राज्य हितों की संरक्षिका है लेकिन व्यवहारिक तौर पर वह केवल राज्य के हितों के लिए ही कार्य नहीं करती। वह राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर भी काम करती है। किंतु निर्वाचन की रीति-नीति और भूमिका को देखते हुए अब देश में राज्यसभा की उपादेयता को लेकर ही सवाल उठने लगा है। कहा जाने लगा है कि राज्यसभा एक कीमती लिबास भर बनकर रही गयी है। यानी आज की तारीख में उसकी कोई उपादेयता और प्रासंगिकता न के बराबर रह गयी है। तमाम बुद्धिजीवियों द्वारा उसकी प्रासंगिकता को गैर-जरुरी और देश पर अनावश्यक बोझ माना जाने लगा है। गौर करें तो इसके लिए हमारे जनप्रतिनिधियों का अमर्यादित आचरण ही जिम्मेदार हैं। बेहतर होगा कि अब जब लोकतंत्र सत्तर साल से अधिक का हो चुका है, हमारे जनप्रतिनिधि संसद और जनता के प्रति अपनी जवाबदेही को सुनिश्चित करें। अपने सम्यक आचरण से सदन की गरिमा में वृद्धि करें। उन्हें ध्यान रखना होगा कि 13 मई 1952 को जब संसद की पहली बैठक संपन्न हुई तब देश के पहले राष्ट्रपति डा0 राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि संसद जनभावनाओं की अपेक्षा की सर्वोच्च पंचायत है। उसका समादर होना चाहिए। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु ने संसदीय लोकतंत्र को जनता की जवाबदेही से जोड़ते हुए कहा कि भारत की सेवा का अर्थ लाखों-करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना है। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि जब तक लोगों की आंखों में आंसू है और वे पीड़ित हैं तब तक हमारा काम खत्म नहीं होगा। लोकसभा के पहले अध्यक्ष गणेश वासुदेव मावलंकर ने जनता और जनप्रतिनिधियों को आगाह करते हुए कहा कि सच्चे लोकतंत्र के लिए व्यक्ति को केवल संविधान के उपबंधों अथवा विधानमंडल में कार्य संचालन हेतु बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुपालन तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि विधानमंडल के सदस्यों में लोकतंत्र की सच्ची भावना भी विकसित होनी चाहिए। सवाल लाजिमी है कि क्या मौजूदा संसद सदस्य डा0 राजेंद्र प्रसाद, पंडित नेहरु और मावलंकर की अपेक्षाओं की कसौटी पर खरा उतर रहे हैं? क्या माननीयों के आचरण में जनता के प्रति जवाबदेही की भावना विकसित हो पायी है? विगत दशकों में जनप्रतिनिधियों के आचरण को देखते हुए ऐसा कहना मुश्किल है। दो राय नहीं कि इन सत्तर सालों में संसद ने ढेऱ सारे उतार-चढ़ाव देखे हैं और अपनी सर्वोच्चता बनाए रखी है। बहुलतावादी भारतीय समाज में व्याप्त असमानताओं के बावजूद भी संसद में समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व बढ़ा है। सभी धर्म, जाति, मजहब व पंथ के लोग देश की मुख्य धारा से जुड़े हैं। सबका प्रतिनिधित्व संसद में मुखर हुआ है। संसद ने इन सत्तर सालों में ढेऱ सारे ऐसे निर्णय लिए हैं जो सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक सरोकारों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ हैं। सामाजिक मोर्चे पर संसद के कार्यों का मूल्यांकन किया जाए तो निःसंदेह उपलब्धियां स्वागतयोग्य है। मसलन दहेज प्रथा और असपृश्यता उन्मूलन जैसी सामाजिक बुराइयों पर रोकथाम लगाकर संसद ने अपने मानवीय दृष्टिकोण को फलीभूत किया है। भूमि सुधार और श्रम कानून के माध्यम से वह भूमिहीनों और कामगारों को आर्थिक संबल प्रदान किया है। संसद ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण का द्वारा खोला है। मनरेगा कार्यक्रम चलाकर रोजगार क्रांति की शुभारंभ की है। संसद ने घरेलू हिंसा पर रोक का कानून बनाकर बच्चों और महिलाओं की रक्षा की है।

जब मंत्री सवालों के घेरे में हो तो ममता सरकार पर सवाल क्यों नहीं उठेंगे?

इन दिनों गैरभाजपा प्रांतों में भ्रष्टाचार के मामले बड़ी संख्या में उजागर हो रहे हैं। पहले दिल्ली में आम आदमी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन और अब पश्चिम बंगाल में उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी बता रही है कि ममता बनर्जी एवं अरविन्द केजरीवाल भ्रष्टाचार मुक्त शासन के कितने ही दावे क्यों न करें, लेकिन उनके वरिष्ठ मंत्री भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है, चिन्ताजनक स्थितियां भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर किसी सार्थक एवं राष्ट्रहित की बहस का न होकर राजनीति का होना भी है। भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं जाति-सम्प्रदाय के हिंसक आग्रहों पर हमारी राजनीति में अभी कोई बहस नहीं है। राजनीति में लगे लोगों में जब इन मसलों की गहराई तक जाने का धैर्य और गंभीरता चुक जाए ।

ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं

भ्रष्टाचार के खेल ने दुनिया के सारे लोकतंत्रों को खोखला कर दिया है। भारतीय लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, इसलिए इसकी साफ-सफाई ज्यादा जरूरी है। इन दिनों गैरभाजपा प्रांतों में भ्रष्टाचार के मामले बड़ी संख्या में उजागर हो रहे हैं। पहले दिल्ली में आम आदमी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन और अब पश्चिम बंगाल में उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी बता रही है कि ममता बनर्जी एवं अरविन्द केजरीवाल भ्रष्टाचार मुक्त शासन के कितने ही दावे क्यों न करें, लेकिन उनके वरिष्ठ मंत्री भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है, चिन्ताजनक स्थितियां भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर किसी सार्थक एवं राष्ट्रहित की बहस का न होकर राजनीति का होना भी है। भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं जाति-सम्प्रदाय के हिंसक आग्रहों पर हमारी राजनीति में अभी कोई बहस नहीं है। राजनीति में लगे लोगों में जब इन मसलों की गहराई तक जाने का धैर्य और गंभीरता चुक जाए, तो इसके मंच के संवाद पहले निम्न दर्जे तक गिरते हैं और फिर कीचड़ को ही संवाद का विकल्प मान लिया जाता है। इन दिनों यही हो रहा है। भ्रष्टाचार के लिए मोदी सरकार जो कार्रवाइयाँ कर रही है, वह सराहनीय है लेकिन उन पर गैर-भाजपा नेता एवं दल विशेष पर ऐसी कार्रवाइयाँ करने का आरोप भी एक तरह का भ्रष्टाचार ही है। जिन दलों पर ऐसी कार्रवाइयाँ हो रही है उनका सवाल यह है कि ये सब कार्रवाइयाँ विरोधी दलों के नेताओं और सिर्फ उन धनाढ्य घरानों के खिलाफ क्यों हो रही हैं, जो कुछ गैर-भाजपा दलों के साथ नत्थी रहे हैं? यह एक तरह की पूर्वाग्रहग्रस्त कीचड़ उछाल राजनीति है। यह सब उस दौर में हो रहा है जब देश के राजनीतिक दल धीरे-धीरे अपनी साख खोते जा रहे हैं। राजनीतिज्ञों की साख गिरेगी, तो राजनीति की साख बचाना भी आसान नहीं होगा। हमारे पास राजनीति ही समाज की बेहतरी का भरोसेमंद रास्ता है और इसकी साख गिराने वाले कारणों में अपराधीकरण और भ्रष्टचार के बाद तीसरा नंबर इस कीचड़ उछाल का भी है। ये तीनों ही राजनीति के औजार नहीं हैं, इसलिए राजनीति को तबाही की ओर ले जाते हैं। अपराधीकरण और भ्रष्टाचार का मसला काफी गहरा है और इससे खिलाफ लड़ाई के लिए काफी वक्त और ऊर्जा की जरूरत है, लेकिन कीचड़ उछाल से परहेज करके और सार्थक बहस चलाकर देश की राजनीति का सुधार आंदोलन शुरू किया जा सकता है। राजनैतिक कर्म में अपना जीवन लगाने वालों से इतनी उम्मीद तो की ही जानी चाहिए। आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक मजबूरियां जी रहे हैं। राजनीति की सार्थकता नहीं रही। अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर नेता अभिनेता बन गया। नेतृत्व व्यवसायी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है। अब यह केवल तथाकथित नेताओं के बलबूते की बात नहीं रही कि वे गिरते मानवीय, नैतिक एवं चारित्रिक मूल्यों को थाम सकें, समस्याओं से ग्रस्त सामाजिक व राष्ट्रीय ढांचे को सुधार सकें, तोड़कर नया बना सकें। राजनेता एक आदर्श किरदार निभाएं, एक प्रशस्त मार्ग दें। सही वक्त में सही बात कहें। आज ईमानदारी को नहीं, येनकेन प्राप्त सफलता एवं सत्ता प्राप्ति को एकमात्र राजनीतिक एवं मानवीय गुण माना जाता है। इन स्थितियों ने नैतिक प्रयासों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के सामने प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। आज विचारों और दिखावटी आदर्श के गरिष्ठ बौद्धिक हलुवे की जरूरत नहीं बल्कि सहज सनातन मानवीय गुणों से राजनेताओं को परिचित करवाने की जरूरत है। एकाएक ऐसा होना सम्भव नहीं। इसके लिए विभिन्न राजनीतिक दलों में मूल्यों की चेतना को जगाने के साथ भ्रष्टाचार मुक्ति का वातावरण बनाना होगा। ऐसे सद्प्रयासों के खिलाफ बवेला मचाने वाले, इनकी जड़ों में मट्ठा डालने वाले हर कदम पर मिलेंगे। जागृत चेतना ही इनके प्रहार झेलने की ढाल बन सकती है। यह गम्भीर चिन्ता और चुनौती का विषय है। अगुवाई का दायित्व कठमुल्लाओं और व्यवसायी नेताओं को नहीं दिया जाना चाहिये, चाहे उनका रंग, रूप, नाम कुछ भी क्यों न हो। वे दीवारों पर विज्ञापन चस्पा सकते हैं, पुल नहीं बना सकते, राष्ट्र के चरित्र पर दाग लगा सकते हैं, उसकी साख नहीं बढ़ा सकते। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) राजनीतिक भ्रष्टाचार के सफाई अभियान में लगी है। उसने शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी और शिक्षा राज्य मंत्री परेश चंद्र अधिकारी के यहां छापे मारे थे। ईडी ने चटर्जी से घंटों पूछताछ की। उसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। यह मामला तब और तूल पकड़ गया जब ईडी ने चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के यहां से बीस करोड़ रुपए से ज्यादा रकम बरामद की। पुख्ता जानकारी के मुताबिक, चटर्जी के यहां छापे के दौरान मिले दस्तावेजों की जांच करती हुई ईडी टीम अर्पिता के घर पहुंची थी। ईडी का दावा है कि यह शिक्षक भर्ती घोटाले की ही रकम है। देखें तो इतनी बड़ी रकम मिलना इसलिए भी गंभीर मामला है कि महिला पार्थ चटर्जी की करीबी बताई जा रही है। ऐसे में ममता सरकार पर सवाल क्यों नहीं उठेंगे, जिसका मंत्री ही सवालों के घेरे में है? ऐसा भी नहीं कि भ्रष्टाचार का यह अकेला मामला हो। ममता सरकार के पिछले दो कार्यकालों में भ्रष्टाचार के कई बड़े मामले सामने आए हैं और सरकार के मंत्रियों को जेल भी भेजा गया है। हालांकि पार्थ चटर्जी के खिलाफ मामला अभी अदालत में चलेगा और जांच एजेंसियों को साबित करना होगा कि बीस करोड़ रुपए उसी घूस के हैं जो शिक्षक भर्ती घोटाले में लोगों से ली गई थी। हालांकि जांच एजेंसियां ऐसी भारी-भरकम नगदी बरामद करती रहती हैं। ऐसे बेहिसाब धन की बरामदगी भ्रष्टाचार मुक्त शासन का वादा और दावा करने वाली सरकारों पर बड़े सवाल खड़े करती हैं।

महामहिम जी का हिन्दी में शपथ लेने का संदेश तो समझिए

आर.के. सिन्हा

भारत के 15 वें राष्ट्रपति पद की शपथ हिन्दी में लेकर श्रीमती द्रौपदी मूर्मू ने सारे देश को एक बेहद महत्वपूर्ण संदेश दिया है। मूल रूप से उड़ीसा से संबंध रखने वाली श्रीमती द्रौपदी मूर्मू अगर उड़िया या किसी अन्य भाषा में भी शपथ लेती तो कोई अंतर नहीं पड़ता। देश को अपनी सभी भाषाओं और बोलियों पर गर्व है। पर, वह हिन्दी में शपथ लेकर तो अचानक से सारे देश में पहुंच गई। समूचे देश ने उन्हें हिंदी में शपथ लेते हुए देखा-सुना। बेशक, हिन्दी देश की सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है। इस संबंध में कोई विवाद नहीं हो सकता। हिन्दी की सारे देश में स्वीकार्यता है और यह दिन-प्रतिदिन बढ़ भी रही है। अगर छुद्र राजनीति को छोड़ दिया जाए तो इसे सारे देश में बोला और समझा जा रहा है। कुछ समय पहले ही देश के आठ पूर्वोतर राज्यों के स्कूलों में दसवीं कक्षा तक हिन्दी को अनिवार्य रूप से पढ़ाने पर वहां की राज्य सरकारें राजी हुईं हैं। इन राज्यों में 22 हजार हिन्दी के अध्यापकों की भर्ती की जा रही है कनौ आदिवासी जातियों ने भी अपनी बोलियों की लिपि देवनागरी को स्वीकार कर लिया है। पर दुर्भाग्य से कुछ दल और उनके कुछ अंग्रेजीदां नेता हिन्दी को लेकर ओछी टिप्पणियां करने से बाज नहीं आते। जब पूर्वोत्तर राज्यों ने हिन्दी को स्कूलों में अनिवार्य रूप से पढ़ाने को लेकर फैसला लिया तो कांग्रेस के राज्य सभा सदस्य जयराम रमेश यह कहने लगे हिन्दी राजभाषा है न कि राष्ट्रभाषा। गनीमत है कि कांग्रेस या किसी अन्य दल के नेता ने श्रीमती द्रौपदी मूर्मू जी के हिन्दी में शपथ लेने पर बवाल नहीं काटा। हिन्दी को राष्ट्र भाषा का दर्जा यूं ही तो नहीं मिला। इसकी सर्वत्र राष्ट्र भाषा के रूप में मान्यता है। जब अनुच्छेद 343 में देवनागरी में लिखी हिन्दी को सर्वसम्मति से मान्यता मिली तभी तो वह ह्यराष्ट्रभाषा हिन्दी मानी गई। बाद में चलकर कोई राजभाषा कोई सरकारी भाषा और कोई आधिकारिक भाषा कहने लगा। सरदार पटेल ने 13 अक्तूबर,1949 को अपने एक संदेश हिन्दी के लिए राष्ट्र भाषा शब्द का ही प्रयोग किया है। शहीदे आजम भगत सिंह मूल रूप से पंजाब से होने के बावजूद हिन्दी के पत्रकार के रूप में काम करते रहे थे। वे कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी जी के अखबार प्रताप में नौकरी करते थे। वे प्रताप के प्रतिनिधि के रूप में कानपुर से दिल्ली में दंगा कवर करने भी आए थे। उन्हें हिन्दी की शक्ति का पूरा पता था। वे अंग्रेजी को अच्छी तरह जानते थे, पर वे पत्रकार हिन्दी के ही बने ताकि अपनी आवाज दूर तक ले जाएं। देखिए श्रीमती द्रौपदी मूर्मू जी सुदूर ग्रामीण उड़ीसा से आती हैं और वहां भी हिन्दी सुदूर गांवों तक में बोली जाती है। वह पूरे पांच वर्ष झारखंड की राज्यपाल भी रहीं। झारखंड हिन्दी भाषी राज्य है। वहां पर रहते हुए वह हिन्दी के और निकट आईं। अतः यह कहना चाहिए कि उन्होंने सोच-समझकर ही हिन्दी में शपथ ली। हिन्दी करोड़ों भारतवसियों की प्राण और आत्मा है। इसमें वे अपने को सही ढंग से व्यक्त कर पाते है। यह प्रेम और सौहार्द की भाषा है। यह सबको जोड़ती है। संयोग देखिए कि उड़नपरी पी

संक्षिप्त खबरें

गांव के मुख्य मार्ग पर जलभराव व गंदगी से ग्रामीण परेशान

गंगेश्वरी। विकासखंड के गांव दढ़ियाल में मुख्य मार्ग पर जलभराव व गंदगी की वजह से लोग परेशान हैं। आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बताया जा रहा है कि गांव में जलभराव व गंदगी की समस्या लंबे समय से बनी है। शिकायत के बाद भी अधिकारी समाधान नहीं कर रहे हैं। समस्या से परेशान ग्रामीणों के बीच रोष है। बरसात के मौसम में सड़क पर कई फीट तक पानी भर जाता है। बच्चों को स्कूल आने-जाने तक में परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण सुखराम, बलजीत राणा, खचेड़ू सिंह, बाबूराम त्यागी, कुलदीप चौधरी आदि ने जिलाधिकारी से समस्या निस्तारण की गुहार लगाई है।

बरसात व उमस के चलते अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़

हसनपुर। बरसात व उमस के चलते अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। खांसी, जुकाम के संग वायरल फीवर भी जोर पकड़ रहा है। सीएचसी में सुबह होते ही मरीज पहुंचने शुरू हो जाते हैं। मरीजों की लाइन लग जाती है। चिकित्सकों के मुताबिक वायरल फीवर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। टाइफाइड व मलेरिया के रोगी भी आ रहे हैं। निजी अस्पतालों में भी यही आलम है। बताया जा रहा है कि बरसात व उमस की वजह से संक्रामक बीमारियां सिर उठा रही हैं। सीएचसी में हफ्ते के भीतर मरीजों की संख्या में करीब दो गुनी बढ़ोतरी हुई है। रोजाना औसतन 400 से 500 के बीच रोगी पर्ची बन रही हैं। चिकित्सक सलाह दे रहे हैं कि बदलते मौसम में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। घरों के आसपास पानी जमा न होने दें। साफ पानी पीने के साथ ही ताजा भोजन करें।

सावन की अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

गजरौला। सावन की अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने ब्रजघाट व तिगरी गंगा धाम में आस्था की डुबकी लगाई। गुरुवार तड़के से ही श्रद्धालुओं का गंगास्नान के लिए पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। गंगा स्नान संग अनुष्ठान कर परिवार व समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना भी की गई। उधर, श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच तिगरी मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।सावन माह की अमावस्या पर गुरुवार को दिल्ली, गाजियाबाद, हरियाणा, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल, बिजनौर समेत आसपास अन्य इलाकों से भी से श्रद्धालु गंगास्नान करने ब्रजघाट व तिगरीधाम पहुंचे। हर-हर गंगे के जयकारों के साथ स्नान किया। सूर्य को अर्घ्य देकर विधि-विधान पूर्वक पूजा की। बहुत से श्रद्धालुओं ने गंगा किनारे अनुष्ठान करवाते हुए परिवार व समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना भी की। जरूरतमंदों को दान कर पुण्य लाभ कमाया। वहीं इस बार तिगरी गंगा धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी। नतीजा तिगरी मार्ग पर वाहनों की भीड़ के बीच जाम की स्थिति बन गई। गजरौला-तिगरी मार्ग पर जाम के हालात बनने पर श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। हरकत में आए पुलिस बल ने बमुश्किल जाम खुलवाते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया।

आप ने महंगाई के खिलाफ किया प्रदर्शन, भाजपा सरकार को बताया जिम्मेदार

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के तमाम कार्यकताओं ने एकत्र होकर भाजपा सरकार खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही बेतहाशा बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए बढ़ती महंगाई का जिम्मेदार बताया। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि अगर जल्द ही बढ़ती महंगाई पर रोकथाम नहीं लगी तो आम आदमी पार्टी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रूपचंद्र चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार में रोज महंगाई बढ़ रही है। पिछले दिनों खाने-पीने सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी लगाया गया। आटा, दूध, अस्पताल के कपड़े जैसे रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों का मूल्य बढ़ाने का काम किया गया है।पहले से ही कमरतोड़ महंगाई की मार झेल रही जनता को मोदी सरकार के इस दमन कारी फैसले ने हिला कर रख दिया है। डीजल पेट्रोल गैस के बढ़े हुए मूल्य से पहले से जनता परेशान थी। अब सरसों का तेल ढाई सो रुपए लीटर तक खाने को मजबूर किया गया। बच्चों के दूध पर भी जीएसटी लगा दिया गया है। विचारणीय है कि क्या सरकार गरीबों, मजदूरों, किसानों, छोटे मध्यम व्यापारियों के लिए कार्य कर रही है ? जवाब मिलेगा नहीं ! बल्कि सरकार पूंजीपतियों के लिए कार्य करती दिख रही है। कॉर्पोरेट टैक्स (पूंजी पतियों पर लगने वाला टैक्स) को घटाकर 30 परसेंट से 22 परसेंट कर दिया है। इस टैक्स को कम करने से 1 लाख 45 हजार करोड़ का घाटा देश को उठाना पड़ेगा।आप के कार्यकताओं ने कहा बढ़ती महंगाई पर रोक नहीं लगी तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे। साथ ही आरोप लगाया कि महंगाई कम करने के लिए मोदी सरकार के पास पैसा नहीं है। किसानों के लिए मोदी सरकार के पास पैसा नहीं। बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए मोदी सरकार के पास पैसा नहीं। लेकिन अपने चंद पूंजीपतियों मित्रों के लिए मोदी सरकार ने 11 लाख करोड़ चंदा माफ कर दिया है। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई पर वह चुप नहीं बैठेंगे। इस कुव्यवस्था पर आवाज बुलंद करते हुए गरीब विरोधी सरकार के खिलाफ संघर्ष करते रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। यदि बढ़ती हुई महंगाई को रोकने के लिए सरकार जल्द कोई कदम नहीं उठाती है तो गया तो वह बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।इस मौके पर पूर्व प्रदेश सचिव मोहम्मद आमिर, शेख मोहम्मद रिजवान, रियाज अहमद, मुजीब खान, अमर सिंह खागी, फैसल खान, शाहिद हुसैन, विवेक कुमार, इंजीनियर धीरेंद्र सिंह, दानिश सिद्दीकी, नगमा सलमानी, औसाफ खान, राहुल शर्मा, मोहम्मद हसनैन, भरत सिंह, अफसर अली, मास्टर जुल्फिकार, इंतखाब आलम, मोहम्मद राहिल, रविकांत, सतपाल गौतम, दानिश रजा, अब्दुल कादिर, दानिश हसन, शोएब आलम, मुरालीलाल, हरपाल सिंह, तंजीम हुसैन, सतपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, देवराज, हुकुम सिंह, जसवीर खड़क बंशी, ऋषि पाल, नितिन राज, किशन लाल जी, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सभी निजी सेप्टिक टैंक सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया

बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता

- प्रथम पुरस्कार टीकम सिंह ,द्वितीय शीशपाल सिंह एवं तृतीय सतेन्द्र सिंह को दिया गया

गुरूवार को नगर पालिका परिषद बिजनौर के द्वारा 20000 लीटर मल कीचड़ प्रतिदिन प्रबंधन वाली क्षमता के सह उपचार प्लांट की कमीशन का ऐलान करते हुए प्लांट को सुचारू एवं नियमित रूप से चलाने हेतु निजी सभी सेप्टिक टैंक सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया।उक्त योजना नगर पालिका परिषद, बिजनौर के अधिशासी अधिकारी विकास कुमार एवं इंजी. हर्ष यादव प्रतिनिधि सेंटर फॉर साइयन्स एवं इन्वायरॉन्मेंट, नयी दिल्ली की तकनीकी सहायता दवारा चलाई जा रही है, जिसमें निजी सेप्टिक टैंक सफाई कर्मियों को अधिक से अधिक घरों से मल कीचड़ निकालेने एवं उसको सह उपचार प्लांट तक पहुंचाने का प्रोत्साहन मिलता है। इस योजना में जो सेप्टिक टैंक सफाई कर्मि प्रति माह सबसे ज्यादा मल कीचड़ को सह उपचार प्लांट पर पहुंचाते हैं एवं उसका सुरक्षित प्रबंधन निश्चित करते हैं उन सभी को पालिका नकद इनाम से सम्मानित करती है। इसी के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार 3100 द्वितीय पुरस्कार 2100 एवं तृतीय पुरस्कार 1100 प्रतिमाह दिया जाता है इस संबंध में प्रथम व द्वितीय (मई एवं जून) महीने की प्रोत्साहन धनराशि शमशाद अंसारी (चेयरपर्सन पति) की ओर से दी गई। इसी संदर्व में प्रथम पुरस्कार टीकम सिंह ,द्वितीय शीशपाल सिंह एवं तृतीय सतेन्द्र सिंह को दिया गया।

मुअज्जम खां ने कक्षा 12 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली जोया अख्तर कोदी बधाई

नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

- उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

नगर के समाजसेवी व चेयरमैन पद के निर्दलीय उम्मीदवार इजी. मुअज्जम खां ने कक्षा 12 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली होनहार छात्रा जोया अख्तर को बधाई देकर उनके उज्जवल भविश्य की कामना की है। छात्रा के परिजनों ने इजी मुअज्जम खां का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। नगर के सेंट मेरी स्कूल में कक्षा 12 की छात्रा जोया अख्तर ने साइंस साइड इंटरमीडिएट में 94 प्रतिशत प्राप्त कर जिला टाप किया है। ऐसी होनहार छात्रा की हौसला अफजाई के लिए नगर के समाजसेवी इजी. मुअज्जम खां ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इजी. मुअज्जम खां ने कहा कि आज के दौर में लड़कियां निरंतर उंचाईयों को छूकर अपने माता पिता व शहर का नाम रोशन कर रही है। हमे अपने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाकर उनको कामयाब करना चाहिए। इस मौके पर अकरम खां, इकरार हुसैन, फैसल आबिद, हाशिम अंसारी, फराज आबिद मौजूद रहे। इस अवसर पर जोया अख्तर ने बताया कि उसका सपना है कि वह डाक्टर बनकर लोगों की सेवा करें।

दिव्यांगों का उत्पीड़न बढ़ने पर किया डीएम व एसपी कार्यालय का घेराव : एजाज अली

स्योहारा, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन की बैठक बृहस्पतिवार को जिला पंचायत स्योहारा के गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा व संचालन मास्टर शहजाद गोविंदपुर वालों ने की । बैठक में राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा देश में 11 करोड़ दिव्यांगजन है उत्तर प्रदेश में 5 करोड़ तथा बिजनौर जिले में दिव्यांगजन 40000 वृद्ध,विधवा, गरीब लाखों की तादाद में है जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन कर रही है। दिव्यांगों का उत्पीड़न लगातार बढ़ रहा है जब दिव्यांग सरकारी कार्यालयों में अपनी शिकायत लेकर जाता है उसकी सुनवाई नहीं की जाती। उन्होंने कहा कि लगातार हम शासन प्रशासन से मांग कर रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। डूडा विभाग जो तीसरी मंजिल पर है उसे नीचे लाया जाए। जिससे डूडा विभाग में प्रचलित योजनाओं का लाभ दिव्यांग जनों को मिल सके। ऐसे ही चांदपुर तहसील के अंतर्गत एसडीएम कार्यालय दूसरी मंजिल पर स्थित है उसे नीचे लाया जाए। रोडवेज चालक परिचालक दिव्यांगों के साथ अभद्रता करते हैं। आज तक उनके खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि हर थाने में एक एसआई की नियुक्ति होनी चाहिए पीड़ित दिव्यांग की शिकायती पत्र पर 24 घंटे के अंदर निस्तारण होना चाहिए। खादी ग्राम उद्योग व जिला उद्योग केंद्र दिव्यांग जनों के आवेदन बैंकों को नहीं भेजते हैं । अगर बैंक को भेजते हैं तो संबंधित शाखा प्रबंधक दिव्यांग जनों को हीन भावना से देखते है तथा उन्हें वहां से भगा देते है तथा उनको ऋण उपलब्ध नहीं करा पाते है जिस कारण वह अपना रोजगार नहीं कर पाते। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पाशा ने कहा कि शासन प्रशासन ने केवल आश्वासन दिया है। आश्वासन के अलावा कुछ नहीं दिया है। दिव्यांग जनों की कोई भी समस्या का समाधान व आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं कराई है। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के द्वारा 8 अगस्त को डीएम व एसपी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। तथा यह धरना भूख हड़ताल में भी तब्दील हो सकता है जिसकी जिम्मेदारी शासन- प्रशासन की होगी।अगर हमारे किसी दिव्यांगजन को कुछ होता है तो इसके जिम्मेदार जिला प्रशासन होगा। इस मौके पर मोहम्मद फारुख, रोहित कुमार, इंतजार अहमद, गुरबचन सिंह, अमित कुमार, रोहित कुमार ,ऋषि पाल सिंह, तुलसी, राजीव कुमार, रियासत राजा आदि मौजूद रहे।

सड़क पर गाय ने दिया बछड़े को जन्म

नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

नगर के मोहल्ला सेवा राम में ट्रांसफार्मर के पास गाय ने एक बछड़े को जन्म दिया। नगर में बड़ी संख्या में गाय पालने वाले गाय को खुला छोड़ देते हैं और वह दिनभर कूड़े के ढेर में खाने की तलाश में इधर-उधर भटकती रहती हैं। मोहल्ला सेवाराम निवासियों ने गाय की पीड़ा को देखते हुए उसके बच्चे को जन्म देने में सहायता करी जबकि पूर्व चेयरमैन मौअजजम खां एडवोकेट के फोन करने पर सरकारी डाक्टर पशु विभाग सरकारी डॉ काफी देर बाद वहां पहुंचे। इस विषय में गौशाला विभाग ने चेयरमैन को पहले ही फोन कर दिया था लेकिन समय पर कोई मदद नहीं मिल पाई। गाय के बच्चा जन्म देने के बाद एक व्यक्ति अपना हक जमाते हुए गाय को अपना बताते हुए लेने आया लेकिन मोहल्ले वालो ने उससे गाय का मालिक होने के सबूत मांगे तो वह वहां से चुपचाप लौट गया।

पुलिस परिवार केन्द्र की ओर से परिवारों को टूटने से बचाया जा रहा

बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता

पुलिस परिवार केन्द्र की ओर से परिवारों को टूटने से बचाया जा रहा है। 02 परिवार को एक साथ रहने के लिए राजी किया गया। दिनेश सिंह, पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन में पुलिस लाइन प्रांगण में पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र की बैठक कर सुनवाई की गई। इस बैठक में परिवार परामर्श केन्द्र में 04 मामलों को सुना गया, इसमें आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से परिवार टूटने के कगार पर था। परिवार परामर्श केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी व विभिन्न क्षेत्रों से नामित सदस्यों की ओर से दोनों पक्षों की बातो को विधिवत सुना गया, जिसमें परिवार परामर्श के सदस्यों की सूझ-बूझ से पति-पत्नि के मध्य आपसी मनमुटाव व कलह को दूर करते हुए 02 परिवार का आपसी समझौता कराया गया । उक्त जोड़ों ने फिर से एक साथ जीवन व्यतीत करने हेतु अपनी सहमति जताई। परिवार परामर्श के सदस्यों द्वारा दम्पत्ति जोड़े को हंसी खुशी एक साथ विदा किया गया एवं अन्य मामलों में अगली तारीख दी गई है।

होटल संचालक की पत्नी से दुष्कर्म, शिकायत करने पर मारपीट

अमरोहा। नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में होटल संचालक का परिवार रहता है। आरोप है कि पिछले तीन माह से जैसे ही होटल संचालक घर से अपने होटल पर जाता है। तभी पड़ोस में रहने वाला युवक घर में घुसकर उसकी पत्न ी के साथ दुष्कर्म करता है। किसी को बताने पर पति और बच्चों को जान से मारने की धमकी देता है।आरोप है कि आरोपी डरा धमकाकर तीन माह से लगातार दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता ने इसकी शिकायत आरोपी की मां से की तो उसने मारपीट की। मामले में पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।पीड़िता ने इसकी शिकायत आरोपी की मां से की तो उसने गालीगलौज और मारपीट की। होटल संचालक पति को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। लगातार उत्पीड़न से परेशान महिला ने मामले की जानकारी अपने पति को दी। घटना की जानकारी मिलते ही होटल संचालक के होश उड़ गए। वह पत्नी को लेकर कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी।

वसीम कुरैशी के निकाय चुनाव में उतरने की संभावना को लेकर प्रत्याशियों में बेचैनी

नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

फिल्म निमार्ता- निर्देशक एवं भाजपा नेता वसीम कुरैशी के निकाय चुनाव में उतरने की संभावना को लेकर प्रत्याशियों में बेचैनी देखने को मिल रही है। कयास लगाए जा रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से मुस्लिम चेहरे के रूप में वसीम कुरैशी को चुनाव मैदान में उतार कर सभी प्रत्याशियों के चुनावी समीकरण बिगाड़ सकती है। भले ही अभी निकाय चुनाव की तिथि घोषित न हुई हो लेकिन फिर भी दर्जनों प्रत्याशियों ने अभी से जनता के बीच में जनसंपर्क करना शुरू कर दिया है। इं० मुअज्जम खान, हाजी नौशाद अख्तर सैफी, एड० वसीम अहमद अध्यक्ष बार संघ नजीबाबाद, हाजी फैसल, मुनव्वर राईन, निसार एडवोकेट, अब्दुल्ला गुलजार, पूर्व चेयरमैन मुअजजम खां, फरहान खां सहित दर्जनों प्रत्याशी जनता के बीच जाकर अपने अपने पक्ष में माहौल बनाने में लगे हुए हैं।निकाए चुनाव में वसीम कुरैशी की एंट्री की संभावना को लेकर अभी से तरह तरह की चर्चाए होनी शुरू हो गई है। कुछ लोगों का मानना है कि वसीम कुरैशी के चुनाव मैदान में आ जाने से निकाय चुनाव महंगा हो जाएगा।बता दें कि यहां से अब तक निकाय चुनाव में भाजपा का कोई भी प्रत्याशी जीत हासिल नहीं कर पाया है, इसलिए इस बार भाजपा आलाकमान मुस्लिम चेहरे पर अपना दांव लगा सकती है। कता है।बता दें कि कुछ प्रत्याशियो ने तो अभी से ही बड़ी बड़ी घोषणाए करनी शुरू कर दी है। संभावित प्रत्याशियों ने खघमोशी से जनता के बीच जाकर अपने पक्ष में माहौल बनाना शुरू कर दिया है।

पुलिस ने धारा 151 में किया चालान

हीमपुर दीपा। गुरूवार को थाना हीमपुर दीपा पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त आलम पुत्र अनवार अहमद उम्र-36 वर्श निवासी ग्राम पीर उमरी थाना हीमपुर दीपा बिजनोर को धारा -151सी.आर.पी.सी में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

प्रधानमंत्री जन कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत सिंगल स्टेज डिलीवरी का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता,मनोज शर्मा

गजरौला।औद्योगिक नगरी में स्थित खाद्य भंडारण निगम से जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री जन कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत सिंगल स्टेज डिलीवरी का शुभारंभ कर सिंगल स्टेज डिलीवरी वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।बृहस्पतिवार को औद्योगिक नगरी गजरौला में स्थित उत्तर प्रदेश राज्य भंडारण निगम - राज्य भंडार (गृह) गजरौला में पहुंचकर जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री जन कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत सिंगल स्टेज डिलीवरी का शुभारंभ किया। उसके बाद सिंगल स्टेज डिलीवरी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।शुभारंभ करने के बाद जिला अधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना के तहत जो गरीब राशन कार्ड धारको को सरकार द्वारा राशन मुहैया कराया जाता है वह खाद्य भंडारण निगम के बाद गोदामो पर भेजा जाता था।और उसके बाद राशन डीलरो के पास पहुंचता था जिससे राशन डीलरो द्वारा व राशन कार्ड धारको द्वारा राशन कम मिलने की शिकायत मिलती थी। जिसको समाप्त कर दिया गया है और उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश अनुसार राशन कम मिलने की शिकायत को समाप्त करने के लिए सिंगल स्टेज डिलीवरी का शुभारंभ किया गया है। अब सिंगल स्टेज डिलीवरी के तहत राशन गोदामो पर ना भेजकर राज्य भंडार (गृह) गजरौला से सीधे राशन डीलरो के पास पहुंचाया जाएगा जिससे सरकार द्वारा फ्री में दिया जा रहा राशन गरीब और पात्र लोगो को पूरा-पूरा मिल पाएगा और राशन कम मिलने की शिकायत समाप्त हो जाएगी। इसी के तहत दो ट्रक राशन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद सिहाली जांगीर भेजा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जिन वाहनो के माध्यम से यह राशन राशन डीलरो के पास पहुंचाया जाएगा उन वाहनो में जीपीएस सिस्टम भी लगा हुआ है जिससे यह पता चल पाएगा कि वाहन कहां-कहां को होकर और कब तक राशन डीलर के पास पहुंच रहा है। सिंगल स्टेज डिलीवरी से गरीब पात्र राशन कार्ड धारको को पूरा पूरा राशन मिल पाएगा।इस अवसर पर पूरन सिंह चौहान डी एस ओ , मनोज यादव प्रबंधक राज्य भंडार (गृह) गजरौला, हरिशंकर तोमर प्रबंधक गुड़ नियंत्रण, सुभाष चंद्र जिला खाद्य विपणन अधिकारी, श्रीमती प्रतिमा क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, सौधान सिंह पूर्ति निरीक्षक, संजीव यादव परिवहन संचालन ठेकेदार व अन्य अधिकारी तथा सभी गोदाम प्रभारी मौजूद रहे।

मीनू के मुताबिक नहीं मिल रहा छात्रों को भोजन,आदेशो की हो रही अनदेखी

रहरा, प्रात : किरण संवाददाता

प्रदेश सरकार के सख्त निदेर्शों पर भी सरकारी स्कूलों के मिड डे मील में जनपद में कई बार अनियमिताएं पकड़ी जा चुकी हैं। और जिलाधिकारी ने कार्रवाई भी की है। इसके बाद भी अनियमितताएं नहीं रुक पा रही हैं। कुछ स्थानों पर मिड डे मील में सब्जी के नाम पर सिर्फ आलू ही परोसे जा रहे हैं।बृहस्पतिवार को ब्लॉक क्षेत्र के ढड़ियाल मे स्थित प्राथमिक विद्यालय में सरकार द्वारा तैयार मीनू के हिसाब से बच्चों को खाना नहीं दिया गया। बताया जाता है कि मध्यान भोजन देखने वाले विभाग के छोटे से बड़े पदाधिकारी भूले भटके भी विद्यालय नहीं पहुंचते हैं जिससे छात्र-छात्राओं को किस तरह का भोजन मिल रहा है इसकी जांच नहीं हो पाती है। विद्यालय में मिल रहे मध्यान भोजन की गड़बड़ी को लेकर कई बार शिकायतें भी की जा चुकी है मगर यह शिकायतें हमेशा अनसुनी ही रह गई। जिम्मेदार बच्चों को दाल का दाम आसमान छूने की बात कहकर खिचड़ी परोसी गई।यही नहीं उन्हें दाल के नाम पर दाल पानी ही भात के साथ दिया जा रहा है। बधों के मध्यान्ह भोजन में निर्धारित मात्रा में कटौती की जा रही है। बधों के लिए बनाए गए भोजन से शिक्षक व स्व सहायता समूह पेट भर भोजन कर तृप्त हो रहे हैं।इसलिए अधिकांश विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन के लिए निर्धारित मीनू का पालन नहीं हो रहा है। यही नहीं स्कूलों में साफ सफाई का भी उचित प्रबंध नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को गंदगी मे ही भोजन वितरण किया जाता है।यू कहिए अव्यवस्था के बीच बच्चों को मध्यान्ह भोजन परोसा जा रहा है। सभी शासकीय स्कूलों के लिए सोमवार से शनिवार तक मध्यान्ह भोजन के लिए मीनू चार्ट बनाया गया है।जिससे बच्चों को प्रतिदिन मीनू के आधार पर भोजन परोसा जाएं। लेकिन यहां दाल-भात और नाम मात्र की सब्जी ही दी जा रही है।इस संबंध में ग्राम प्रधान गंगा सरन ने बताया कि गुरुवार के दिन दाल रोटी बननी चाहिए थी,जबकि दाल चावल बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मीनू के अनुसार बच्चों को विद्यालय में खाना नहीं खिलाया जा रहा है।एबीएसए गंगेश्वरी आयशा बी ने बताया कि इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।अगर ऐसा है तो मामलें की जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

गंगा की तेज धार से पुल की ठोकर का कटान शुरू, हड़कंप

गजरौला।पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बरसात से मैदानी इलाकों में भी गंगा के जलस्तर में लगातार इजाफा हो रहा है। गंगा की तेज धार फसलों का कटान करने के साथ ही यहां गंगानगर पुल की ठोकर को भी काट रही है। ग्रामीणों के बीच खलबली मची है।बीते कई दिन से पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में लगातार भारी बरसात से जलस्तर में इजाफा हुआ है। बैराज से भी लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव गंगानगर के पास गंगा की तेज धार फसलों का कटान कर रही है। अब तक सैकड़ों बीघा हरे चारे व ईख आदि फसल गंगा में समा चुकी है। गनीमत यह है कि नोज स्पर बने होने की वजह से गंगा का पानी गांव की ओर नहीं बढ़ा है लेकिन गंगानगर पुल की सपोर्ट में लगी मिट्टी को गंगा की तेज धार काट रही है। ग्रामीणों के बीच खलबली मची है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि गंगा के जलस्तर में इजाफा हुआ है। गंगा की तेज धार से पुल की ठोकर के कटान की सूचना मिली है। हालांकि फिलहाल खतरे जैसी किसी बात से इनकार किया जा रहा है।

झारखण्ड से घरो व खेतों में काम कराने के लिये लाये जा रहे बच्चों को प्रशासन ने छुडाया

बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता

जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि गत रात्रि को 10:00 बजे कुछ लोगों द्वारा कुछ बच्चों को झारखण्ड राज्य से पिकअप गाड़ी जिसका नंम्बर जेएच-13-ई-7380 से पैसो का लालच देकर लाया जा रहा था। जिन्हें पुलिस द्वारा महिला कल्याण विभाग के सहयोग से नूरपुर के पास बच्चो सहित नगदी रुपये व मोबाइल बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि जनपद में कहीं भी अनाधिकृत रूप से बच्चों से काम लिया जाता है तो संबंधित के विरूद्व नियमानुसार कडी कार्यवाही की जायेगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि पूछताछ के बाद झारखण्ड राज्य से बच्चों को लाने वाले व्यक्तियों ने अपना नाम क्रमशः दयाराम साहू उर्फ जयरामकुमार पुत्र गोविन्द साहू, निवासी ग्राम लमटा लावालाँग चतरा झारखण्ड, अजय कुमार यादव पुत्र रामस्वरूप यादव, ग्राम-लोटवा कुंदा चतरा, झारखण्ड, हरेन्द्र कुमार पुत्र रामप्रशाद साहू निवासी ग्राम लमटा, लावालाँग चतरा झारखण्ड बताया है। मौके पर इनके साथ सतेन्द्र कुमार त्यागी, शोभित त्यागी, कपिल त्यागी व अतुल त्यागी जोकि बिजनौर के निवासी है पाये गये है। जिनके विरुद्ध पुलिस द्वारा भा०द०स० की धारा 370 , बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियम) 1986 की धारा 3 व 14, बंधित श्रम पद्धति (उत्सादन) अधिनियम 1976 की धारा 16 व 17 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि प्रकरण में बरामद 12 बच्चों का नियमानुसार मेडिकल कराया जा रहा है। जिसके पश्चात बाल कल्याण समिति के समक्ष बच्चों को प्रस्तुत करते हुए किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। बरामद 12 बच्चों को घरो व खेतो में काम कराने हेतु लाया गया था। जिनका सौदा उपरोक्त व्यक्तियों के बीच हो चुका था। सभी बच्चों की उम्र 10 वर्ष से 15 वर्ष के बीच है। वर्तमान में महिला कल्याण विभाग, पुलिस विभाग व श्रम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग करें

हवेली खड़गपुर । मजदूर नेता कॉमरेड दशरथ प्रसाद सिंह ने हवेली खड़गपुर क्षेत्र में किसानों की समस्याओं को देखते हुए सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग की है श्री सिंह ने आगे कहा है कि खड़गपुर झील भी सुखा हुआ है उससे निकलने वाली सभी नहरें भी सुखी हुई है और वर्षा हो नहीं पा रही है जिससे किसान परेशान है किसानों की समस्या को बिहार सरकार गंभीरता से विचार करें और हवेली खड़गपुर को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करना चाहिए।

भाजपा का दो दिवसीय केंद्रीय नेता का प्रवास कार्यक्रम शुरू

गया । जिला के दस विधानसभा क्षेत्रों में से सात विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के केंद्रीय नेताओं का प्रवास कार्यक्रम के तहत संगठन की बैठक, केंद्र और राज्य सरकार के विकास कार्यों का फीडबैक, विधानसभा के अंतर्गत धार्मिक स्थल, पर्यटक स्थलों काव निरीक्षण, लाभार्थियों से मुलाकात, जनप्रतिनिधियों से वार्ता, किसानों से संवाद आदि विषय समाहित किया गया है।

शेरपुर-दिघवारा के बीच सिक्सलेन सड़क पुल की निविदा प्रक्रिया आरंभ, शीघ्र होगा निर्माण

छपरा,प्रात : किरण संवाददाता

बेहतर सड़क कनेक्टिविटी प्रदान कर सारण जिला को विकास के मानक के रूप में स्थापित करने की सांसद रुडी की दूरदर्शी सोच अब धरातल पर आकार ले रही है। अब वह दिन दूर नहीं जब सारण ग्रेटर पटना की संकल्पना को साकार करेगा क्योंकि, पटना पथ चक्र का महत्वपूर्ण हिस्सा शेरपुर-दिघवारा गंगा पथ की निविदा जारी हो गई है।

इस संदर्भ में सांसद रूडी ने कहा कि निविदा जारी होने के साथ ही यह सिक्स लेन पुल अब जमीन पर आकार लेने लगा है। अब शीघ्र ही इसका कार्य आवंटन कर निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होंने कहा कि पटना के दानापुर स्थित शेरपुर से सारण के दिघवारा को जोड़ने वाले गंगा नदी पर पटना और सारण के बीच यह तीसरा और छः लेन का एकमात्र पुल होगा जो सड़क कनेक्टिविटी के लिहाज से बहुत ही महत्वपूर्ण होगा। पटना रिंग रोड का हिस्सा इस सिक्स लेन वाले पुल के माध्यम से राज्य के किसी भी भाग में जाना सुगम होगा जिससे यह पुल व्यवसाय, पर्यटन और अन्य मामलों में सारणवासियों के लिए वरदान साबित होगा। पटना रिंग रोड के हिस्से के रूप में गंगा नदी के पार 6 लेन पुल और इसके पहुंच पथ के निर्माण के लिए बुधवार को निविदा की प्रक्रिया पूरी हुई है। 13 सितम्बर को निविदा खुलेगी और उसके बाद कार्य आवंटन तथा निर्माण कार्य शुरू होगा। ईपीसी मोड पर बनने वाला यह पथ शेरपुर के पास 8.480 किमी से शुरू होकर 23.000 किमी तक होगा। विदित हो कि यह योजना लगभग 138 किलोमीटर लंबे पटना रिंग रोड का हिस्सा है जिसे सांसद रुडी ने अपने प्रयास से रिंग रोड परियोजना में शामिल कराया था। 4900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले 11 किलोमीटर लंबे

विकास

- पटना रिंग रोड के भाग के रूप में इसके निर्माण के लिए सांसद रुडी का प्रयास हुआ सफल

इस गंगा पथ पुल का कायार्रंभ अब शीघ्र ही होगा। विदित हो कि परिवहन, पर्यटन और संस्कृति समिति के सदस्य है सारण सांसद रुडी।

इसके साथ ही इसकी उप समिति की अध्यक्षता भी रूडी ही करते है। समिति के माध्यम से इस संदर्भ में कई बार छभ्।प और सरकार की अन्य विभागीय अधिकारियों और मंत्रियों से बैठक कर रुडी ने प्रयास किया गया जो अब फलीभूत हुआ है। उत्तर बिहार को जोड़ने वाले पटना और सारण के बीच जेपी सेतु के निर्माण से सारणवासियों की सम्पूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो पा रही थी। पुल सह सड़क पथ संकरा होने के कारण इससे भारी वाहनों का आवागमन भी नहीं हो पाता है इसलिए सारण प्रमंडल की घनी आबादी को देखते हुए और उनकी आवश्यकताओं को तथा राजधानी पटना से बेहतर कनेक्टिविटी के मद्देनजर एक चैड़ी सड़क पुल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी के मद्देनजर सांसद रुडी ने एक और पुल के निर्माण के लिए राज्य सरकार के विभागीय मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई दौर की बैठकें की और बाद में इसे पटना रिंग रोड के महत्वपूर्ण हिस्सा के रूप में शामिल करने की कवायद शुरू की। इसका परिणाम यह हुआ कि अब सारण के दिघवारा से पटना के शेरपुर को जोड़ने वाले उच्च स्तरीय सिक्सलेन गंगा पथ पुल की निविदा जारी कर दी गई है और इसका निर्माण शीघ्र ही मूर्तरूप लेगा।

फर्जी जीएनएम पर अब तक दर्ज नहीं हुआ प्राथमिकी

हवेली खड़गपर । अनुमंडलीय अस्पताल हवेली खड़गपुर में कार्यरत सात फर्जी जेएनएम पर प्राथमिकी आज तक दर्ज नहीं हो पाई है जबकि बिहार परिचायक निबंधक के निर्देशक के द्वारा मुंगेर जिले में 22 नवनियुक्त जेएनएम की सूची सिविल सर्जन मुंगेर को भेजा गया था और इन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर सभी से वेतन एवं अन्य तरह के भता वगैरह की वसूली का निर्देश दिया गया था लेकिन हवेली खड़गपुर चिकित्सा पदाधिकारी ने फर्जी प्रमाण पत्र पर नवनियुक्त जेएम पर प्राथमिकी खड़गपुर थाना में दर्ज नहीं कराया है। इस संबंध में सिविल सर्जन पीएम सहाय ने बताया कि सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर निदेशक के आदेश के अवलोकन में कार्यवाही करने का आदेश दिया गया है प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अगर कार्यवाही नहीं करते हैं तो प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि दो वर्षों से फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर हवेली खड़गपुर अनुमंडल अस्पताल में नवनियुक्त जीएनएम राजकुमार नीलू कुमारी पूजा सिंह लाली कुमार कुमारी रचना कुमारी शाहिद हुसैन कार्यरत है।

व्रजपात सुरक्षा रथ रवाना

गया,प्रात : किरण संवाददाता

वज्रपात से सबसे प्रभावित जिलों में से गया जिला एक है। वज्रपात से जिले में काफी जान-माल का नुक्सान होता है। इसे कम करने हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गया के द्वारा निरंतर प्रयास जारी है। पूर्व में किये गए प्रयासों से वज्रपात की घटनाओं में कमी आई है इसी क्रम में गुरुवार को समाहरणालय परिसर से अमित राजन, वरीय उप समाहर्ता जिला आपदा शाखा गया एवं अभिषेक कुमार, वरीय उप समाहर्ता जिला नजारत शाखा गया के द्वारा हरी झंडी दिखाकर वज्रपात सुरक्षा रथों को जिले के हरेक पंचायतों में भ्रमण के लिए रवाना किया गया है। वज्रपात से बचाव हेतु जिले के मुख्य स्थानों पर जागरूकता एवं प्रचार झ प्रसार हेतु नुक्कड़ नाटक के टीम को कुमार दीपक, आपदा प्रबंधन प्रोफेशनल के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। इसके अतिरिक्त सभी अंचलों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में होर्डिंग/फ्लेक्स को जन जागरूकता हेतु लगाया गया है हैण्डबिलके माध्यम से स्कूलों, आंगनवाडी, किसान चौपाल के द्वारा वितरण कर एवं जागरूकता सन्देश देकर भी वज्रपात से बचाव हेतु कार्य किये जा रहे हैं सायरन के माध्यम से पूर्व चेतावनी प्रणाली का अधिष्ठापन पंचायतों में एवं लाइटनिंग अरेंस्टर लगानी की कार्यवाई भी की जा रही है। सूचना प्रणाली के द्वारा पूर्व सूचना गया जिले में जन झ जन तक पहुचाने का कार्य जिला आपातकालीन सञ्चालन केंद्र के द्वारा निरंतर किया जा रहा जिसमे वज्रपात के 2-3 घंटे पूर्व हीं अलर्ट जारी किया जाता है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निरंता प्रयासों का हीं फल है गया जिले में वज्रपात की घटनाओं में भारी कमी आई है।

एसटीएफ व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ एक सौ चक्र गोली चली

मुंगेर। प्रात : किरण संवादाता

नक्सलियों और पुलिस के बीच से बुधवार की देर रात हवेली खड़कपुर क्षेत्र के घोडाखूर जंगल में नक्सलियों के जमावड़े की सूचना पर सीआरपीएफ एवं एसटीएफ के संयुक्त सर्च अभियान में घोडाखूर जंगल में नक्सली और एसटीएफ के बीच करीब 100 राउंड गोलियां चली । किसी के हताहत होने की खबर नहीं है मुंगेर के आरक्षी अधीक्षक जगुनाथरेड्डी जलारेड्डी ने बताया कि लक्सरी के जमावड़ा के सूचना पर कोबरा एसटीएफ टीम ने संयुक्त कार्यवाही के लिए घोड़ाखुर जंगल पहुंची पुलिस को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने फायरिंग शुरू किया। पुलिस के जवाबी कार्यवाही को देखते हुए नक्सलियों ने अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग गए इसमें किसी के हताहत नहीं हुआ हैं मुंगेर एसपी ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलता रहेगा।

जलजमाव से आम-जन जीवन नारकीय में तब्दील

भभुआ , प्रात : किरण संवाददाता

स्थानी एकता चौक से लेकर खादी भंडार तक जल जमाव होने से आम जनजीवन नारकीय जीवन जीने के लिए तब्दील हो जाती है। नगर परिषद के अभियंताओं के कारण ऐसी नौबत उत्पन्न हो गई है। सूत्र बताते हैं कि करोड़ों रुपए की लागत से जलजमाव से निजात पाने के लिए नगर परिषद ने सड़क का पानी नालों के द्वारा मुख्य नालो में गिराने के लिए रणनीति तैयार किया था। लेकिन नगर परिषद जलजमाव के कारण निजात न पा सका। नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण आजादी के 75 वर्ष बाद भी स्थानीय एकता चौक पर जलजमाव का मंजर आम नागरिक को देखने को मिलता है। स्थानीय एकता चौक से खादी भंडार तक भीआईपी एवं प्रसिद्ध व्यवसायियों का प्रतिष्ठान उपस्थित है। इन प्रतिष्ठानों द्वारा नगर परिषद को लाखों रुपए हर वर्ष राजस्व देने से पीछे नहीं हटता है। लेकिन नगर परिषद के द्वारा शह मात के खेल में आम नागरिकों को जीवन नारकीय में जीने के लिए तब्दील कर दिया है। आम नागरिक जीवन जीने के लिए कई बार कैमूर जिला अधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, नगर निकाय कार्यपालक पदाधिकारी से गुहार लगाकर थक चुके हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि अंधेर नगरी चौपट राजा वाला चरितार्थ उजागर होता है।

बीडीओ ने किया कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण

बोचहां, प्रात : किरण संवादाता

प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी परिसर में चल रहे कस्तूरबा विद्यालय में क्षमता 50 छात्राओं की भी नहीं है लेकिन उसी में 100 छात्राएं रह रही हैं। चौकी में चौकी सटाकर किसी तरीके से सभी छात्राएं सोती हैं,भीषण गर्मी के बीच एक दूसरे से इतने क्लोज होकर सोने में कई छात्राओं को चरम रोग एवं घाव की समस्या हो गई है। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर बुधवार की रात्रि कस्तूरबा विद्यालय की जांच करने पहुंची बीडीओ सुभद्रा कुमारी के सामने यह खुलासा हुआ।

वर्ग 7 की राघो मझौली निवासी महेश्वर राम की पुत्री नीतू कुमारी एवं करणपुर बोचहां निवासी इंद्रजीत सहनी की पुत्री नीता कुमारी घाव से परेशान है। प्रभारी वार्डन बबीता कुमारी व शिक्षिका वीणा कुमारी ने बीडीओ को बताया कि कम जगह में ज्यादा बच्चों के साथ साथ सोने के कारण चर्म रोग की समस्याएं भी हो रही हैं।

- कहा ,भवन रहने लायक नहीं, क्षमता से दोगुनी छात्राएं रह रही हैं

किचेन,ऑफिस, शयन कक्ष, किचेन व शौचालय का भवन जीर्ण शीर्ण है, छतों से सिमेंट चू चू कर गिर रहा है, कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है।

सीसीटीवी है,5 कैमरे बाहर लगे हैं लेकिन बाहर बल्ब नहीं होने के कारण स्पष्ट दिखाई नहीं देता,कस्तुरबा की अपनी चाहरदिवारी नहीं होने से भय बना रहता है। वार्डन का पद खाली है वहीं अलग अलग नौकरी लगने के कारण एक टीचर व अकाउंटेंट ने इस्तीफा दिया तब से दोनों पद खाली है,सौ छात्राओं पर सिर्फ 2 शिक्षिकाएं हैं इन्हीं में से एक प्रभारी वार्डन का काम करती हैं तीन रसोईया भी वैकल्पिक ही हैं। बीडीओ ने बताया कि कस्तुरबा की स्थिति बेहतर नहीं है, सोने की समस्या है,भवन भी हर हिस्से में जर्जर है। निरीक्षण के दौरान 63 छात्राएं थीं,बाकि के बारे में बताया गया कि नामांकन के बाद संधारण किया जा रहा है। सीडीपीओ को भी जांच में रहने का निर्देश था लेकिन वो नहीं आई। जांच के दौरान सहयोग में शिक्षाकर्मी सचिन कुणाल व पंकज कुमार भी थे। बीडीओ ने बताया कि सभी जानकारी जिलाधिकारी को दे दी गई है।

पोशाक राशि के वितरण में अनियमितता कार्यवाही की मांग

टेटिया बंबर। बिहार सरकार एक और पढ़ाई के प्रति सजग है तो दूसरी ओर उनके मुलाजिम लापरवाह है मुख्यमंत्री पोशाक योजना के तहत राशि दिया जा रहा है वहीं प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका की ओर से राशि नहीं देकर सस्ते एवं घटिया स्तर का कपड़ा खरीद खरीद कर दिए जाने से संबंधित एक मामला प्रकाश में आया है 15 जुलाई से लेकर 21 जुलाई तक प्रखंड के सभी आंगनवाड़ी केंद्र को बच्चों को प्रत्येक बच्चों को ₹400 की दर से राशि का वितरण किया जाना है लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 13 ठाकुर टोला बंबर के सेविका खुशबू कुमारी बच्चों को राशि ना देकर सस्ते कपड़ा दे दिया हैं। सेविका के इस कार्य की ग्रामीणों ने शिकायत की है प्रखंड राजद युवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार आनंद ने जिला अधिकारी से सभी आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका द्वारा बरती जा रही अनियमितता की जांच करा कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। सीडीपीओ कुमारी ने बताया कि शिकायत मिलने पर सेविका के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

तेलंगाना के भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

कैमूर, प्रात : किरण संवाददाता

- भाजपा के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कन्हैया राय सहित जिले के कई पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे

जिले के रामगढ़ प्रखंड के बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के धर्मशाला में गुरुवार को तेलंगाना के भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह का भव्य स्वागत किया गया। भानु प्रताप सिंह को सर्वप्रथम रामगढ़ विधानसभा के भाजपा के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह एवं कैमूर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कैमूर कन्हैया राय ने मां मुंडेश्वरी के तैल चित्र देकर सम्मानित किया। तेलगाना के प्रदेश अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री के महत्वकांक्षी योजना उज्जवल गैस के तहत लोगों के बीच वितरण भी किया। इस मौके पर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अलावा कैमूर जिले के पार्टी के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

विद्यालय में छात्रो के बीच लर्निंग एट होम किट गौरैया का वितरण

दिघवारा नगर, प्रात : किरण संवाददाता

अंचल के मानुपुर संकुल अधीन उत्क्रमित मध्य विद्यालय ईशुपुर में आगा खान फाउंडेशन के तत्वधान में गुरुवार को वर्ग 1 से 3 तक में नामांकित विद्यार्थियों के बीच लर्निंग एट होम किट गौरैया का वितरण किया गया। किट वितरण के बाद किट पाने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रफुल्लित व उत्साहित देखा गया।

किट वितरण कार्यक्रम में पहुंचे नामांकित विद्यार्थियों के माता पिता व अभिभावकों ने भी फाउंडेशन की प्रयासों की सराहना की और कहा कि फाउंडेशन का यह प्रयास प्रशंसनीय है। फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट फैसिलिटेटर सुजीत कुमार व शिक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि यह किट बच्चों के लिए काफी मददगार बनेगा एवं बच्चे रुचि के साथ पढ़ाई कर सकेंगे। ऐसे में

- नामांकित विद्यार्थियों के माता पिता व अभिभावकों ने भी फाउंडेशन की प्रयासों की सराहना की

विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति लगाव बढ़ेगा और पढ़ाई में रोचकता आएगी। बच्चों के अंदर सृजनात्मक सोच का विकास होगा। किट में बच्चों के एक महीने के पढ़ने के लिए सारी सामग्रियां प्रदान की गई है जिसमें किताब, पेंसिल,कटर,रबर,गोंद, कलर बॉक्स वर्कशीट समेत कई जरूरी सामान उपलब्ध हैं।संयोजक सुजीत कुमार ने बताया कि दिघवारा अंचल में चयनित स्कूलों के शिक्षकों को फाउंडेशन द्वारा टैब भी उपलब्ध कराया गया है ताकि टैब से लैस शिक्षक विद्यार्थियों को तकनीक के सहारे अद्यतन तरीके से आसानी से पढ़ा सके। वितरण कार्यक्रम में विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका गीता कुमारी, आरती कुमारी,कुमारी शशिनिभा,नूतन,अखिलेश कुमार सिंह, पुतुल कुमारी व पुष्पलता कुमारी सरीखे शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

मुबारकपुर ग्रामीण सड़क पर 5 सालों से जलजमाव

मढ़ौरा ग्रामीण, प्रात : किरण संवाददाता

स्थानीय प्रखंड के मुबारकपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 9 मिश्रा टोली में अवस्थित ढलाई ग्रामीण सड़क पर पिछले 5 वर्षों से जलजमाव कायम है। किंतु आज तक इस समस्या के निदान के लिए किसी ने पहल नहीं की। जिस कारण यहां रहने वाले लोगों की जिंदगी नारकीय हो गई है। वार्ड 9 के निवासी हेमंत कुमार ने बताया कि पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग अपने घरों का पानी रोड पर गिराते हैं।

यही कारण है कि यहां पिछले 5 सालों से लगातार जलजमाव कायम है और इधर से गुजारना लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे लोग इस संबंध में कई बार अपने पंचायत के मुखिया और अन्य जनप्रतिनिधियों से इस समस्या के निदान के लिए

- स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासन के लोग नही देते है ध्यान

गुहार लगाई लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला । इसके बाद यहा के लोग कई बार मढ़ौरा के बीडीओ और सीओ के यहां भी लिखित आवेदन दिए किंतु प्रशासन के अधिकारी ने भी यहां के लोगों को निराश किया और इस समस्या का निदान आज तक नहीं किया जा सका। जिस कारण इधर से गुजरने वाला हर व्यक्ति करीब एक फीट तक लगे किचरनुमा गंदे पानी को पार करके जाने आने को मजबूर हैं।

भाकपा - माले ने मनाया प्रथम महासचिव चारु मजुमदार का 50 वां शहादत दिवस

गड़हनी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रखण्ड के सहँगी गाँव में भाकपा - माले ने अपने प्रथम व संस्थापक महासचिव चारु मजुमदार का 50 वां शहादत का दिवस मनाया। इस मौके पर संकल्प सभा का आयोजन किया गया। संकल्प सभा की शुरूआत पार्टी के वरिष्ठ स्थानीय नेता विशेश्वर पासवान द्वारा झंडा तोलन से किया गया।

पार्टी पोलित ब्यूरो सदस्य व चारु मजुमदार के समकालीन नेता स्वदेश भट्टचार्य ने मजुमदार के फोटो पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर विधायक मनोज मंजिल ने कहा कि चारु मजुमदार को शासक वर्ग ने पुलिस के द्वारा यह समझ कर हत्या कर दी थी की नक्सलबाड़ी की चिंगारी को खत्म कर दिया जाएगा। लेकिन नक्सलबाड़ी का चिंगारी बंगाल से भोजपुर आई और आज मेहनतकश, गरीब - दलित मजूदर किसानों ने

अपनी एकता से लाल झंडा को थाम कर कॉमरेड मजूमदार के सपनो को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि आज केंद्र की सरकार गरीबों की रोटी दवा पर भी टैक्स लगा दी है। बोलने लिखने वाले बुद्धिजीवी, पत्रकार को जेल में डाला जा रहा है।

बिहार के किसान पानी के ताक में बैठे हैं तो नीतीश सरकार भी हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए है। सभी सरकारी नलकूप बंद पड़ा हुआ है। इस लिए चारु मजूमदार को सही श्रद्धांजलि तब होगी जब नक्सलबाड़ी के भावना को आगे बढ़ाया जाए।चारु मजूमदार के शहादत दिवस पर दर्जनों छात्र - नौजवान, किसान मजदूर महिला पुरुष ने भाकपा - माले की सदस्यता ग्रहण किया।

माल्यार्पण करने वालों में पार्टी केंद्रीय कमिटी सदस्य व स्थानीय

- बिहार के किसान पानी के ताक में बैठे हैं तो नीतीश सरकार भी हाथ पर हाथ धरे बैठे: विधायक

विधायक कॉमरेड मनोज मंजिल, प्रखंड सचिव छपित राम, जन कवि निमोर्ही जी, जिला कार्यालय सचिव चन्दन कुमार, भीम पासवान, सम्राट जी इत्यादि ने किया। शहीदों के याद में दो मिनट का मौन रख कर व शहीद गीत के साथ किया गया।

शहीद गीत जन कवि निमोर्ही जी ने गाया। प्रमुख नेताओं में भाकपा-माले पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड स्वदेश भट्टाचार्य,आगिआंव विधायक कॉमरेड मनोज मंजिल, अंचल सचिव राम छपित राम,माले नेता जान कवि निमोर्ही जी,भीम पासवान,सम्राट जी, विशेश्वर पासवान, लल्लू चौधरी,सोशल मीडिया प्रभारी चंदन जी, इनौस नेता अंशु कुमार, हरिनारायण साव, विशाल, विकाश थे ।

रिटायर्ड फौजी की कुंए में गिरकर मौत

उदवंतनगर । थाना क्षेत्र के एड़ौरा पंचायत अंतर्गत बसौरी गांव में कुंए में गिरने से एक रिटायर्ड फौजी की घटनास्थल पर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बसौरी गांव निवासी ज्वाला प्रसाद सिंह का 62 वर्षीय पुत्र रिटायर्ड फौजी अनुग्रह नारायण सिंह की मौत कुंआ में गिरने से हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय मृतक कुंए पर बैठे थे। अचानक लोगों ने कुंए में किसी बस्तु के गिरने की आवाज सुनी।आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े। उन्होंने पाया कि कुंए पर बैठे रिटायर्ड फौजी गिर गए हैं। जहां घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। मृतक का शरीर काफी वजनी था इसलिए कुंए से बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।कुंए से निकाल कर आनन फानन में गड़हनी इलाज के लिए ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के दो पुत्र हैं।बड़ा बेटा हरेंद्र कुमार सिंह फौज में हैं तथा छोटा बेटा बीरेंद्र कुमार सिंह प्राइवेट में नौकरी करते हैं। मृतक का अंतिम संस्कार महुली घाट पर किया गया।

बिंदु राय ने बढ़ाया सारण का मान मिला कलाम यूथ लीडरशिप सम्मान

मकेर, प्रात : किरण संवाददाता

ख्वाब फाउंडेशन मोतिहारी द्वारा आयोजित श्री कृष्णा साइंस सेंटर ऑडिटोरियम पटना में आयोजित समारोह में अब्दुल कलाम यूथ कांफ्रेंस 4.0 में मकेर की बहु और सारण की बेटी ,महिला सशक्तिकरण की उदाहरण, सामाजिक कार्यकर्ता बिंदू राय को कलाम यूथ लीडरशिप अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया।

कोरोना काल में जब लोग भयभीत हो रहे थे उस समय इन्होंने समाज के नीचले पायदान पर जीवन बसर करने वाले लोगों में जागरूकता फैलाने, उनकी सहायता करने, समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए किए गए प्रयास और तन मन से मानव सेवा में अहम भूमिका का निर्वहन करने हेतु उन्हें यह सम्मान दिया गया है। विदित हो कि बिंदू राय कोरोना काल से ही समाज सेवा और मानव सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहीं

हैं। गरीब तबके के बेटियों की शादी हो, पढ़ाई का खर्चा हो या बीमारी से लाचार व्यक्ति सभी की सहायता करने को तत्पर रहने वाली समाज की सशक्त महिला हैं।

यह अवार्ड बिहार के सारण से एक मात्र महिला बिंदू राय को मानव सेवा एवं समाज के प्रति एक अच्छी सेवा के रूप में मान्यता देते हुए दिया गया है। ष्कलाम यूथ लीडरशिप अवार्ड 2022 सम्मान मिलने के बाद इन्हें शुभकामनाएं और बधाइयां मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है। मकेर प्रखंड की बेटी बिंदू राय ने युवतियों और महिलाओं में एक नया जोश भर दिया है।

अवार्ड के बारे में पूछे जाने पर श्रीमती राय ने कहा कि सारण जिले से मुझे चुनकर सम्मानित करना पूरे जिले के महिलाओं की जीत और सम्मान है। यह अवार्ड मैं अपने जिले के सभी माताओं ,बहनों को समर्पित करती हूं। यह सम्मान मुझे और समर्पित होकर समाज की सेवा करने की प्रेरणा देती है।

संक्षिप्त खबरें

बस से 47 बोतल विदेशी शराब के साथ तीन गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेकपोस्ट के समीप वाहन जांच के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने एक बस से 47 बोतल विदेशी शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर मधुबनी जिले के फुलपरास थाने के घुवडीया गांव के ललन कुमार यादव, इनरवा गांव के विष्णु कुमार यादव और छपरा जिले के मशरक थाने के बराहीमपुर गांव के मन्टु कुमार सिंह बताए गए है। इसकी जानकारी देते हुए उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि बलथरी चेकपोस्ट के समीप वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक बस से 47 बोतल विदेशी शराब के साथ तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

मिंज स्टेडियम के सौंदर्यीकरण के दिए निर्देश

गोपालगंज। शहर स्थित मिंज स्टेडियम का सौंदर्यीकरण होगा। गुरुवार की सुबह डीएम डॉ. नवल किशोर चैधरी व एसपी आनंद कुमार ने मिंज स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान मिंज स्टेडियम में कई तरह की कमियां दिखीं। जिसके बाद डीएम ने मिंज स्टेडियम के सौंदर्यीकरण को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही स्टेडियम में लाइटिंग, सीढ़ियों की मरम्मति, रंगरोगन, बॉउंड्री वॉल का जीणोद्धार एवं सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न पहलुओं को लेकर भी कई निर्देश दिए।

उज्जवल भारत उज्जवल पावर महोत्सव आयोजित

अब ग्रामीण क्षेत्रों को मिलती है 22.5 घंटे बिजली: रामसूरत राय

मुजफ्फरपुर ,प्रात :किरण संवाददाता

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत उज्जवल भारत उज्जवल पावर @2047 महोत्सव का आयोजन स्थानीय जिला परिषद सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री रामसूरत राय,कुढ़नी विधायक डॉक्टर अनिल सहनी, विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह ,जिला जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष,जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी,अधीक्षण अभियंता, नोडल पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मंत्री राम सूरत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयास से आज विद्युत के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन नजर आता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्युत विभाग की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से करते हुए एक तरफ जहां आम लोगों के घरों में विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है वही किसानों एवं उद्यमियों के लिए निर्बाध विद्युत की आपूर्ति एक वरदान साबित हुआ है। जन हितैषी केंद्र व प्रदेश सरकार अपने विकासात्मक योजनाओं से जन-जन को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के संकल्प 'हर घर बिजली' की उपलब्धता की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए जन आकांक्षाओं मूर्त रूप दिया गया है। उन्होंने इसके लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की भी भूरी -भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में उपस्थित जिला अधिकारी प्रणव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज के तारीख में हर गांव अपनी तरक्की की कहानी स्वयं बयान करता है। आज भारत के हर ग्राम को विद्युतीकरण द्वारा रोशन किया गया है। उन्होंने कहा कि बिजली केवल एक ही नहीं अपितु सभी क्षेत्रों में अनिवार्य है। अगर बात जहां शिक्षा की हो या स्वास्थ्य की या चाहे उद्योग की तो सभी क्षेत्र को इससे लाभ मिला है। इसके पूर्व अधीक्षण अभियंता पंकज राकेश एवं नोडल पदाधिकारी संजीत कुमार ने अपने संबोधन में विधुत के क्षेत्र में जिले की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण, ग्राम विद्युतीकरण ,,विद्युत वितरण प्रणाली एवं सशक्तिकरण ,नवीनीकरण अक्षय ऊर्जा ,कैपेसिटी एडिशन, वन नेशन वन ग्रिड, उपभोक्ताओं के अधिकार इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम में उपस्थित कुढ़नी विधायक डॉ अनिल सहनी एवं विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष तथा अन्य वक्ताओं ने भी इस संबंध में अपने विचार रखे। नोडल अधिकारी ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य अधिक से अधिक जनभागीदारी एवं बिजली के क्षेत्र में हुए विकास को अधिक से अधिक लोगो तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभुकों ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार बिजली उनके जीवन में एक वरदान की तरह कार्य करती है। आज की जीवनशैली से जुड़ी हुई हर छोटी से छोटी बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल करके हम अपने जीवन यापन को कितना सुगम बना सकते हैं। साथ ही हमारे बच्चे की शिक्षा में भी अब कोई बाधा नहीं होती है। उन्होंने कहा कि बिजली से हमारे गांव और घरों में खुशहाली का माहौल है।

कार्यक्रम

- बजली केवल एक ही नहीं अपितु सभी क्षेत्रों में अनिवार्य: रामसूरत

चकिया में पीएफआई के जनरल सेक्रेटरी के घर एनआईए का छापा

चकिया। पटना के फुलवारी शरीफ आतंकी मॉड्यूल को लेकर गुरुवार की सुबह मोतिहारी के चकिया नगर परिषद क्षेत्र के कुआवां वार्ड 13 में एनआईए की टीम ने विशेष छापेमारी अभियान चलाई। छापेमारी चकिया थाना क्षेत्र के कुआवाँ में रेयाज मारूफ उर्फ बबलू के घर पर भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में एनआईए की टीम छापेमारी की। पीएफआई के जनरल सेक्रेटरी के गाँव कुआवाँ में एनआईए की छापामारी से पूरे गांव में हलचल रहा। इस छापेमारी को लेकर पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गया है। छापेमारी अभियान के दौरान एनआईए की टीम पूरे घर की तलाशी की और सभी चीजों को खंगाली है ।जानकारी के अनुसार अब तक किसी को हिरासत में नही लिया गया है। छापेमारी को लेकर इलाके में सुरक्षा कर्मियों की भारी संख्या में तैनाती की गई है। दरअसल पीएफआई के जनरल सेक्रेटरी रेयाज मारूफ उर्फ बबलू कुआवाँ का रहने वाला है। फुलवारीशरीफ आतंकी कनेक्शन में उसका नाम आने के बाद से वह अंडरग्राउंड हो गया है। उसके ऊपर पार्टी के लोगों को ट्रेनिग देने का आरोप लगा है। छापेमारी के दौरान उसकी मां मारीना खातून और उसका भाई रेयाज शराफत मौजूद था। इस दौरान कुछ संदिग्ध कागजात अपने साथ ले गई। एनआईए टीम के साथ चकिया पुलिस भी मौके पर मौजूद रही।

नियमित बिजली आपूर्ति से तस्क्की को मिल रही नई रफ्तार: जनक राम

गोपालगंज, प्रात :किरण संवाददाता

- अंबेडकर भवन में उज्जवल भारत-उज्जवल भविष्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भारत की आजादी के 75 साल का जश्न मनाने के लिए विद्युत मंत्रालय के द्वारा गोपालगंज के अंबेडकर भवन में उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन खनन एवं भूतत्व मंत्री जनक राम, विधान पार्षद राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबु, जिला पदाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चैधरी, उप विकास आयुक्त अभिषेक रंजन ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में बिजली के क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से दशार्या गया।

इस दौरान बताया गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिशानिर्देश में हर घर बिजली योजना के तहत जिले के प्रत्येक घरों का विद्युतीकरण करते हुए इच्छुक परिवार को विद्युत सम्बन्ध प्रदान किया गया है। राज्य में वर्ष 2012 में उपभोक्ताओं की संख्या लगभग 38 लाख थी जो वर्तमान में बढ़ कर लगभग 182 लाख हो गयी है। इस अवधि में उपभोक्ताओ के लिए बेहतर गुणवत्ता वाली बिजली उपलब्ध कराने हेतु राज्य की बिजली कम्पनियां निरन्तर प्रयासरत रही है। जिला पदाधिकारी द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि जिले में बिजली के क्षेत्र में लगातार सुधार हो रहा है। बिजली के कारण कारोबार भी नई ऊंचाइयों तक पहुँच रही है। उन्होंने कहा कि मीटर रीडिंग एवं बिजली बिल की समस्या विद्युत कम्पनी के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई थी। जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ती थी लेकिन स्मार्ट प्रीपेड मीटर के कारण अब परेशानियों से निजात मिल रही है। कार्यक्रम में कला जत्था टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों के बीच बिजली से सम्बंधित जागरूकता फैलाया गया। वही खनन एवं भूतत्व मंत्री जनक राम के द्वारा अपने सम्बोधन में बिजली के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बिजली के विभिन्न लाभों के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार बिजली के क्षेत्र में सुधार को लेकर प्रयासरत है। वर्तमान समय मे बिजली के क्षेत्र में काफी शानदार कार्य हुआ है। इस दौरान विद्युत कार्यपालक अभियंता गोपालगंज अजय कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता मीरगंज नवीन मण्डल सहित अन्य बिजली विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

यूरिया कालाबाजारी को लेकर किसानों ने किया एनएच को जाम

रामगढ़वा, प्रात :किरण संवाददाता

रामगढ़वा में यूरिया कालाबाजरी का आरोप लगा कर गुरुवार को किसानों ने एनच में स्टेट बैंक के समीप कुछ देरों के लिए जाम कर दिया। इसकी सूचना पर रामगढ़वा बीडीओ मो. सज्जाद, सीओ मनिभूषण कुमार एवं थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान पंहुचकर जाम समाप्त कराया।

किसानों का आरोप था कि गणपत वीसेन दुकानदार द्वारा 266 रुपए की प्रति बोरी की यूरिया को 350 रुपए प्रति बोरी बेचा जा रहा है। किसान उचित मूल्य पर यूरिया लेने के लिए लाईन में सुबह से ही खड़े रह गए और एक दिन पहले अधिक मूल्य देकर बुक कराए लोगों को दुकानदार साइड के लाईन से यूरिया दे रहे थे। इस बात को देखकर किसानों का हंगामा शुरू हो गया और कृषि विभाग के कर्मी दूकान पर जाकर लोगों को उचित मूल्य पर यूरिया दिलाने का आश्वासन दिया और हंगामा शांत हुआ। इसके बाद भी दुकानदार के रवैया में बदलाव नहीं हुआ और लाईन में खडे लोग खडे ही रह गए। चिलचिलाती धूप में घंटों लाईन में लगने के बाद भी यूरिया बिक्री काउंटर तक नहीं पंहुच पाने और कालाबाजारी नहीं रुकने पर लाईन में लगे किसान दुबारा आक्रोशित हो गए और अंतिम विकल्प के रूप में एनएच को जाम कर दिया। जाम के कारण यातायात व्यवस्था बिगड़ गई। इस समस्या की सूचना पर रक्सौल एलआरडीसी रामदुलार राम भी पंहुच गए। अधिकारियों का दल जाम स्थल पर गया और किसानों को फिर से कतारबद्ध होकर यूरिया लेने की बात कही। हालाकि अधिकारियों नें सड़क जाम करने को नियम के विरुद्ध बताया और इसके आरोप में केस हो जाने की भी बात कही। इस बात पर जाम समाप्त हुआ और कई किसान यूरिया के बिना ही मन मासोसकर वापस घर लौट गए। गौरतलब है कि किसानी के हर मौसम में यूरिया की किल्ल्त होती है। खरीफ फसल की शुरूआत होते ही धान की फसल में यूरिया देने के लिए रामगढ़वा में खाद के लिए हाहाकार मच गया है। ऐसी बात नहीं है की यह पहली बार हुआ है बल्कि हर साल खरीफ और रब्बी फसल के अवसर पर यही हाल होता है। इसका मुख्य कारण यूरिया की आवश्यकता से कम आवंटन का मिलना है।

भाजपा के प्रवास कार्यक्रम के तहत यूपी के विधायक आज औरंगाबाद में

औरंगाबाद, प्रात :किरण संवाददाता

दाउदनगर प्रखंड अंतर्गत भाजपा ओबीसी मोर्चा के बैनर तले भारतीय जनता पार्टी के प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत यूपी के विधायक गुरु प्रसाद मौर्या का आगमन हुआ शुरूआती दौर में ही भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं के साथऔरंगाबाद जिला के बॉर्डर शमशेरनगर फूल माला और अंग वस्त्र के साथ सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय मेहता के द्वारा एवं संचालन भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रंजीत कुशवाहा के तत्वधान में किया गया। आज के इस प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत ओबरा विधानसभा के दाउदनगर क्षेत्र अंतर्गत तीन मंडलों में शमशेर नगर ,दाउदनगर ग्रामीण मंडल और दाउदनगर में प्रतिनिधि संवाद कार्यक्रम ,प्रधानमंत्री कल्याणकारी योजनाओं का अवलोकन तथा कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के माननीय विधान परिषद सदस्य दिलीप सिंह, भाजपा के जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा , शिक्षक प्रकोष्ठ जिला संयोजक अमरेंद्र कुमार सिंह, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा, महामंत्री लल्लन कुशवाहा, दाऊद नगर मंडल अध्यक्ष डॉ दिनेश प्रसाद ,शमशेर नगर मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा, मंडल महामंत्री प्रिंस पाठक ,संजय कुशवाहा कोषा अध्यक्ष एवं अन्य सैकड़ों भाजपा समर्थक मौजूद रहे।

गोपालगंज में तीन दिन से लापता पुलिस जवान का नाले में मिला शव

गोपालगंज, प्रात :किरण संवाददाता

- पुलिस लाइन से 3 दिन से लापता था जवान
- छोटे नाले में छिपाकर रखा गया था पुलिस जवान का शव

गोपालगंज पुलिस लाइन से 3 दिनों से लापता जवान का नाले में शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक जवान की पहचान सिवान जिले के महाराजगंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के अजीत कुमार सिंह के रूप में की गयी। मृतक जवान की तैनाती सिविल कोर्ट में थी। बताया जा रहा है कि पुलिस जवान अजीत कुमार पिछले 3 दिनों से लापता थे और इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस खोजबीन कर रही थी। इसी बीच गुरूवार की सुबह पुलिस लाइन के समीप एक छोटे से नाला में अजीत कुमार का शव बरामद किया गया। आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद अपराधियों ने नाले में शव को छुपा दिया होगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस लाइन के जवान और स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ शव को देखने के लिए जुट गई। वहीं पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 3 दिनों से पुलिस लाइन का जवान लापता था और आज सुबह में नाला से उसका शव बरामद किया गया है। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घटना कैसे हुई इसकी जांच की जा रही है। वहीं, मृतक जवान के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है। परिवार के सदस्य भी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं।

सीसीटीवी को खंगाल रही पुलिस

पुलिस लाइन के जवान अजीत कुमार की मौत कैसे हुई इसकी गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने में जुट गई है। साथ ही मृतक जवान के मोबाइल का सीडीआर भी निकाला जा रहा है। पुलिस मौत के पीछे कारणों को एक-एक बिंदु पर जांच कर रही है।

केक काट कर मनाया भगवान शनि का जन्मदिन

चकिया। नगर के कुंअवा रोड स्थित शनि मंदिर मे शनिवार को न्याय के देवता भगवान शनिदेव का जन्मदिन बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मंदिर की स्थापना के वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत श्रद्धालुओं द्वारा केक काट कर की गई। मुख्य यजमान रामचंद्र बजाज ने वैदिक विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस मौके पर महिला श्रद्धालुओं की भी काफी भीड़ देखी गई। सूर्य पुत्र और यम के अग्रज शनिदेव का जन्मदिन हर साल सावन की अमावस्या को मनाया जाता है ।हिन्दू मान्यताओं के अनुसार शनिदेव को न्याय और अनुशासन का प्रतिक माना जाता है। इस अवसर श्यामा तोदी, सुनिल सिंह, राधेश्याम प्रसाद, हरजित सिंह राजू, सुनिल बजाज, राजेन्द्र सेकसरिया, दीपक बंका, मनोज बजाज, राकेश बजाज सहित अन्य भक्त उपस्थित थे।

महाअभियान के तहत किया गया कोविड-19 टीकाकरण

रक्सौल, प्रात :किरण संवाददाता

अनुमंडल अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रक्सौल के अंतर्गत सभी पंचायतों में कोविड-19 टीकाकरण के महाअभियान में विभिन्न राजकीय विद्यालय, निजी विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र जाकर अभियान दल द्वारा टीका देने का काम किया गया।

टीकाकरण के दौरान 15 से 17 वर्ष के बच्चों को दूसरा डोज एवं 18 वर्ष के ऊपर के युवा, महिला एवं पुरुषों को दूसरे डोज व बूस्टर डोज भी दिया गया। गौरतलब है कि दूसरे डोज के 6 महीने बाद बूस्टर डोज दिया जाता है।

इस संबंध में अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि उनके साथ डॉ. एस. के. सिंह, डॉ. के. एल. प्रसाद, डॉ. मुराद आलम, डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. जीवन कुमार चौरसिया, डॉ. आफताब आलम द्वारा सघन अनुश्रवण किया गया। इस अभियान का अनुश्रवण यूनिसेफ के बीएमसी अनिल कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक आशीष कुमार एवं मूल्यांकन जय प्रकाश कुमार द्वारा किया गया।

डीएम ने किया डीसीएलआर पूर्वी के न्यायालय का निरीक्षण

मुजफ्फरपुर, प्रात :किरण संवाददाता

- लंबित वादों को शीघ्र निबटारे का दिया निर्देश

जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार के द्वारा आज भूमि सुधार उप समाहर्ता पूर्वी मुजफ्फरपुर के न्यायालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

निरीक्षण क्रम में विभिन्न संधारित पंजी यथाः- दाखिल- खारिज अपील वाद पंजी,दाखिल -खारिज अपील संबंधी कोर्ट पंजी, बिहार भूमि विवाद निराकरण अधिनियम वाद पंजी, मद्द निषेध वाद पंजी, नीलाम पत्र वाद पंजी, लगान निर्धारण वाद पंजी, सीमांकन अपील वाद पंजी सहित अन्य पंजी का निरीक्षण किया गया ।सभी पंजी संधारित एवं अद्यतन पाए गए। भूमि विवाद निराकरण वाद की समीक्षा के क्रम में 2022- 23 में लंबित तथा नया कुल 181 वादों के विरुद्ध 67 वादों का निष्पादन किया गया। 114 वाद निष्पादन के लिए शेष हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लंबित वादों के निष्पादन में तेजी लाना सुनिश्चित करें। उसी तरह 2022-23 में कुल 319 दाखिल खारिज अपील वाद लंबित पाए गए।

जिसका स-समय निष्पादन का निर्देश दिया गया। निरीक्षण में भूदान दानपत्र संपुष्टि वादों का तीव्र गति से निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। वही जानकारी दी गई कि वर्तमान में लंबित बटाईदारी वादों की संख्या शून्य है। लगान निर्धारण वाद की समीक्षा के क्रम में जानकारी दी गई कि लंबित सभी आठ के विरुद्ध सभी का निष्पादन कर दिया गया है। नीलाम पत्र वाद के निष्पादन की गति को तेज करने का निर्देश दिया गया ।मद्द निषेध वाद की समीक्षा के क्रम में जानकारी दी गई कि अभी तक 313 वादों का निष्पादन हो चुका है तथा 36 वादों के अंतर्गत 38 वाहनों का आदेश प्रक्रियाधीन है। निष्पादन की गति संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के क्रम में डीसीएलआर पूर्वी जयचंद यादव स्वयं उपस्थित थे।

गैस आपूर्ति करने जा रहा टैंकर पलटा, चालक की दबने से मौत

सुगौली, प्रात :किरण संवाददाता

थाना क्षेत्र के रक्सौल राष्ट्रीय राजमार्ग 28 ए पर गैस टैंकर पलटा और चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एनएच-28 ए के किनारे रहने वालो ने बताया कि घटना सुबह आठ बजे के करीब यह घटना हुई है। जैसे ही ट्रक पलटा तो बड़ी संख्या में ग्रामीण बचाव के लिए पहुंचे तो देखा कि टैंकर पूरी तरह उल्टा हुआ हुआ है और इसमें टैंकर का चालक दबा हुआ दिखा। घटना को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया। घटना सुगौली के अमीर खान टोला के पास की है। जानकारी के अनुसार टैंकर बरौनी से नेपाल जा रही थी, इसी बीच पुल के नीचे पलट जानें से चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि चालक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। उसने गैस टैंकर में फंसे हुए चालक के शव को टैंकर से बाहर निकाल लिया है। गैस टैंकर के मृत चालक की पहचान मो. जैनुल आबद्दीन उम्र 26 वर्ष पिता मो. एनुलूउद्दीन ग्राम मोदीडीह पोस्ट मीरगंज थाना सतगावां जिला कोडरमा, झारखण्ड है। टैंकर आईओसीएल बरौनी से गैस लोडकर चला था तथा नेपाल जा रहा था। वही शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल मोतिहारी भेजा गया है और आईओसीएल को सूचित किया गया है। गैस अति ज्वलनशील पदार्थ है इसलिए टैंकर की सुरक्षा में पुलिस पदाधिकारी और सुरक्षा बल लगाया गया है।

छात्रा की मौत,ग्रामीणों ने किया हंगामा

गोराडीह, प्रात :किरण संवाददाता

थाना क्षेत्र के नदिया पंचायत अवस्थित कालिकापुर गांव में कक्षा वन की छात्रा की मौत कुएं में डूबने से हो गई। मृतका की पहचान कालिकापुर ग्राम निवासी गौतम मंडल के 7 वर्षीय पुत्री निशा कुमारी के रूप में की गई है । मृत छात्रा को लेकर बताया जा रहा है ,कि निशा अपने गांव के मध्य विद्यालय कालिकापुर में कक्षा एक की छात्रा थी। घटना के दिन विद्यालय गई थी।

उसी दौरान विद्यालय से 600 फीट की दूरी स्थित गांव की गली अवस्थित सड़क किनारे एक कुएं में डूब गई। ग्रामीणों की नजर पड़ने पर आनन फानन में छात्रा को कुएं से निकालने की जद्दोजहद में जुटी लेकिन जब तक निशा को बाहर निकाला गया, तबतक छात्रा की मौत हो चुकी थी ।वही आक्रोशित ग्रामीणों और स्वजनों ने निशा के शव को विद्यालय बरामदे में 5 घंटे तक रखकर। विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए ।

प्रधानाध्यापक नरेंद्र कुमार को 4 घंटे तक बंधक बना कर विधालय परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। जिसमें अधिक संख्या में महिलाएं थी । आक्रोशित ग्रामीण आरोप लगा रहे थे, कि विद्यालय के शौचालय में ताला लगा रहता है। घटना के दिन भी ताला लगा था। विद्यालय के छात्र छात्राओं को शौच के लिए अपने घर या बहियार में जाना पड़ता है ।घटना के समय निशा भी शौच के लिए बहियार गई होगी। जिससे वह कुएं में गिर गई,और उसकी मौत हो गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक गैर जिम्मेदार हैं। छात्र-छात्राओं की निगरानी नहीं करते हैं ।निशा की मौत का कारण प्रधाना अध्यापक की लापरवाही है। निशा की मौत कुएं में डूबने से हो गई और प्रधानाध्यापक को भनक तक नहीं लगी। अगर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सजग रहते तो ऐसी घटना घटित नहीं होती। वहीं सूचना मिलने पर अवर निरीक्षक विनोद कुमार ने कालिकापुर मध्य विद्यालय पहुंचकर। आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया और शव को कब्जे में ले कर घटना की छानबीन शुरू कर दी। वही जानकारी प्राप्त होते ही अंचला अधिकारी नवीन कुमार भूषण के निर्देश पर राजस्व कर्मचारी सुबोध तिवारी ने भी घटनास्थल का जायजा लिया।

चलाते रहो चापाकाल..अब तक नही मिला नल से जल

संदीप कुमार/गुडिया ए. गुप्ता

रक्सौल। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय में हर घर नल-जल योजना शामिल है। जिसके लिए सरकार ने अरबों रुपए खर्च किए ताकि प्रदेश की जनता को सुविधा मिले और हर एक व्यक्ति को नल से जल मिले। चूंकि सक्षम व्यक्तियों के पास पहले से ही खुद का मोटर और टंकी के साथ चापाकाल उपलब्ध है।

इसलिए ये योजना खास करके गरीबों के लिए कारगर है, परंतु धरातल की सच्चाई कुछ और है। इसलिए सरकार द्वारा प्रत्येक बुधवार और संभवतः गुरुवार को पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के साथ नल-जल की वस्तु स्थिति का जांच कराया जा रहा है, ताकि यह पता चल सके कि धरातल पर कितना कार्य हुआ है। जहां भी कमियां पाई जा रही हैं, संबंधित जनप्रतिनिधि या पदाधिकारी पर कार्रवाई भी की जा रही है। खैर ये तो गावों की बात हो गई, शहर का हाल तो काफी बुरा है। नगर परिषद क्षेत्र के दो वार्ड जो सबसे रियायसी मुहल्ले में शामिल है, परंतु यहां भी गरीबों की संख्या अधिक है, यहां आज तक लोगों के घर में नल से जल नही टपका। वार्ड संख्या 22 और 23 की वस्तु स्थिति ऐसी है कि नल जल के नाम पर रोड भी तोड़ दिया गया और नल से जल का सपना लोगों का पूरा नहीं हुआ।

नल लगने के बाद सड़क निर्माण भी इसी ठेकेदार को कराना था, परंतु रोड कौन कहे नल भी नही लगा। जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 में टंकी बैठाया गया और 2021 तक कुछ ही हिस्सो मे पाईप बिछा, वार्ड के अन्य मुहल्ले ऐसे ही पड़े रहे। कुछ ऐसे भी क्षेत्र हैं, जहां पाईप तो बिछ गए परंतु नल से जल का कार्य पूरा नहीं हुआ। पहले तो जगह-जगह सरकारी चापाकल भी होता था, परंतु उसकी भी संख्या अभी कम है। अब ऐसे में लोगों के बीच आस तो जगी, परंतु अब तक निराशा ही हाथ लगी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस योजना को तार-तार किया जा रहा है। इसमें सबसे बड़े दोषी ठेकेदार है, जिसने सरकार और जनता को धोखा देने का कार्य किया है, इसमें नगर परिषद की भी लापरवाही है। लोगों से पूछने पर उन्होंने बताया कि जो पाईप लगा था, वह भी टूट गया है, अन्य वार्डों को पानी मिलता है, परंतु हम लोगों को नहीं।

क्या कहते हैं कार्यपालक पदाधिकारी

इस संबंध में पूछने पर कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि हमने अभी हाल में चार्ज लिया है। पीछे क्या हुआ हमें पता तो नही है, परंतु हम इसके लिए सक्रिय हैं। नल-जल योजना सरकार की प्राथमिक योजना है, इस सिलसिले में विभाग से भी पत्र आया है, हम लोग काम में लग चुके हैं। शीघ्रता शीघ्र काम पूरा करवाकर आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

क्या कहती हैं वार्ड 22 के पार्षद

वार्ड 22 की पार्षद सुगंती देवी ने कहा कि ठेकेदार के कर्मियों से बार-बार कहा गया, परंतु कोई सुनवाई नहीं हुआ। उसके बाद नगर परिषद में लिखित आवेदन दिया और काम को पूरा करवाकर सुचारू करवाने का आग्रह किया गया है, परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

क्या कहते हैं वार्ड-23 के पार्षद

इस संबंध में वार्ड-23 के पार्षद प्रेमचंद कुशवाहा ने कहा कि ठेकेदार फरार हो गया है, फोन करने पर फोन नहीं उठाता है। इस संबंध में हमने नगर परिषद को पत्र लिखकर ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग किया है।

संक्षिप्त खबरें

नेस्ले इंडिया का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में 4.3 प्रतिशत घटकर 515.34 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली। मैगी, कॉफी जैसे दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली नेस्ले इंडिया लि. का शुद्ध लाभ चालू वर्ष की जून में समाप्त दूसरी तिमाही में 4.31 प्रतिशत घटकर 515.34 करोड़ रुपये रहा है।नेस्ले इंडिया ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना यह जानकारी दी। एक साल पहले समान अवधि में कंपनी ने 538.58 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी जनवरी-दिसंबर के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। हालांकि कंपनी की शुद्ध बिक्री आलोच्य तिमाही में 15.72 प्रतिशत बढ़कर 4,006.86 करोड़ रुपये पर पहुंच गयी जो एक साल पहले इसी तिमाही में 3,462.35 करोड़ रुपये थी। नेस्ले इंडिया का कुल व्यय 2022 की अप्रैल-जून तिमाही में 20.89 प्रतिशत बढ़कर 3,355.59 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,775.68 करोड़ रुपये था।

बजाज फिनसर्व का जून तिमाही का शुद्ध लाभ 57 प्रतिशत बढ़कर 1,309 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली। बजाज फिनसर्व का चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही का शुद्ध लाभ 57 प्रतिशत बढ़कर 1,309 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को कहा है कि उसकी अनुषंगी इकाइयों की आमदनी में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की वजह से उसका लाभ बढ़ा है।एक साल पहले समान तिमाही में कंपनी ने 833 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बजाज फिनसर्व ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी एकीकृत आय 14 प्रतिशत बढ़कर 15,888 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।बजाज फिनसर्व ने कहा कि तिमाही के दौरान कारोबारी परिस्थितियों में उल्लेखनीय सुधार हुआ और उसके प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) 2,00,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर 2,04,018 करोड़ रुपये पर पहुंच गईं। बजाज फिनसर्व की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी बजाज हाउसिंग फाइनेंस लि. का जून तिमाही का शुद्ध लाभ 96 प्रतिशत बढ़ा है।

फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर 0.75 प्रतिशत बढ़ाई

वाशिंगटन। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने बुधवार को नीतिगत ब्याज दर में लगातार दूसरी बार 0.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। आसमान छूती महंगाई को काबू में लाने के लिए केंदीय बैंक द्वारा उठाए गए कदमों को तीन दशक में सबसे आक्रामक माना जा रहा है।फेडरल रिजर्व के इस कदम से उपभोक्ता एवं कारोबारी ऋण पर सवा दो से ढाई प्रतिशत तक का असर पड़ेगा। यह 2018 के बाद का उच्चतम स्तर है।अमेरिका में मुद्रास्फीति 9.1 प्रतिशत पर पहुंच गई है जो 41 वर्षों में सबसे तेज वार्षिक दर है। फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दरों में बढ़ोतरी से आवास, वाहन और कारोबारी ऋण महंगा हो जाएगा। ऐसे में उपभोक्ता और कंपनियां कर्ज लेने के बाद खर्च कम करेंगी, जिससे मुद्रास्फीति को नीचे लाने में मदद मिलेगी।अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने ऐसे समय कर्ज महंगा किया है जबकि अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है। ऐसे में इस साल बाद में या अगले वर्ष अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मंदी का खतरा भी पैदा हो सकता है। फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल ने बुधवार को कहा, मुझे नहीं लगाता कि अभी अमेरिका मंदी से जूझ रहा है।

एसबीआई कार्ड का जून तिमाही का मुनाफा दोगुना से अधिक होकर 627 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली। एसबीआई काड्र्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (एसबीआई कार्ड) का 30 जून को समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 627 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।एसबीआई द्वारा प्रवर्तित कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 305 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।शेयर बाजारों को भेजी सूचना में क्रेडिट कार्ड कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष (2022-23) की आलोच्य तिमाही मां उसकी कुल आय बढ़कर 3,263 पर पहुंच गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में उसकी कुल आय 2,451 करोड़ रुपये रही थी। परिसंपत्ति की गुणवत्ता के मोर्चे पर कंपनी की 30 जून, 2022 तक सकल गैर-निष्पादित अस्तियां (एनपीए) घटकर कुल ऋण का 2.24 प्रतिशत रह गईं।

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 1,041 अंक की छलांग के साथ 56,800 अंक के पार

वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच वित्तीय, बैंक और आईटी शेयरों में मजबूत लिवाली से बाजार में तेजी आई। कारोबारियों के अनुसार, हाल की गिरावट के बाद प्रमुख कंपनियों के साथ-साथ चुनिंदा मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली बनी हुई है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में वृद्धि के बावजूद डॉलर के मुकाबले रुपये में तेजी से भी बाजार को समर्थन मिला।

मुंबई, एजेंसी।

शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएएसई सेंसेक्स करीब दो प्रतिशत उछलकर 56,000 अंक के पार निकल गया। वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच वित्तीय, बैंक और आईटी शेयरों में मजबूत लिवाली से बाजार में तेजी आई। कारोबारियों के अनुसार, हाल की गिरावट के बाद प्रमुख कंपनियों के साथ-साथ चुनिंदा मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली बनी हुई है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में वृद्धि के बावजूद डॉलर के मुकाबले रुपये में तेजी से भी बाजार को समर्थन मिला।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व (केंद्रीय बैंक) ने बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर में 0.75 प्रतिशत की वृद्धि की। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,041.47 अंक यानी 1.87 प्रतिशत की मजबूती के साथ 56,857.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,097.9 अंक तक चढ़ गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 287.80 अंक यानी 1.73 प्रतिशत उछलकर 16,929.60 अंक पर बंद हुआ।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने अपनी टिप्पणी में आने वाले महीनों में धीमी दर से ब्याज दर बढ़ाने का संकेत दिया है। इससे शेयर बाजारों में अच्छी तेजी रही। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस सबसे अधिक 10.68 प्रतिशत चढ़ा। बजाज फिनसर्व में भी 10.14 प्रतिशत की तेजी रही। जून तिमाही के वित्तीय परिणाम आने के बाद इन कंपनियों के शेयर चढ़े।

लाभ में रहने वाले अन्य शेयरों में टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा और नेस्ले शामिल हैं। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, डॉ. रेड्डीज, आईटीसी और सन फार्मा में गिरावट रही।

बीएसई मिडकैप (मझोली कंपनियां) और स्मॉलकैप (छोटी कंपनियां) क्रमशः 0.94 प्रतिशत और 0.65 प्रतिशत मजबूत हुए। विभिन्न क्षेत्रों के सूचकांकों में आईटी सबसे अधिक 2.51 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा वित्तीय (2.21 प्रतिशत), प्रौद्योगिकी (2.19 प्रतिशत), रियल्टी (2.03 प्रतिशत) और बैंक (1.72 प्रतिशत) में भी तेजी रही। केवल दूरसंचार में गिरावट रही।

कोटक सिक्योरिटीज लि. के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, चालू महीने के वायदा एवं विकल्प कारोबार में सौदों के निपटान के अंतिम दिन एशिया के अन्य बाजारों की तुलना में घरेलू बाजार का प्रदर्शन अच्छा रहा। इसका कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व का कदम अपेक्षा के अनुरूप है। इससे अमेरिकी बाजार में तेजी आई। इसका सकारात्मक असर घरेलू बाजार पर पड़ा और बैंक, आईटी, धातु तथा रियल्टी के शेयरों में लिवाली की गयी। उन्होंने कहा, ह्यह्यनिवेशकों को लगता है कि रिजर्व बैंक भी मुद्रास्फीति में कमी को देखते हुए अगले सप्ताह मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर के मामले में कोई अप्रत्याशित कदम नहीं उठाएगा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, फेडरल रिजर्व के ब्याज दर बढ़ाने के निर्णय के बाद वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख तथा घरेलू बाजार में बड़ी कंपनियों के तिमाही परिणाम बेहतर रहने से बाजार को समर्थन मिला। उन्होंने कहा, फेडरल रिजर्व का निर्णय अपेक्षा के अनुरूप है। साथ ही उसकी सकारात्मक टिप्पणी से मंदी की आशंका कम हुई है। उन्होंने आने वाले महीनों में धीमी गति से नीतिगत दर में वृद्धि का संकेत दिया है। इससे वैश्विक धारणा को बल मिला।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और जापान का निक्की बढ़त में रहे जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट रही।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.36 प्रतिशत चढ़कर 108.1 डॉलर प्रति बैरल पर पर पहुंच गया।

टाटा मोटर्स ने विशेष ऋण कार्यक्रम के लिए एक्सिस बैंक के साथ किया समझौता

हैदराबाद, एजेंसी। देश के अग्रणी वाहन निमार्ता टाटा मोटर्स ने त्योहारी सीजन को खास बनाने के लिए निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े एक्सिस बैंक के साथ गुरुवार को समझौता किया। इस समझौते के तहत बैंक द्वारा टाटा मोटर्स के अधिकृत यात्री इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) डीलरों को एक विशेष इलेक्ट्रिक वाहन विक्रेता ऋण समाधान प्रदान किया जाएगा।

कंपनी ने कहा कि इस योजना के तहत विक्रेता रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट (आरएलएलआर) से जुड़े आकर्षक मूल्य निर्धारण के साथ अपनी आईसीई वित्त सीमा से अधिक भंडार कोष का लाभ उठा सकते हैं। इसमें राशि को चुकाने की अवधि 60-75 दिनों की होगी और बैंक उच्च मांग वाले चरणों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त सीमाएं भी प्रदान करेगा जिसका लाभ विक्रेता एक वर्ष में तीन बार ले सकते हैं।

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के नेटवर्क प्रबंधन और ईवी बिक्री के वरिष्ठ महाप्रबंधक रमेश दोराइरंजन ने कहा, हम अपने अधिकृत इलेक्ट्रिक यात्री वाहन डीलरों के लिए इस विशेष वित्त पोषण कार्यक्रम के लिए एक्सिस बैंक के साथ जुड़कर बेहद उत्साहित हैं।

हमारे डीलर देश में व्यापक रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की हमारी यात्रा में हमारे साथ हैं। हम सकारात्मक हैं कि यह पहल हरित गतिशीलता के लक्ष्य को प्राप्त करने और देश में गतिशीलता क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा देने के हमारे दृष्टिकोण का समर्थन करेगी।

भारत सामाजिक सुरक्षा समझौते पर अमेरिका, ब्रिटेन के साथ बातचीत कर रहा है: भूपेंद्र यादव

नई दिल्ली। भारत सामाजिक सुरक्षा समझौतों (एसएसए) पर अमेरिका और ब्रिटेन के साथ बातचीत कर रहा है, ताकि ऐसी योजनाओं के दोहराव से बचा जा सके। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

इन देशों के साथ एसएसए से नियोक्ता सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत कर्मचारियों के समान समूह (अन्य देशों में तैनात) के लिए दोहरे सामाजिक सुरक्षा योगदान से बच सकेंगे। इसके अलावा, कर्मचारियों को भी सामाजिक सुरक्षा के लिए दोहरा योगदान नहीं करना पड़ेगा।

यादव ने अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा आयोजित दो दिन के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, भारतीय श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिए अमेरिका और ब्रिटेन के साथ बातचीत जारी है।

भारत का बेल्जियम, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, फ्रांस, डेनमार्क, दक्षिण कोरिया, नीदरलैंड, हंगरी, फिनलैंड, स्वीडन, चेक गणराज्य, नॉर्वे, ऑस्ट्रिया, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जापान और पुर्तगाल के साथ सामाजिक सुरक्षा करार है।

इस समझौते के आधार पर रोजगार के लिए विदेश जाने वाले भारतीयों को एसएसए देशों में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में योगदान करने की जरूरत नहीं होती है। वे और उनके नियोक्ता विदेश में सेवा करते हुए भारत में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को जारी रख सकते हैं।

मंत्री ने यह भी कहा कि भारत ने अबतक खाड़ी सहयोग परिषद के छह देशों के साथ प्रवासन और गतिशीलता भागीदारी समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

मात्र दो घंटे में बिक गईं 150 वोल्वो एक्ससी40 रिचार्ज कारें

नई दिल्ली,एजेंसी। लक्जरी यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी वोल्वो कार इंडिया के पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहन एक्ससी 40 रिचार्ज को ग्राहकों की शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इस साल के लिए कंपनी द्वारा बिक्री के लिए पेश की गयी 150 कारें मात्र दो घंटे में बिक गयी। कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर बुकिंग की शुरूआत के 2 घंटे के भीतर ही पूरे साल 2022 के लिए कारों की बुकिंग पूरी हो गई। अक्टूबर महीने से डिलीवरी की शुरूआत की जाएगी, और इसके बाद कंपनी ने दिसंबर 2022 के अंत तक 150 एक्ससी 40 रिचार्ज कारों को ग्राहकों तक पहुंचाने की योजना बनाई है।

कंपनी ने जारी बयान में कहा कि भारत के लक्जरी कार सेगमेंट के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि 2 घंटे के बेहद कम समय में इतनी बुकिंग हुई है। एक्ससी 40 रिचार्ज की बुकिंग केवल ऑनलाइन माध्यम से सीधे तौर पर वोल्वो कार्स की आधिकारिक वेबसाइट पर की जा सकती है, जिसमें कंपनी को अपने बिजनेस पार्टनर्स का सहयोग मिला है, जो पूरे भारत में वाहनों की खरीद के बाद की सुविधाएं उपलब्ध कराने और डिलीवरी का काम संभालेंगे। कंपनी आगे की डिलीवरी के लिए ग्राहक के ऑर्डर लेना जारी रखेगी। वोल्वो एक्ससी 40 रिचार्ज भारत में स्थानीय रूप से असेंबल किया गया पहला लग्जरी इलेक्ट्रिक वाहन है, जिसे कर्नाटक में बेंगलुरु के निकट स्थित कंपनी के होस्कोटे प्लांट से बाजार में उतारा जाएगा।

कंपनी ने कहा कि वोल्वो एक्ससी 40 रिचार्ज को 26 जुलाई को फ्यूचरिस्टिक वोल्वोवर्स पर एक्स शोरूम कीमत 55.90 लाख रुपये पर लॉन्च करने की घोषणा की गयी थी और कल इसकी बुकिंग शुरू हुयी जो मात्र दो घंटे में पूर्ण हो गयी। कंपनी ने इसे पैकेज के साथ लॉन्च किया गया है जिसमें 3 साल के लिए कार के सभी हिस्सों पर वारंटी, 3 साल का वॉल्वो सर्विस पैकेज, 3 साल का आरएसए, 8 साल के लिए बैटरी की वारंटी, डिजिटल सेवाओं के लिए 4 साल का सब्सक्रिप्शन और 11किलोवॉट का वॉल बॉक्स चार्जर शामिल है।

इलेक्ट्रिक एक्ससी 40 रिचार्ज में दो मोटर लगाए गए हैं। यह एसयूवी 408बीएचपी का पावर और अधिकतम गति पर 660एनएम का टॉर्क उत्पन्न करेगी। इसमें लगाए गए इलेक्ट्रिक मोटर 78 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक द्वारा संचालित होते हैं, तथा अंतरराष्ट्रीय परीक्षण शर्तों के अनुसार एक बार चार्ज करने पर यह कार 418 किलोमीटर की दूरी तय करती है। यह कार सिर्फ 4.9 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है। फास्ट चार्जर (150किलोवॉट) की मदद से कार की बैटरी को लगभग 28 मिनट में 10 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है।

ओएनजीसी अपने भागीदारों के साथ हरित ऊर्जा परियोजनाओं में 6.2 अरब डॉलर का निवेश करेगी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी और उसके भागीदार एक महत्वाकांक्षी शुद्ध-शून्य कार्बन अभियान के तहत कार्बन-मुक्त हाइड्रोजन और ह्यहरित अमोनियाह्ल के उत्पादन के लिए हरित ऊर्जा परियोजनाओं में 6.2 अरब डॉलर (50,000 करोड़ रुपये) का निवेश करेंगे। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने देश की सबसे बड़ी हरित ऊर्जा कंपनियों में से एक ग्रीनको के साथ हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 50:50 के संयुक्त उद्यम के गठन को करार किया है। अधिकारी ने बताया कि संयुक्त उद्यम 5.5 से सात गीगावॉट की सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करेगा और इन संयंत्रों से उत्पादित बिजली का उपयोग इलेक्ट्रोलाइजर में पानी को अलग कर हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए किया जाएगा, जिसका बाद में हरित अमोनिया के विनिर्माण में इस्तेमाल होगा। ग्रीनको के पंप भंडारण, बिजली उत्पादन प्रणाली के साथ नवीकरणीय ऊर्जा 24 घंटे (आरटीसी) 1.4 गीगावॉट बिजली उपलब्ध कराएगा। इसका उपयोग सालाना 1.8 लाख टन हरित हाइड्रोजन (लगभग 20 किलोग्राम प्रति घंटे) का उत्पादन करने के लिए किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि इस हाइड्रोजन को नाइट्रोजन के साथ मिलाकर सालाना 10 लाख टन हरित अमोनिया का उत्पादन किया जाएगा। इसका शुरूआती वर्षों में यूरोप, जापान और दक्षिण कोरिया को निर्यात किया जाएगा। बाद में बाजार के विकसित होने पर देश के अंदर इसका इस्तेमाल किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि इस श्रृंखला के नवीकरणीय ऊर्जा घटक की लागत लगभग पांच अरब डॉलर होगी जबकि हाइड्रोजन और अमोनिया संयंत्र की लागत 1.2 अरब डॉलर होगी।\ वहीं ओएनजीसी की हाइड्रोजन और अमोनिया संयंत्र स्थापित करने की भी योजना है। इन संयंत्रों से उत्पादन 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। इन संयंत्रों को संभवतः कंपनी मेंगलूर में अपनी तेल रिफाइनरी के पास लगाएगी। अधिकारी ने कहा कि अगर वहां भूमि उपलब्ध नहीं होगी, तो यह परियोजना गुजरात में स्थानांतरित की जाएगी। देश की सबसे बड़ी कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस उत्पादक कंपनी ओएनजीसी भी रिलायंस इंडस्ट्रीज और अडाणी समूह की तरह ही कार्बन-मुक्त हाइड्रोजन के लक्ष्य में शामिल हो गई है। इन दोनों निजी समूहों ने भारत के शुद्ध-शून्य लक्ष्यों के हिस्से के रूप में अरबों की परियोजनाओं की घोषणा की है।

एचपीएक्स ने तीन नये खंडों में बिजली खरीद-बिक्री कारोबार शुरू किया

नई दिल्ली। बिजली खरीद बाजार हिंदुस्तान पावर एक्सचेंज ने बृहस्पतिवार को अगले 24 घंटे में बिजली की डिलिवरी का बाजार (डे अहेड मार्केट) समेत तीन नये खंडों में विद्युत कारोबार शुरू किये जाने की घोषणा की।

पीटीसी इंडिया, बीएसई और आईसीआईसीआई बैंक द्वारा प्रवर्तित हिंदुस्तान पावर एक्सचेंज ने बयान में कहा कि उसने अगले 24 घंटे में बिजली की डिलिवरी का बाजार, नवीकरणीय ऊर्जा की खरीद-बिक्री के लिये ग्रीन डे अहेड मार्केट और वास्तविक समय पर बिजली की खरीद-बिक्री का बाजार शुरू किया है।

एचपीएक्स ने छह जुलाई, 2022 को अचानक से उत्पन्न जरूरत के अनुसार बिजली की उसी दिन डिलिवरी और उसके अगले दिन की डिलिवरी वाले बाजार खंड में कारोबार की शुरूआत की थी।

डे अहेड मार्केट डिलिवरी आधारित अनुबंध है। इसमें बाजार प्रतिभागियों को हाजिर सौदे की अनुमति होती है। इससे उन्हें एक दिन पहले जरूरत के अनुसार बिजली को प्रबंधित करने में मदद मिलती है। वहीं वास्तविक समय की जरूरतों को पूरा करने वाला बाजार (रियल टाइम मार्केट) से कंपनी अपने ग्राहकों की तात्कालिक आवश्यकताओं को पूरा कर सकेगी।

ग्रीन डे अहेड मार्केटह्ल में खरीदार और विक्रेताओं को हर दिन नवीकरणीय ऊर्जा की खरीद और बिक्री के लिये बोली पेश करने की सुविधा होगी। बिजली की डिलिवरी अगले दिन होगी।

फिलहाल एचपीएक्स से 175 सदस्य जुड़े हैं। एचपीएक्स के मुख्य परिचालन अधिकारी अखिलेश अवस्थी ने कहा, तीनों नये खंड से हमें बाजार प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

सरकार ने शुरू की 11वीं कृषि जनगणना, पहली बार स्मार्टफोन, टैबलेट के जरिये जुटाए जाएंगे आंकड़े

नई दिल्ली। सरकार ने बृहस्पतिवार को 11वीं कृषि जनगणना शुरू की। इसके तहत खेती के लिए इस्तेमाल हो रही कृषि भूमि सहित विभिन्न अन्य मानकों पर आंकड़े जुटाए जाएंगे।

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कृषि जनगणना का शुभारंभ किया। खास बात यह है कि पहली बार कृषि जनगणना में आंकड़ों के संग्रहण में स्मार्टफोन और टैबलेट का इस्तेमाल किया जाएगा। कृषि मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 11वीं कृषि जनगणना (2021-22) का जमीनी काम अगस्त, 2022 में शुरू होगा। इसमें कहा गया है, कृषि जनगणना हर पांच साल में की जाती है, जो अब कोरोना महामारी के कारण देरी से की जा रही है। मंत्रालय वर्ष 1970-71 से कृषि जनगणना योजना लागू कर रहा है। जनगणना का दसवां संस्करण संदर्भ वर्ष 2015-16 के साथ आयोजित किया गया था। कृषि जनगणना विभिन्न मापदंडों के बारे में जानकारी का मुख्य स्रोत है। इसमें खेती के इस्तेमाल वाले जोतों की संख्या और क्षेत्र, उनका आकार, वर्गवार वितरण, भूमि उपयोग, किरायेदारी और फसल पद्धति आदि को शामिल किया जाता है। मंत्रालय ने कहा कि यह पहली बार है कि कृषि जनगणना के लिए डेटा (आंकड़े) संग्रह स्मार्टफोन और टैबलेट पर किया जाएगा ताकि ये आंकड़े समय पर उपलब्ध हो सके।

अधिकांश राज्यों ने अपने भूमि अभिलेखों और सर्वेक्षणों को डिजिटल स्वरूप दे दिया है, जिससे कृषि जनगणना के आंकड़ों के संग्रह में और तेजी आएगी। बयान में कहा गया है, डिजिटल भूमि रिकॉर्ड और डेटा संग्रह के लिए मोबाइल ऐप के उपयोग से देश में परिचालन वाले जोतों का एक डेटाबेस तैयार किया जा सकेगा।

तोमर ने कहा कि इस गणना से भारत जैसे विशाल और कृषि प्रधान देश में भारी लाभ होगा। मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, उनके (किसानों के) जीवनस्तर को बदलने, छोटे किसानों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें संगठित करने, लाभकारी फसलों की ओर आकर्षित करने और वैश्विक मानकों के अनुरूप उपज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

संक्षिप्त खबरें

पटना पाइरेट्स ने अपने विशिष्ट खिलाड़ियों को रिटेन किया

पटना। प्रो कबड्डी लीग के तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स ने आगामी सीजन 9 के लिए रिटेन किए गए स्टार खिलाड़ियों की अपनी सूची की घोषणा की है।पाइरेट्स ने इस साल के नए कबड्डी सत्र के लिए अपने विशेष खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। मोहम्मदरेजा शादलौई चियानेह (डिफेंडर), नीरज कुमार (डिफेंडर), मोनू (रेडर) और साजिन चंद्रशेखर (डिफेंडर) एक बार फिर पाइरेट्स की डिफेंस और रेडिंग यूनिट में ताकत दिखाएंगे, जिसने उन्हें पिछले सीजन के रोमांचक फाइनल में बढ़त दिलाई थी।टीम ने न्यू यंग प्लेयर कैटेगरी से रोहित (रेडर) और मनीष (डिफेंडर) को भी रिटेन किया है।पटना पाइरेट्स के हेड कोच रवि शेट्टी ने कहा, मजबूत खिलाड़ियों को रिटेन करना एक मजबूत टीम की रणनीति को दशार्ता है। सीजन 8 में, खेले गए अधिकांश मैच करीबी प्रतियोगिता में थे, इस प्रकार इस तथ्य को प्रदर्शित करते हैं कि प्रतिस्पर्धा का स्तर एक बार फिर उच्च स्तर पर होगा।पाइरेट्स ने पहले पीकेएल सीजन 9 के लिए रवि शेट्टी को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की थी। यह पीकेएल 9 में चैंपियन के लिए एक नई शुरुआत होगी। 12 टीमें इस साल के अंत में पीकेएल 9 के लिए आपस में भिड़ेंगी। पीकेएल के पिछले सीजन के सभी स्क्वाड खिलाड़ियों सहित गैर-रिटेन किए गए खिलाड़ी, 5 और 6 अगस्त, 2022 को मुंबई में मेगा नीलामियों में शामिल होंगे।

100 तक नहीं पहुंचा इसको झेल पाना थोड़ा मुश्किल है : गिल

पोर्ट ऑफ स्पेन। प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज बने भारतीय ओपनर शुभमन गिल ने कहा कि वह 100 तक नहीं पहुंचे इसको झेल पाना थोड़ा मुश्किल है। गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी मैच में नॉटआउट 98 रनों की पारी खेली। वहीं वनडे सीरीज के दौरान तीन मैचों में उन्होंने 102.50 के स्ट्राइक रेट और एवरेज से 205 रन ठोके, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। सेंचुरी से चूकने का दर्द शुभमन ने मैच के बाद बयां किया।गिल ने कहा, 'मैं 100 की उम्मीद कर रहा था। लेकिन यह मेरे हाथ में नहीं था क्योंदकि बारिश हो गई थी, पर मैं अपनी पारी से खुश हूं। मैं निराश इससे था कि किस तरह से पहले दो मैचों में आउट हो गया। मैं स्ट्रायइक बदलने की कोशिश कर रहा था। बारिश के ब्रेक के बाद मैं चाहता था कि एक और ओवर मिल जाए, विकेट अच्छां था, मैंने सोचा था कि मैच को आगे ले जाया जा सकता है।'भारतीय कप्ता न शिखर धवन ने कहा, 'गिल के लिए बुरा लगता है लेकिन यह होता है कई बार, लेकिन जिस तरह से उसने जवाब दिया है काबिलेतारीफ था। हमारे लड़के युवा हैं लेकिन अनुभवी हैं।

बंगाल अंडर -25 क्रिकेट टीम के कोच बने प्रणब रॉय, अभिषेक डालमिया ने की घोषणा

कोलकाता। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने भारत के पूर्व ऑलराउंडर लक्ष्मी रतन शुक्ला को 2022-23 सत्र के लिये राज्य की वरष्ठि क्रिकेट टीम का कोच चुनने के बाद पूर्व बल्लेबाज प्रणब रॉय को अंडर-25 टीम का कोच नियुक्त किया है। सीएबी (क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल) अध्यक्ष अभिषेक डालमिया ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि प्रणब रॉय अपने समय के उत्कृष्ट क्रिकेटर हैं। वह राज्य की प्रतिभा को समझते हैं और युवा खिलाड़ी उनसे प्रेरणा लेते हैं। हमे विश्वास है कि वह अच्छा प्रदर्शन करने में खिलाडियों का मार्गदर्शन करेंगे।

शतरंज ओलंपियाड का रंगारंग उद्घाटन, प्रधानमंत्री मोदी का शानदार स्वागत

चेन्नई। पहली बार भारत में हो रहे शतरंज ओलंपियाड के उद्घाटन समारोह में यहां का नेहरू इंडोर स्टेडियम रोशनी से जगमगाया हुआ है और यहां की फिजा. में इस खेल को लेकर जोश और जुनून को महसूस किया जा सकता है। शतरंज ओलंपियाड के 44 वें सत्र के आगाज से पहले चेन्नई के मुख्य इलाके को शानदार तरीके से सजाया गया है।

स्टेडियम के बाहर रंग-बिरंगे की आकर्षक रोशनी के साथ बड़े आकार का शतरंज बोर्ड और इस टूनार्मेंट में भाग लेने वाले देशों के झंडे लगे है। ओलंपियाड का आयोजन 10 अगस्त तक होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सड़क मार्ग के जरिये जब जवाहरलाल नेहरू की ओर बढ़ रहे थे तब रास्ते में संगीतकारों और ताल वादकों के प्रदर्शन के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मोदी ने शतरंज की बिसात की डिजाइन वाली बॉर्डर वाला पटका पहन रखा था।

भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कला और संस्कृति शाखा ने मोदी के स्वागत के लिए संगीत और पारंपरिक नृत्य का आयोजन किया। स्टेडियम की ओर जाते समय समर्थकों ने मोदी की कार पर समर्थकों ने फुल बरसाये। ट्विटर परह्यवणक्कम मोदी ट्रेंड कर रहा है।

उद्घाटन समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की मौजूदगी में सैंड आर्टिस्ट (रेत शिल्पकार) सरवम पटेल ने प्राचीन मामल्लापुरम बंदरगाह मंदिर, शतरंज के खेल और मेजबान देश भारत से जुड़ी कलाकृति बनाकर अपने कौशल से लोगों का दिल जीत लिया। स्टेडियम के मंच पर बड़े शतरंज के खेल में इस्तेमाल होने वाले किंग, क्वीन, रूक, बिशप, नाइट और पॉन्स की बड़ी आकृतियों से सजाया गया है।

इस मौके पर विशेष नृत्य-गीत ह्यवणक्कम चेन्नई, वणक्कम शतरंजह्न का प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर खेलों की मेजबानी करने वाले ऐतिहासिक बंदरगाह शहर मामल्लापुरम में की रेत-मूर्तिकला के विषय पर एक ऑडियो विजुअल का प्रदर्शन हुआ।

आर्केस्ट्रा की धुनों और तालियों की गड़गड़ाहट ने जापान, चीन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, इटली, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रिया, अल्बानिया, अल्जीरिया, अंगोला, अर्जेंटीना और बारबाडोस सहित दर्जनों देशों की टीमों का स्टेडियम में स्वागत किया गया। इस मौके पर वाद्य यंत्रों से निकलेजय हो के धुन और वंदे मातरम्के गायन में वहां मौजूद लोगों में जोश भर दिया। भारतीय शास्त्रीय नृत्य के सभी आठ रूपों, कथक, ओडिसी, कुचुपुड़ी, कथककली, मोहिनीअट्टम, मणिपुरी, सत्त्रिया और भरतनाट्यम का प्रदर्शन किया गया। उद्घाटन के लिए एकत्र हुए लोगों ने चेन्नई के संगीतकार लिडियन नादस्वरम के संगीत समारोह का भी लुत्फ उठाया।

इस मौके पर फिडे (शतरंज की वैश्विक संचालक) गान बजाया गया और प्रतिभागियों ने शपथ ली। शीर्ष अभिनेता रजनीकांत उन स्टार आमंत्रितों में शामिल थे जो उपस्थित थे।

वषार्बाधित मैच जीतकर भारत ने किया क्लीन स्वीप

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी। भारत ने शुभमन गिल (98 नाबाद) और युजवेंद्र चहल (17 रन पर चार विकेट) की बदौलत वेस्ट इंडीज को तीसरे एकदिवसीय मैच में 119 रन से हराकर श्रंखला 3-0 से अपने नाम की। यह कैरिबियन में रनों के मामले में भारत की वेस्ट इंडीज पर सबसे बड़ी जीत है।

भारत ने बुधवार को खेले गये वषार्बाधित मैच में 36 ओवर में 225 रन बनाये थे, जिसके बाद डकवर्थ लुइस नियम के तहत विंडीज के सामने 35 ओवर में 257 रन का लक्ष्य था। वेस्ट इंडीज इसके जवाब में 137 रन पर ऑल आउट हो गयी।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। कप्तान शिखर धवन और शुभमन गिल ने श्रंखला में दूसरी बार शतकीय साझेदारी की। 113 रन की साझेदारी के बाद धवन 58(74) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके लगाये।

इसके बाद क्रीज पर आये श्रेयस अय्यर ने गिल के साथ पारी को आगे बढ़ाना शुरू किया, लेकिन मैच के 25वें ओवर में बारिश हो गयी। जब मैच को पुनः शुरू किया गया तो भारतीय बल्लेबाजों ने रनों की रफ्तार भी बढ़ाई। दोनों के बीच 89 रन की साझेदारी हुई, जिसके बाद अय्यर 34 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की बदौलत 44 रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

इसके अलावा सूर्यकुमार यादव ने आठ रन और संजू सैमसन ने नाबाद छह रन बनाये। बारिश के कारण भारतीय पारी को 36 ओवर में 225 रन पर घोषित कर दिया गया, जहां गिल अपने पहले अंतरराष्ट्रीय शतक के इंतजार में 98 रन पर नाबाद रहे।

35 ओवर में 257 रन का पीछा करने उतरी विंडीज की शुरूआत अच्छी नहीं रही। दीपक हुड्डा का पहला ओवर मेडेन जाने के बाद मोहम्मद सिराज ने दूसरे ओवर में दो विकेट चटके। सिराज ने काइल मेयर्स को और शमार ब्रूक्स को शून्य रन पर चलता किया। एक रन पर दो विकेट गिरने के बाद विकेटकीपर शाई होप और ब्रेंडन किंग ने पारी को संभालते हुए 46 रन की साझेदारी के साथ विंडीज को मैच में बरकरार रखा। होप (22) के आउट होने के बाद वेस्ट इंडीज नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। कैरिबियाई टीम के लिये कप्तान निकोलस पूरन ने सर्वाधिक 42 (32) रन बनाये। इसके अलावा किंग ने भी 37 गेंदों पर 42 रन की पारी खेली, जबकि कोई और कैरिबियाई बल्लेबाज 10 रन के आंकड़े को पार नहीं कर सका।

चहल गेंद से भारत के नायक रहे। उन्होंने चार ओवर में 17 रन देकर चार विकेट लिये, जिसमें पिछले मैच के शतकवीर होप का विकेट भी शामिल है। इसके अलावा सिराज और शार्दुल ठाकुर ने दो-दो विकेट लिये। अक्षर पटेल और प्रसिद्ध कृष्णा को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

एकदिवसीय श्रंखला को क्लीन स्वीप करने के बाद भारत अब टी20 श्रंखला की ओर रुख करेगा। पांच मैचों की श्रंखला का पहला मुकाबला त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में 29 जुलाई को खेला जाएगा।

आप विराट पर जम्बिाब्वेत के खलिाफ खेलने का दबाव नहीं डाल सकते : करीम

नई दिल्ली,एजेंसी। भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज, चयनकर्ता और बीसीसी के प्रबंधन अधिकारी रह चुके सैयद सबा करीम ने कहा है कि अपने खराब फॉर्म के बावजूद पूर्व कप्तान विराट कोहली भारत की टीम का अहम हिस्सा हैं और टीम प्रबंधन को उन्हें टी20 विश्व कप से पहले फॉर्म में लौटने के लिए योजनाबद्ध तरीके से उन्हें संभालने की जरूरत है।

ऐसा माना जा रहा है कि कोहली को 18 अगस्त से जम्बिाब्वे के खलिाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में शामिल किया जाएगा, जिससे वह अपनी खोई फॉर्म हासिल कर सकें, लेकिन इस बात को लेकर लगातार बहस हो रही है कि क्या कोहली को जम्बिाब्वे के खिलाफ सीरीज खेलनी चाहिए। स्पोर्ट्स18 के शो 'स्पोर्ट्स ओवर द टॉप' पर सबा ने कहा, ₹पहले टीम प्रबंधन और चयनकताओं को यह तय करना होगा कि टी20 विश्व8 कप की तैयारियों के लिए कोहली जरूरी हैं या नहीं? जब टीम प्रबंधन यह तय कर ले कि विराट टी20 विश्व कप तैयारियों का अहम हिस्सा हैं, तो मैं उनकी फॉर्म में वापसी का चार्ट तैयार कर सकता हूं। कोहली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पिछला शतक प्रायः तीन साल पहले भारत में हुए बांग्ला देश के खिलाफ डे नाइट टेस्टा में लगाया था। मार्च 2020 से कोहली ने टी20 अंतर्राष्ट्री य में 17 पारियों में 514 रन बनाए हैं, जहां उनका सर्वश्रेष्ठ. स्को ार 85 रन है। वहीं वनडे में उन्होंलने 14 पारियों में 34.07 के औसत से मात्र 477 रन बनाए हैं, जिसमें 89 उनका सर्वश्रेष्ठ स्को2र है। बात अगर टेस्ट क्रिकेट की करें आंकड़े और भी खराब हो जाते हैं। 16 मैचों में 29.78 के औसत से मात्र 834 रन, जिसमें 79 उनका सर्वश्रेष्ठर स्कोआर रहा।

सबा ने आगे कहा, ₹मुझे लगता है तब सही समय होगा कि चयनकर्ता, कप्तान या प्रमुख कोच राहुल द्रविड़ इस मामले में कोहली से बात करें और इसे आगे बढ़ाएं। मैं कोहली पर किसी तरह का दबाव नहीं डालना चाहता। कोहली से हम यह नहीं कह सकते कि 'सुनो, तुमको जम्बिाब्वे के खिलाफ सीरीज खेलनी होगी, नहीं तो हम तुम्हें टी20 विश्व कप के लिए टीम में शामिल नहीं करेंगे।' उसके बाद ही इस बात का फैसला हो सकता है कि कोहली को जम्बिाब्वे के खलिाफ वनडे सीरीज खेलनी चाहिए या फिर उनका ब्रेक और बढ़ाया जाए जिससे वह एशिया कप के लिए टीम इंडिया में वापसी करें।₹

सबा से जब पूछा किया अगर जम्बिाब्वे के खिलाफ सीरीज.में वह अच्छार नहीं करते हैं तो क्याि उन्हेंट इस प्रारूप से निकाला जाना चाहिए, तो उन्होंखने कहा, ₹अगर ऐसा होता है तो यह भारत के नजरिये से बहुत गलत होगा। ऐसा कभी मत करना। मुझे लगता है कि कोहली भारतीय लाइन अप का अहम अंग हैं। जिस तरह मैं देखता हूं और जिस तरह से रोहित शर्मा और द्रविड़ उनका समर्थन करते हैं तो यह मायने भी रखता है क्यों कि वे जानते हैं कि कोहली फॉर्म में लौटेंगे और यह टीम की टी20 विश्वह कप में सफलता के लिए बहुत अच्छाय होगा। तो मुझे लगता है कोहली से बात करनी होगी, 'कुछ सामान्यर चीज देखो और आगे बढ़ो।' उन्हें ऐसा जताओ कि वह भारतीय टीम का अहम हिस्सा हैं। टी20 विश्व् कप के बाद कोई फैसला लें और दोबारा तब उनसे बात करें, क्यों कि पिछले कुछ सालों से कोहली ने सही समय पर ब्रेक लिया है। वहीं वह भारत के लिए तीनों प्रारूप खेले हैं। लेकिन टीम प्रबंधन को उनके कार्य प्रबंधन को समझना होगा और सही समय पर उन्हें आराम देना होगा।₹

वहीं न्यूबजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर स्कॉनट स्टाआयरि स ने ने भी कोहली पर अपने विचार रखते हुए कहा, ₹पहले तो मैं चयनकताओं की सुनना चाहूंगा कि वे एक सामान्यह टीम चुनते हैं या सर्वश्रेष्ठस खिलाड़ियों के साथ जाते हैं। यह देखना जरूरी है कि कैसे वह टीम को एक साथ रखते हैं। मैं कह सकता हूं कि बहुत समय है। काश मैं अपने चयनकताओं से न्यू जीलैंड टीम को लेकर चर्चा कर पाता। तो मैं ये सुनना पसंद करूंगा लेकिन मैं आपके साथ सौ प्रतिशत हूं। मुझे लगता है कि कोहली को पूरा आराम दिया जाना चाहिए और तब वह वापसी करें। मुझे अभी भी लगता है कि वह टीम का अहम हिस्सो हैं।

भारत के युवा खिलाड़ियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट का दबाव झेलना काफी आसान हो गया है: धवन

पोर्ट ऑफ स्पेन। वनडे सीरीज में भारतीय टीम के कप्तान रहे शिखर धवन ने टीम के युवा खिलाड़ियों की परिपक्वता की काफी तारीफ की है। सीनियर खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में भी भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को 3-0 से हरा दिया। धवन के अनुसार यह भारतीय युवा खिलाड़ियों की परिपक्वता का फल है। बेंच पर बैठे खिलाड़ियों ने मौका मिलने को दवाब को काफी अच्छे तरीके से झेला है।

तीसरे वनडे में 119 रन से मिली जीत के बाद धवन ने कहा, ₹लड़कों ने जिस तरह से चुनौतियों को स्वीकार किया, वह अदभुत था। वे उम्र में युवा हैं लेकिन उनमें काफी परिपक्वता और समझदारी है। वे दबाव को काफी अच्छी तरह से संभाल सकते हैं।₹ ₹घरेलू क्रिकेट और आईपीएल की वजह से ऐसा संभव हुआ है। उसी के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के दबाव को झेलना उनके लिए काफी आसान हो गया है। युवा खिलाड़ियों ने गेंद और बल्ले के साथ काफी बढ़िया प्रदर्शन किया। वे काफी अनुशासित थे। वे भावनाओं में नहीं बह रहे थे, लेकिन अपनी समझ का इस्तेमाल कर रहे थे। यह हम सभी के लिए एक बड़ी बात है।

सीरीज में लगभग सभी बल्लेबाजों के योगदान से धवन खुश थे। शुभमन गिल ने तीन पारियों में 205 रन बनाए, श्रेयस अय्यर ने दो अर्द्धशतकों के साथ 163 रन बनाए, जबकि संजू सैमसन और अक्षर पटेल ने भी महत्वपूर्ण अर्धशतक बनाए। धवन ने यह भी कहा कि ऑलराउंडर दीपक हुड्डा को गेंद से इस्तेमाल करने की योजना ने इतना अच्छा काम किया कि उन्होंने तीसरे वनडे में उन्हें पहला ओवर दे दिया।

धवन ने कहा, ₹अगर आप बल्लेबाजी इकाई की बात करें तो सभी ने रन बनाए हैं - शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, संजू, अक्षर जैसे सभी खिलाड़ियों ने बढ़िया प्रदर्शन किया। बल्लेबाजी इकाई के लिए इससे बेहतर संकेत नहीं हो सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि वे सभी युवा हैं। इसलिए इंग्लैंड दौरे के बाद इन परिस्थितियों में खेलना, चाहे पहले बल्लेबाजी करना हो या लक्ष्य का पीछा करना, या पहले दो मैच जीतने के बाद तीसरे गेम में उसी धैर्य के साथ खेलना, यह अपने आप में एक बड़ी बात है।

₹श्रृंखला से पहले हम जानते थे कि दीपक एक ऑलराउंडर की भूमिका निभा सकता है। जिस तरह से उसने पहले मैच में गेंदबाजी की उससे उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ गया। वह पांच ओवर के बजाय सात-आठ ओवर भी फेंक सकता था। उसने केवल बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ ही नहीं बल्कि उन्होंने दाएं हाथ के बल्लेबाजों को भी अच्छी गेंदबाजी की। तीसरे मैच में हमने सोचा कि तेज गेंदबाजों के लिए विकेट पर अधिक स्विंग नहीं थी। इसलिए हमने सोचा कि ऑफ स्पिनर काम कर सकता है और उन्होंने पहला ओवर मेडेन डाल दिया।

नियमित सलामी बल्लेबाज रोहित और राहुल की अनुपस्थिति में, कप्तान धवन के लिए ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन और गिल के बीच में से किसी एक खिलाड़ी का चयन करना था। उन्होंने गिल को चुना और वह प्लेयर ऑफ द सीरीज बने। धवन ने कहा, उसके पास बहुत अच्छी तकनीक है और वह एक उत्तम दर्जे का खिलाड़ी है। मुझे लगता है कि उसमें रोहित का स्पर्श ह। वह उसी तरह का बल्लेबाज है। उसके पास बहुत समय है। यह देखकर अच्छा लगा कि उसने आज 98 रन बनाए हैं।

वह जानता था कि अपने अर्धशतक को 90 में कैसे बदलना है। हम दोनों ने तीन मैचों में दो शतकीय साझेदारी की। यह एक बहुत अच्छा संकेत है। जिस तरह से हमने पहले दस ओवरों में उनके गेंदबाजी आक्रमण को संभाला, वह वास्तव में अच्छा था।

सीजीएफ सीईओ को 2026 खेलों से पहले निशानेबाजी को फिर से शामिल करने की उम्मीद

बर्मिंघम, एजेंसी। भारतीय निशानेबाजी जगत को कुछ राहत देते हुए राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कैटी सैडलेर ने गुरूवार को इस खेल को विक्टोरिया में 2026 चरण से पहले अपने कार्यक्रम में फिर से शामिल किये जाने का भरोसा जताया।

भारत सामान्य तौर पर राष्ट्रमंडल खेलों में निशानेबाजी के साथ कुश्ती में भी काफी पदक जीतता है। हालांकि आस्ट्रेलिया के विक्टोरिया में होने वाले खेलों के लिये 16 खेलों की शुरूआती सूची में निशानेबाजी को शामिल नहीं किया गया है।

हालांकि 2022 बर्मिंघम खेलों के शुरू होने से कुछ घंटे पहले सैडलेर ने कहा कि खेलों के लिये अंतिम सूची घोषित करने से पहले सितंबर में स्पधाओं पर चर्चा की जायेगी। सैडलेर ने राष्ट्रमंडल खेलों के शुरू होने से पूर्व मीडिया कांफ्रेंस में पीटीआई द्वारा पूछे गये एक सवाल के जवाब में कहा, हमने हाल में 16 खेलों का एक शुरूआती कार्यक्रम घोषित किया था और इस कार्यक्रम को निश्चित रूप से बढ़ाने का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा, इसमें अभी उन खेलों के लिये अंतरराष्ट्रीय महासंघों के पास अपनी पसंद की अभिव्यक्ति शामिल है जो इस समय कार्यक्रम में शामिल नहीं हैं, उन्हें अपने प्रस्ताव पर विचार के लिये पक्ष पेश करने के लिये आमंत्रित किया गया है और निशानेबाजी निश्चित रूप से इसमें शामिल है।

भारत ने चार साल पहले गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में 66 पदक जीते थे जिसमें से 16 निशानेबाजी में ही आये थे। लेकिन निशानेबाजी को बर्मिंघम में मौजूदा खेलों से हटा दिया गया जिसके बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने कड़ा विरोध किया था। फिर 2026 खेलों की स्पधाओं की सूची में भी यह खेल नदारद था जिसमें कुश्ती भी शामिल नहीं था जबकि भारत ने 2018 में कुश्ती की पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया था।

फ्रांस के मक्कॉन बने टी20 अंतर्राष्ट्रीय में लगातार दो शतक लगाने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी

पेरिस, एजेंसी। फ्रांस के 18 वर्षीय सलामी बल्लेबाज गुस्ताव मक्कॉन दो दिन के भीतर दूसरी बार टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के रिकॉर्ड बुक्स में शामिल हुए, जब उन्होंने नॉर्वे के विरुद्ध 53 गेंदों पर 101 रन बनाए और इस तरह पुरुष टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार मैचों में शतक जड़ने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

मक्कॉन और फ्रांस की टीम फिनलैंड में 2024 टी20 विश्व कप के यूरोप क्षेत्र के क्वालिफाइंग मुकाबलों में भाग ले रही है और उन्होंने इससे पहले स्विट्जरलैंड के विरुद्ध शतक लगाकर पुरुष टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे युवा शतकवीर बनने का कीर्तिमान अपने नाम किया था।

18 साल और 280 दिन के मक्कॉन ने अफगानिस्तान के हजरतउल्लाह जजई का रिकॉर्ड तोड़ा था, जो आयरलैंड के विरुद्ध सैंकड़ा जड़ते वक़्त 20 साल और 337 दिन की उम्र के थे। मक्कॉन ने इसके साथ एक और कीर्तिमान स्थापित किया और वह है किसी भी पुरुष क्रिकेटर द्वारा पहली तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय पारियों के बाद सर्वाधिक रन। उनके खाते में अब 286 रन हैं और उन्होंने अजहर अंडानी का रिकॉर्ड तोड़ा है जिन्होंने पिछले साल पुर्तगाल के लिए खेलते हुए अपनी पहली तीन पारियों में 46, 100 और 81 के स्कोर के साथ 227 रन बनाए थे।

वैसे इस मुकाबले में मक्कॉन बल्ले से अपने कारनामों से खुश नहीं थे। केरावा में खेले गए इस मैच में उनकी पारी के बदौलत फ्रांस ने आठ विकेट पर 158 का स्कोर खड़ा किया और जवाब में नॉर्वे को 147 पर ऑल आउट किया। मक्कॉन की मध्यम तेज गेंदबाजी को उनके चार ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट भी मिले। ऐसे में प्लेयर ऑफ द मैच किसी और को जाना असंभव था।

यूएई में होगा एशिया कप, श्रीलंका करेगा मेजबानी

कोलंबो। एशिया कप यूएई में आयोजित किया जाएगा, जैसा कि इस महीने की शुरूआत में ईएसपीएनक्रिकइंफो द्वारा रिपोर्ट किया गया था।

श्रीलंका 27 अगस्त से 11 सितंबर के बीच खेले जाने वाले इस टूनार्मेंट का मेजबान बना रहेगा। एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष जय शाह ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, श्रीलंका में एशिया कप की मेजबानी के लिए हरसंभव प्रयास किया गया और आयोजन स्थल को यूएई में स्थानांतरित करने का फैंसला लिया गया। यूएई नया वेन्यू होगा जबकि श्रीलंका मेजबानी के अधिकार को बरकरार रखेगा।

खाद्य और ईंधन की आपूर्ति में कमी के कारण श्रीलंका अपने सबसे खराब संकट से गुजर रहा है। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान की मेजबानी करने के साथ यह देश अभी भी द्विपक्षीय क्रिकेट की मेजबानी करने में सक्षम है, लेकिन एशिया कप एक से ज्यादा टीमों का टूनार्मेंट होने के कारण, आर्थिक उथल-पुथल के बीच इसकी मेजबानी करने की चुनौतियां बहुत अधिक थीं। एसएलसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऐश्री डीसिल्वा ने दस दिन पहले बताया, ह्लदो टीमों की मेजबानी करना दस टीमों की मेजबानी करने के समान नहीं है। आपको उन सभी के लिए ईंधन के साथ दस बसें उपलब्ध करानी होंगी। आपको प्रत्येक टीम को ईंधन के साथ एक लगेज वैन और प्रबंधकों को यातायात साधन देना होगा।

आपको स्पॉन्सर्स को भी परिवहन देना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें वह लाभ मिल रहा है जो वे अपने स्पॉन्सर्शिप से चाहते हैं। फ्लडलाइट चलाने के लिए जेनरेटर के लिए भी ईंधन जुटाना होगा। जून से सितंबर तक अधिकांश भारतीय उपमहाद्वीप में मानसून के सीजन को देखते हुए एसीसी के पास बैकअप स्थानों के संबंध में सीमित विकल्प थे। मूलभूत सुविधाएं और यात्रा के मामले में यूएई एक सफल वेन्यू साबित हुआ है, लेकिन अगस्त के अंत और सितंबर की शुरूआत में आमतौर पर 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक का तापमान देखा जाता है, जिसमें आर्द्रता भी एक फैक्टर होने की उम्मीद है।

संक्षिप्त खबरें

कांगो में भारतीय शांतिरक्षकों पर हुए हमले की संयुक्त राष्ट्र ने की निंदा

संयुक्त राष्ट्र। कांगों में संयुक्त राष्ट्र मिशन पर हुए हमले की गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने निंदा की। इस हमलें में भारत के दो और मोरक्को का एक जवान शहीद हुआ था। सुरक्षा परिषद ने कांगो के अधिकारियों से जल्द से जल्द इस हमले की जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। भारत और फ्रांस की ओर से जारी किए गए बयान में परिषद ने भारत और मोरक्को में रहने वाले, मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। सुरक्षा परिषद ने कांगों के नार्थ कीवू प्रांत के बुटेम्बो में 26 जुलाई को हुए इस हमले में घायल शांतिरक्षकों और नागरिकों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। भारत इस समय सुरक्षा परिषद का गैर-स्थायी सदस्य है और संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक अभियानों में सबसे ज्यादा सैन्य योगदान देने वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतारेस ने भी 26 जुलाई के हमले की कड़ी निंदा की है और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जरदारी कोरोना वायरस से संक्रमित

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी कोविड-19 से संक्रमित हो गये हैं। उनके बेटे एवं विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बिलावल ने ट्वीट किया, उन्हें (जरदारी को) टीके की पूरी खुराक दी जा चुकी है। उनमें रोग के हल्के लक्षण है और उनका इलाज चल रहा है। हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की दुआ कर रहे हैं। जरदारी 26 जुलाई को अपना 67वां जन्मदिन मनाने के लिए इस सप्ताह की शुरूआत में दुबई गए थे। उनकी सबसे बड़ी बेटी बख्तावर भुट्टो जरदारी ने कहा कि उनमें रोग के हल्के लक्षण है और वह पृथकवास में हैं।

बांग्लादेश युद्ध अपराधों को लेकर 'रजाकार बाहिनी' के छह सदस्यों को मौत की सजा

ढाका। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध अधिकरण ने कुख्यात अर्द्धसैनिक बल रजाकर बाहिनी के छह सदस्यों को 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी फौज की मनुष्यता के विरुद्ध अपराधमें मदद करने के लिए बृहस्पतिवार को मौत की सजा सुनाई। न्यायमूर्ति मोहम्मद शाही-नूर-इस्लाम की अध्यक्षता वाले तीन सदस्यीय अधिकरण ने यह आदेश दिया है। इस्लाम ने कहा कि उन्हें फांसी की सजा दी जाती है। मुकदमे की सुनवाई के दौरान पांच दोषी अधिकरण में मौजूद थे जबकि एक अनुपस्थित था। इन छह दोषियों में अमजद हुसैन होवलदार, सहर अली सरदार, अतियार रहमान, मोताचिन बिल्लाह, कमाल उद्दीन गोल्डर और नाज-उल-इस्लाम शामिल हैं। उनमें से नाज-उल-इस्लाम फरार है। जब फैसला सुनाया गया तो दोषी कटघरे में मौजूद थे जिसके बाद उन्हें ढाका केंद्रीय जेल ले जाया गया। अभियोजन के वकील मुखलेस-उर-रहमान ने पत्रकारों को बताया, सभी छह दोषियों पर मानवता के खिलाफ अपराध के चार आरोप लगाए गए थे। अधिकरण के अधिकारियों ने कहा कि यह दोषी कुख्यात रजाकार बाहिनी के सदस्य थे जो पूर्वी पाकिस्तानी में अर्द्ध सैनिक बल था जो पाकिस्तानी फौज से संबंद्ध था।

अमेरिका ने रूस से अपने नागरिकों के बदले 'सारभूत पेशकश' की

वाशिंगटन, एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका ने रूस में हिरासत में लिए गए अपने दो नागरिकों को वापस लाने के लिए एक ह्यसारभूत पेशकशह्न की है। बीबीसी ने गुरूवार को यह रिपोर्ट दी हैं।

रिपोर्टों के अनुसार रूस ने अमेरिका की बास्केटबॉल स्टार ब्रिटनी ग्रिनर और उसके साथी को रूसी हथियारों के तस्कर विक्टर बाउट के साथ अदला बदली में रुचि दिखाई है।

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि वह अगले सप्ताह रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से बात कर इस मुद्दे को उठायेंगे। यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों नेताओं के बीच बातचीत नहीं हुई है।

हालांकि, व्हाइट हाउस और विदेश विभाग ने बुधवार को प्रस्ताव का विवरण उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया। जिसके तहत अमेरिका की सुश्री ग्रिनर और साथी बंदी पॉल व्हेलन के लिए बाउट की अदला बदली की उम्मीद है।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट है कि अमेरिका ने पिछले महीने रूस को सुश्री ग्रिनर और व्हेलन के लिए बाउट की अदला-बदली करने की पेशकश की थी तथा राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी।

व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कई सप्ताह पहले दिये प्रस्ताव की पुष्टि करते हुए कहा कि रूस की ओर से अब तक अनुकूल जवाब नहीं मिला है।

उल्लेखनीय है कि बाउट कोलंबियाई विद्रोही समूह को हथियार बेचने के आरोप में इस समय अमेरिका की जेल में बंद है।

ईरान में बाढ़, भूस्खलन से पांच की मौत

तेहरान, एजेंसी। ईरान की राजधानी तेहरान में बाढ़ और भूस्खलन से गुरुवार को कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई तथा नौ अन्य घायल हो गए।

ईरानियन स्टूडेंट न्यूज एजेंसी (आईएसएनए) ने रेड क्रिसेंट सोसाइटी का हवाला से यह जानकारी दी। सोसाइटी के उपायुक्त मुर्तजा मोरादी ने बताया कि रेड क्रिसेंट बचाव दल की दस टीमें लापता लोगों को ढूंढने का प्रयास कर रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, शहर में बुधवार रात से लगातार भारी वर्षा के दौरान तेहरान के उत्तर पश्चिम हिस्सों में अचानक बाढ़ आने और भूस्खलन होने से, यहां एक धार्मिक तीर्थस्थल इमामजादे दावूद को भारी क्षति पहुंची। तेहरान के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों में जलभराव के कारण कीचड़ जमा हो गया। सोसाइटी के प्रबंध निदेशक शाहीन फाती ने बताया कि यहां के सभी कार्यकर्ता पूरी तरह से अलर्ट पर हैं और बचाव दल, रैपिड रिस्पांस ऑपरेटिव सहित, बाढ़ से प्रभावित लोगों को बचाने के प्रयास में जुटे हुए हैं।

पाकिस्तान: पीएसी ने तैय्यबा गुल उत्पीड़न मामले में प्रधानमंत्री के पूर्व सचिव को किया तलब

इस्लामाबाद,एजेंसी। पाकिस्तान की लोक लेखा समिति (पीएसी) ने तैय्यबा गुल उत्पीड़न मामले में प्रधानमंत्री के पूर्व सचिव आजम खान को 11 अगस्त को उसके समक्ष हाजिर होने का समन जारी किया है।

मीडिया रिपोर्ट में गुरुवार को यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के अनुसार पीएसी ने 11अगस्त को पूर्व सचित आजम की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किये है। उन्होंने कहा कि आजम को पीएसी के समक्ष पेश होकर अपनी बात रखने के लिए कहा गया है। समिति ने तैय्यबा गुल को भी पीएसी की बैठक में शामिल होने के लिए कहा है।

पीएसी 11 अगस्त के बीच राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो, बस रैपिड ट्रांजिट (पेशावर), बैंक ऑफ खैबर में भ्रष्टाचार, मलम जब्बा, बिलियन ट्री सुनामी और खैबर पख्तूनख्वा में अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा सरकारी हेलीकॉप्टर के उपयोग से संबंधित मामलों है।

बाइडन और चिनफिंग राष्ट्रपति के तौर पर बृहस्पतिवार को पांचवी बार वार्ता करेंगे

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके चीनी समकक्ष शी चिनफिंग राष्ट्रपति पद पर रहते हुए बृहस्पतिवार को पांचवी बार सीधी बातचीत करेंगे। इस दौरान दोनों नेता जटिल रिश्तों के भविष्य पर चर्चा करेंगे। पहले ही अमेरिका और चीन के संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं।

व्हाइट हाउस ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच अमेरिका के पूर्वी तट समयानुसार सुबह साढ़े आठ बजे बातचीत होगी और बाद में उसकी जानकारी दी जाएगी।

गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच नवीनतम तनाव अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निम्न सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव की स्पीकर नैंसी पेलोसी की संभावित ताइवान यात्रा को लेकर पैदा हुआ है। ताइवान स्वशासित द्वीप है जिसे चीन अपना हिस्सा मानता है। चीन ने कहा कि वह इस यात्रा को उकसावे की कार्रवाई के तौर पर देखेगा। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने बुधवार को कहा था कि यह अहम है कि बाइडन और शी नियमित संपर्क में रहें। व्हाइट हाउस में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए किर्बी ने कहा, राष्ट्रपति सुनिश्चित करना चाहते हैं कि राष्ट्रपति शी के साथ संवाद के रास्ते खुले रहें क्योंकि वे इसकी जरूरत महसूस करते हैं।

उन्होंने कहा, ऐसे मुद्दे हैं जिन पर हम चीन के साथ सहयोग कर सकते हैं और ऐसे मुद्दे भी हैं जिन पर टकराव और तनाव है। बाइडन और शी ने आखिरी बार रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले के कुछ समय बाद मार्च में बातचीत की थी। किर्बी ने कहा, ह्यह्ययह दुनिया में सबसे अहम द्विपक्षीय संबंधों में से एक है जिसका असर दोनों देशों से परे होता है।

किर्बी ने अमेरिका और चीन के बीच तनाव के कई मुद्दे गिनाए, जिनपर बात हो सकती है। उन्होंने कहा कि बातचीत में ताइवान को लेकर तनाव...चीन का ताइवान के बाहर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आक्रामक व्यवहार, आर्थिक संबंधों में तनाव, यूक्रेन-रूस युद्ध पर चीन की प्रतिक्रिया पर चर्चा हो सकती है।

ताइवान ने पहली बार दिखाए लड़ाकू विमानों के अंडरग्राउंड बंकर

ताइवान, एजेंसी। चीन और ताइवान के बीच चल ही तनातनी के बीच ताइवान ने पहली बार गुरुवार को अपने लड़ाकू विमानों के अंडरग्राउंड बंकरों की तस्वीरें जारी की। ताइवानी वायु सेना ने अपने फेसबुक पेज पर इन तस्वीरों को जारी किया है।

माना जा रहा है कि ताइवान ने चीन को जवाब देने और लड़ाकू विमानों को हमले से बचाने के लिए जमीन के भीतर ये अंडरग्रांउड सुरंगें बनाईं हैं। ये हाईटेक सुरंगें कई एयरबेस को आपस में जोड़ती हैं।

सूत्रों की मानें तो ताइवान की वायु सेना के ये अंडरग्राउंड बंकर इतने मजबूत है कि इन पर किसी बम या मिसाइल का असर नहीं होगा। इन बंकरों के अंदर विमानों की मरम्मत के अलावा विमानों में बम, रॉकेट और मिसाइल तैनात की जाती हैं।

पहली बार सामने आई तस्वीरें: ताइवानी वायुसेना ने पहली बार दुनिया के सामने अपने लड़ाकू विमानों को संभालने वाले भूमिगत बंकरों की तस्वीर साझा की है। इससे पहले इस जगह की तस्वीरों को कभी जारी नहीं किया गया था। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि वायुसेना के इंजीनियर लड़ाकू विमानों में एंटी शिप मिसाइल तैनात कर रहे हैं।

चीन को संदेश देने की कोशिश: कुछ रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि चीन से तनाव के बीच ताइवान ने ये तस्वीरें जारी कर चीन को एक कड़ा संदेश देने की कोशिश की है। इन तस्वीरों के मायने ये है कि चीन, ताइवान की रक्षा क्षमता को कम न आंके। ज्ञात रहे कि चीन, ताइवान पर अपना हक जताता है। जबकि ताइवान खुद को एक स्वतंत्र राष्ट्र बताता है। ताइवान के साथ अमेरिका समेत कई बड़े देश खड़े हैं।

आवासीय स्कूलों में बच्चों पर हुए अत्याचार पर पोप की माफी पर्याप्त नहीं : कनाडा

क्यूबेक सिटी। कनाडा में चर्च द्वारा संचालित आवासीय स्कूलों में बच्चों पर हुए अत्याचार और यौन शोषण के मामले में कनाडा ने पोप की माफी को नाकाफी बताया। सरकार ने कहा कि अतीत में हुए बुरे बर्ताव के लिए वर्तमान में किए जा रहे सुलह के प्रयासों में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। इतनी जल्दी ये मामला सुलझने वाला नहीं है। पोप फ्रांसिस अपनी सप्ताहभर की कनाडा यात्रा के दूसरे चरण के दौरान क्यूबेक सिटी पहुंचे, जहां उन्होंने गवर्नर जनरल मैरी साइमन के आवास पर उनसे तथा प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात की। फ्रांसिस ने कहा कि वह आवासीय स्कूलों में चर्च की भूमिका को लेकर पश्चाताप की यात्रा पर आए हैं। कनाडा में कई पीढ़ियों तक मूल निवासियों के बच्चों को जबरन घर से बाहर निकालकर चर्च द्वारा संचालित और सरकार द्वारा वित्तपोषित स्कूलों में पढ़ने के लिए बाध्य किया जाता था ताकि उन्हें ईसाई मत और कनाडाई समाज में शामिल किया जा सके। कनाडा की सरकार ने कहा है कि इन स्कूलों में यौन शोषण और मारपीट आम बात थी और बच्चों को उनकी मूल मातृभाषा बोलने पर भी पीटा जाता था। चर्च द्वारा संचालित स्कूलों में बच्चों के यौन उत्पीड़न और अत्याचार को लेकर पोप फ्रांसिस ने बीते दिनों चर्च कर्मियों के इन कृत्यों के लिए माफी मांगी जो उस समय स्कूलों में काम करते थे। कनाडा में इस प्रकार के आवासीय स्कूलों का संचालन जब अंतिम दौर में था, तब ट्रूडो के पिता पियरे ट्रूडो प्रधानमंत्री थे।

इराक में मुक्तादा अल-सदर के समर्थकों ने संसद पर धावा बोला

बगदाद, एजेंसी

बगदाद। इराक की राजधानी बगदाद में मौलवी मुक्तादा अल-सदर के सैकड़ों समर्थकों ने प्रधानमंत्री के एक प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार के नामांकन के विरोध में उच्च सुरक्षा क्षेत्र का घेरा तोड़ते हुए संसद भवन पर धावा बोला है। बीबीसी ने गुरूवार को यह रिपोर्ट दी हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रदर्शनकारियों ने जब संसद भवन पर धावा बोला उस समय संसद में कोई सांसद मौजूद नहीं था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए पानी की बौछार की और आंसू गैस के गोले दागे। इस अति सूरक्षा वाले क्षेत में विभिन्न देशों के दूतावास सहित कई महत्वपूर्ण इमारते हैं।

एक सुरक्षा सूत्र ने बताया कि सुरक्षाबलों ने शुरू में प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए संसद पर धावा बोल दिया।

इराक के प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-कदीमी ने प्रदर्शनकारियों से इमारत को खाली करने की अपील की है। वहां मौजूद भीड़ को गाना गाते, नृत्य करते और टेबलों पर लेटे हुए देखा गया। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष अक्टूबर में हुए चुनाव में श्री अल सदर के राजनीतिक गठबंधन ने सबसे अधिक सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन राजनीतिक गतिरोध के कारण वे सत्ता में नहीं है।

फिलीपींस भूकंप: चार लोगों की मौत, 131 घायल

मनीला। फिलीपींस में भूकंप से अब तक चार लोगों की मौत हो गयी और 131 लोग घायल हो गए हैं।

फिलीपींस में स्थानीय समयानुसार कल सुबह आठ बजकर 43 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.3 मापी गई थी। भूकंप का केन्द्र उत्तरी फिलीपीन प्रांतों के आब्रा, लुजोन और मेट्रोपॉलिटन मनीला में था।

राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार भूकंप के तेज झटकों से ज्यादातर 26 से 60 उम्र के लोग घायल हुए है। करीब 1200 लोगों को सुरक्षित घरों से बाहर निकाला गया और 567 लोग खुद घरों से सुरक्षित बाहर निकल कर आए। प्रशासन ने 21 निकासी केन्द्र स्थापित किए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को आए भूकंप से छह प्रांतों और 27 शहरों के 12,945 लोग प्रभावित हुए हैं। भूकंप के तेज झटकों से कुल 868 घरों और 17 बुनियादी सुविधाओं को नुकसान पहुंचा है।

दक्षिण कोरिया में कोरोना के 88,384 नये मामले



सियोल, एजेंसी। दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के 88,384 नए मामले सामने आए हैं, इसके साथ ही देश में इस बीमारी से प्रभावितों की संख्या बढ़कर 19,535,242 हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने गुरूवार को यह जानकारी दी हैं।

कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) के अनुसार नये मामलों में 425 बाहर से आये लोगों के मामले शामिल है। इसी के साथ इस बाहर से आये लोगों के मामलों की संख्या अब 43,103 हो गयी है।

केडीसीए के अनुसार देश में इस बीमारी के गंभीर रोगियों की संख्या 196 हैं।

उन्होंने बताया कि इस दौरान महामारी से 15 और लोगों की मौत हुई है। कोविड -19 से अब देश में 24,957 लोगों की मौत हो चुकी। वर्तमान में कुल मृत्यु दर 0.13 प्रतिशत है।

जापान में मंकीपॉक्स के दूसरे मामले की पुष्टि

टोक्यो, एजेंसी। जापान में मंकीपॉक्स के दूसरे मामले की पुष्टि हुई है। जापानी मीडिया रिपोर्ट में गुरुवार को यह जानकारी सामने आयी है।

समाचार एजेंसी क्योडा के मुताबिक मंकीपॉक्स से संक्रमित व्यक्ति की उम्र 30 से 40 वर्ष के बीच है। वह हाल ही में विदेश से टोक्यो लौटा है। मंकीपॉक्स से संक्रमित व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती किया गया है और उसके जीवन को कोई अभी कोई खतरा नहीं है। उल्लेखनीय है कि जापान में कुछ दिन पहले मंकीपॉक्स का पहला मामला सामने आया था। इस वायरस से संक्रमित होने से पहले व्यक्ति कुछ दिन पहले विदेश से स्वदेश लौटा था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 23 जुलाई को मंकीपॉक्स के प्रकोप को अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555